सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 16 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 132, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1200 अंकों की उछाल

चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ गया। } 10

पाकिस्तान के साथ संबंध पूरी तरह से रहेंगे द्विपक्षीय : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत का संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेगा। इसमें कतई कोई बदलाव नहीं होगा। } 12

संक्षेप

पुलवामा में मुठभेड़ तीन आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा के नादेर त्राल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी ने बताया कि जवाबी कार्वाई में तीन आतंकवादी मारे गए। आतंकियों की पहचान और उनके संगठन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

भाजपा नेता का अश्लील वीडियो हुआ लीक

बलिया। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता बब्बन सिंह रघुवंशी का एक कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। यह वीडियो एक मांगलिक कार्यक्रम (बारात) का बताया जा रहा है। वीडियो में भाजपा नेता एक नर्तकी के साथ कथित रूप से अश्लीलता करते नजर आ रहे हैं। रघुवंशी 1993 में भाजपा के टिकट पर जिले के बांसडीह विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। बलिया के भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने बृहस्पतिवार को कहा है कि पार्टी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है तथा संबंधित नेता के विरुद्ध कार्वाई की जायेगी। बब्बन सिंह रघुवंशी रसड़ा की किसान सहकारी मिल के उपसभापति हैं। रघुवंशी ने इस वीडियो के प्रसारित होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह वीडियो फर्जी है तथा उनकी छवि खराब करने की साजिश रची गई है। उन्होंने इसके पीछे पार्टी के ही कुछ लोगों की साजिश होने का दावा करते हुए जिले के बांसडीह क्षेत्र की विधायक केतकी सिंह और उनके परिवार का पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है।

चकबंदी विभाग के चार कर्मचारी गिरफ्तार

संभल। जिले में पुलिस ने 58 फर्जी व्यक्तियों को 326 बीघा सरकारी जमीन अवैध रूप से आवंटित करने से जुड़े भूमि धोखाधड़ी मामले में चकबंदी विभाग के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने पत्रकारों को बताया कि यह धोखाधड़ी गुन्नौर थाना क्षेत्र में हुई। चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने सुखैला गांव में जमीन की हेराफेरी की, जिसे आधिकारिक तौर पर निर्जन घोषित किया गया था। लेखपाल कुलदीप सिंह ने प्रारंभिक शिकायत दर्ज की, जिसके बाद 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जांच में पता चला कि सभी 58 लाभार्थियों के नाम और पते फर्जी थे। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि चकबंदी विभाग के चार कर्मचारियों की पहले ही मौत हो चुकी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के मंत्री विजय शाह को फटकारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को बृहस्पतिवार को फटकार लगाते हुए कहा कि जब देश में ऐसे हालात हैं उस वक्त किसी मंत्री के मुख से निकला एक-एक शब्द जिम्मेदारी भरा होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शाह के वकील से कहा आप (याचिकाकर्ता) किस तरह के बयान दे रहे हैं? आप सरकार के एक जिम्मेदार मंत्री हैं। पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। यह पीठ शुक्रवार को शाह की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 14 मई के आदेश को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने शाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने शाह के वकील से कहा जब देश ऐसे हालात से गुजर रहा है, तो ऐसे में किसी मंत्री के मुख से निकला प्रत्येक वाक्य या शब्द जिम्मेदारी भरा होना चाहिए। पीठ ने कहा ऐसे संवैधानिक पद पर बैठे लोगों से संयम बरतने ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाकिस्तान में सुरक्षित नहीं परमाणु हथियार, आईएईए करे निगरानी

एजेंसी

श्रीनगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के हाथ में परमाणु आयुधों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत पाकिस्तान द्वारा किये जाने वाले न्यूक्लियर ब्लैकमेल को सहन नहीं करेगा तथा सीमापार आतंकवाद का करारा जवाब दिया जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए रक्षा मंत्री ने सैनिकों से बातचीत में कहा कि इस अभियान ने आतंकी संगठनों और पाकिस्तान में उनके आकाओं को स्पष्ट तौर पर बता दिया कि वे खुद को कहीं भी सुरक्षित न समझें। सिंह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का संकल्प कितना मजबूत है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने पाकिस्तान की परमाणु धमकी पर भी ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा पूरी दुनिया ने देखा है कि पाकिस्तान ने कितने गैरजिम्मेदाराना तरीके से कई बार भारत को परमाणु धमकी दी है। सिंह ने कहा मैं पूरी दुनिया के सामने यह प्रश्न उठाना चाहता हूं कि पाकिस्तान, जो कि एक दुष्ट और गैर जिम्मेदार देश है, क्या उसके हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। आईएईए वैश्विक परमाणु आयुध निगरानी संस्था है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ इतिहास में की गई सबसे बड़ी कार्वाई बताया। उन्होंने कहा, पिछले 35-40 वर्ष से भारत सीमा पार से होने वाले आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया को यह स्पष्ट कर दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले को अंजाम देकर भारत के मस्तक को चोट पहुंचाने और देश की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की छाती पर चोट पहुंचाई गई और उसके जख्मों का एकमात्र इलाज आतंकी संगठनों को पनाह देना बंद करना तथा अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देना ही है। इक्कीस वर्ष पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पाकिस्तान यात्रा को याद करते हुए सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने घोषणा की थी कि अब उसकी सरजमीं से आतंकवाद को नहीं फैलाया ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में स्थापित होंगे पांच सीड पार्क

○ ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य की सराहना ○ 71 ग्रामीण विधानसभाओं में 100 करोड़ की लागत से बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के 5 क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में सेना के शौर्य पर धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर मंत्रियों ने प्रधानमंत्री एवं भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम पर

○ नागरिक उड्डयन निदेशालय के संविदा कर्मियों को राहत, पारिश्रमिक का होगा पुनर्निर्धारण

अभिनंदन प्रस्ताव पास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 10 अहम प्रस्ताव पास हुए। योगी कैबिनेट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं के प्रति धन्यवाद जताते हुए अभिनंदन प्रस्ताव को पास किया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के प्रति उत्तर प्रदेश की मंत्रिपरिषद एवं जनता की ओर से अभिनंदन प्रस्ताव

पारित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख को प्रदर्शित किया है। मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के शौर्य, साहस और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका हृदय से अभिनंदन करती है। नागरिक उड्डयन विभाग के 18 पायलट समेत विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों का वेतन बढ़ा दिया गया है। इन कर्मियों की दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबके लिए सातवां वेतन लागू कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन निदेशालय के संविदा कर्मियों को राहत योगी सरकार ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर-तकनीकी कार्मिकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए इन संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पायलट, विमानन अभियंता, क्वॉलिटी मैनेजर, अपर निदेशक (तकनीकी), प्रबंधक (परिचालन), चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी सहित अन्य पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों पर लागू होगा। मंत्रिमंडल ने दुग्ध नीति में बदलाव का फैसला लिया है। इससे पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत मिलेगा। इस फैसले से डेयरी सेक्टर के छोटे निवेशको को लाभ होगा। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए अनुदान राशि भी इतनी ही प्राविधानित है। इस निर्णय से राज्य में दुग्ध उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

○ दुग्ध नीति में बदलाव का फैसला, अमृत योजना अंतर्गत निकायों का अंश को घटाने का प्रस्ताव पास

मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश में पांच सीड पार्क बनाने पर प्रस्ताव पास हुआ है। इसमें पहला पार्क लखनऊ के अटारी में बनाया जाएगा। इसके साथ ही अमृत योजना मे निकाय के अंश कम किए गए। इससे निकायों को बड़ी राहत मिलेगी। उत्तरप्रदेश में सीड पार्क स्थापित करने को मंजूरी मिली है। यह सीड पार्क भारत रत्न पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह के नाम पर होगा, लखनऊ में 130.63 एकड़ भूमि पर 251 करोड़ 70 लाख के व्यय से इस पार्क की स्थापना की जायेगी। अमृत योजना अंतर्गत निकायों के निकाय अंश को घटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। अमृत योजना 1 में 7 निकायों के 90 करोड़ धनराशि के निकाय अंश ...शेष पृष्ठ 10 पर

मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले में बृहस्पतिवार सुबह असम राइफल्स ने मुठभेड़ के दौरान 10 उग्रवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है।

यहां एक अधिकारी ने बताया कि चंदेल जिले के पहाड़ी इलाके में भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक यह मुठभेड़ हो रही है। ये इलाका राज्य की राजधानी इंफाल से 130 किलोमीटर दूर है और बहुत कम आबादी वाला क्षेत्र है। कोहिमा स्थित रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया, बृहस्पतिवार सुबह भी अभियान जारी है, और इसके खत्म होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी। जब उग्रवादियों की पहचान के बारे में पूछा गया तो केंद्रीय सुरक्षा अधिकारी ने कहा, सैनिक अभी भी अभियान जारी रखे हुए हैं और उग्रवादियों की पहचान की पुष्टि होना बाकी है। सेना की पूर्वी कमान ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा भारत-म्यांमा सीमा के पास चंदेल जिले की खेंगजॉय तहसील में न्यू समताल गांव के समीप कुछ हथियारबंद लोगों की गतिविधि के संबंध में खुफिया जानकारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में हादसों के दौरान 19 की मौत

○ दर्जनों घायल ○ लखनऊ, हरदोई बलरामपुर में भीषण एक्सीडेंट

विशेष संवाददाता

लखनऊ (उप्र)। उत्तर प्रदेश के लिये बृहस्पतिवार हादसों का दिन रहा। राज्य की राजधानी लखनऊके साथ-साथ हरदोई और बलरामपुर समेत विभिन्न जिलों में दुर्घटनाओं में 19 लोगों की मौत हो गयी तथा दर्जनों अन्य घायल हो गये।

सबसे बड़ा हादसा आज सुबह लखनऊ स्थित किसान पथ पर मोहनलालगंज के पास हुआ जहां एक निजी बस में अचानक आग लगने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा का कहना है कि लगभग 80 यात्रियों को लेकर बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में सुबह लगभग पांच बजे गियरबॉक्स में शॉर्ट सर्किट

के कारण आग लग गई। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। दमकलर्मियों के तमाम प्रयासों के बावजूद इस घटना में पांच यात्रियों लक्खी देवी (55), सोनी महतो (26), देवराज (तीन), साक्षी (दो) और मधुसूदन (21) की मौत हो गयी। वर्मा ने बताया कि इस हादसे में कई अन्य लोग घायल भी हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती पुलिस जांच में पता चला है कि बस का आपातकालीन द्वार खराब हो गया था जिससे यात्री पीछे के हिस्से में फंस गए। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

अवैध गतिविधियों में लिप्त चार पुलिसकर्मी निलंबित

बलिया। जिले में चार पुलिस कर्मियों को अवैध गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में निलम्बित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) में तैनात सिपाही विश्वविजय सिंह, बांसडीह रोड थाने पर तैनात दीवान चंद्रशेखर यादव, नगर कोतवाली में तैनात सिपाही मनीष शुक्ल और बलिया शहर के सतनी सराय पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही सुनील कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अवैध गतिविधियों में लिप्त होने को लेकर जानकारी प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि निलम्बित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

भारत में निर्माण बंद करे एप्पल : ट्रंप

कंपनी ने खारिज किया प्रस्ताव, जारी रखेगा उत्पादन

एजेंसी

नयी दिल्ली/दोहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक से भारत में आईफोन का उत्पादन बंद करने और इसके बजाय अमेरिका में आईफोन बनाने को कहा है।

एप्पल अमेरिका में स्मार्टफोन का उत्पादन नहीं करती है। इसके अधिकांश आईफोन चीन में बनाए जाते हैं, जबकि भारत में स्थित संयंत्रों में सालाना लगभग चार करोड़ इकाई (एप्पल के वार्षिक उत्पादन का लगभग 15 प्रतिशत) का उत्पादन होता है। राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में स्थानीय विनिर्माण पर जोर दे रहे ट्रंप ने कहा कि एप्पल अमेरिका में

अपना उत्पादन बढ़ाएगी। कतर की राजधानी दोहा में ट्रंप के बयान के तुरंत बाद, भारत सरकार के अधिकारियों ने एप्पल के अधिकारियों से बात की। उन्होंने भारत के प्रशासनिक अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि भारत के लिए एप्पल की निवेश योजनाएं बरकरार हैं और कंपनी भारत को अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखती है। अमेरिकी के राष्ट्रपति ने दोहा में व्यापार गोलमेज सम्मेलन में कहा कि उन्हें एप्पल के सीईओ टिम कुक के साथ थोड़ी समस्या है। मैंने कुक से कहा है कि मैं नहीं चाहता कि आप भारत में आईफोन ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	35.06 डिसे.
न्यूनतम	:	25.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ अमृत-2 में निकायों की देय अंश राशि घटा (पृष्ठ-02)
○ तीन आईएएस व कई पीसीएस अफसरों के तबादले (पृष्ठ-02)
○ भारत में दोगुनी रफ्तार से बढ़ेगी कच्चे तेल की मांग (पृष्ठ-10)
○ 187 स्टार्टअप को आयकर छूट का मिलेगा लाभ (पृष्ठ-10)
○ रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 डॉलर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर भारतीय शिक्षण संस्थानों ने बनायी दूरी, कई हवाई अड्डों ने सेलेबी से खत्म किया करार

भारत में तुर्किये का बहिष्कार, कई समझौते रद्द

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध का संघर्ष विराम तो हो चुका है लेकिन अब इस युद्ध में अलग-अलग देशों द्वारा निभायी गयी भूमिका का विस्तार से अवलोकन किया जा रहा है, और जिसने इस युद्ध में भारत का साथ दिये उसे दोस्त और जिसने भारत के विरोध में पाकिस्तान का साथ दिया उसे दुश्मन की नजर से देखा जा रहा है। इस क्रम में भारत में पाकिस्तनी ड्रोन का हमला एक अहम भूमिका है, जिसमें बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने हमलों के लिए तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। जिसके चलते अब तुर्किये को भारत का जबरदस्त विरोध झेलना पड़ रहा है। जहां एक ओर लोग स्वयं ही तुर्किये से बने उत्पाद का बहिष्कार कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सरकार ने भी सबक सिखाने का मन बना लिया है।

दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल ने जमीनी रख-रखाव और माल ढुलाई परिचालन के लिए तुर्किये की कंपनी सेलेबी के साथ अपना करार औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया है। इससे पहले विमानन नियामक बीसीएएस ने कंपनी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। दिल्ली हवाई अड्डे पर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जमीनी रख-रखाव और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड माल ढुलाई टर्मिनल कार्यों की देखरेख कर रही थीं। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने बृहस्पतिवार को सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने बयान में कहा कि बीसीएएस के निर्देश का अनुपालन करते हुए उसने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर जमीनी रख-रखाव और माल ढुलाई परिचालन के लिए जिम्मेदार सेलेबी कंपनियों के साथ अपने करार को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया है। बयान के अनुसार, इसके बाद, डायल कर्मचारी कल्याण की सुरक्षा करते हुए निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर काम कर रही है। 14 जनवरी को जेएनयू की ओर से तुर्किये के ...शेष पृष्ठ 10 पर

सेवा, संस्कृति व स्वावलंबन में मंगल दलों की भूमिका सराहनीय : धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेशभर से आये युवक एवं महिला मंगल दलों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। मुख्य सेवक संवाद कार्यक्रम के तहत आयोजित इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने मंगल दलों की सराहना करते हुए कई अहम घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगल दल न केवल सामाजिक सेवा और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को भी जीवंत बनाए हुए हैं। उन्होंने घोषणा

की कि मंगल दलों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि अब 4,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मंगल दलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार विशेष नीति तैयार करेगी, जिसके तहत उन्हें ऋण सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत और एकता का प्रमाण : मंत्रिपरिषद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी मंत्रिपरिषद ने बृहस्पतिवार को एक बधाई प्रस्ताव पारित किया, जिसमें उसके और प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा गया कि यह अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ उसके मजबूत रुख का प्रदर्शन है। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, कि प्रस्ताव में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन की सराहना की गई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ उसके मजबूत रुख का प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद ने भारतीय सेना की वीरता और साहस की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई दी।

प्रस्ताव में कहा गया है, कि पूरे उत्तर प्रदेश को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। खन्ना ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन की खातिर राष्ट्र को सफल नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और ऑपरेशन सिंदूर हमारी ताकत और एकता तथा देश की रक्षा के लिए हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा, कि मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के शौर्य, साहस और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका हृदय से अभिनंदन करती है। राष्ट्र की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों पर पूरे उत्तर प्रदेश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए मंत्रिपरिषद राष्ट्र को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती है।

- **यूपी कैबिनेट में लिये गये निर्णय**

खन्ना ने बताया कि बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सभी राज्य मंत्रियों और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों की मौजूदगी में प्रस्ताव पारित किया गया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया जिसके तहत में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तानी कार्रवाइयों का भारतीय पक्ष ने कड़ा जवाब दिया। भारतीय सेना ने 26 सैन्य ठिकानों पर हमला करने के पाकिस्तान के प्रयासों के जवाब में 10 मई को मिसाइलों और अन्य लंबी दूरी के हथियारों से आठ पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को निशाना बनाया। दोनों पक्षों ने 10 मई को अपराह्न में सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर सहमति की घोषणा की थी।

सूबे में सीड पार्कों के निर्माण से हजारों को मिलेगा रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच सीड पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

लोक भवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आयोजित मंत्रिपरिषद बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के पांच क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। सीड पार्क (बीज पार्क) माध्यम से बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, स्पीड ब्रीडिंग व हाइब्रिड लैब जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार इन सीड पार्क में निवेश करने वाले बीज के व्यवसायियों को विभिन्न रियायतें प्रदान करेगी, ताकि निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। बीज उद्योगों को 30 वर्ष की पट्टे पर पर भूमि दी जाएगी, जिसे आवश्यकता अनुसार 90 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक सीड पार्क से करीब 1200 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 3000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। समूचे प्रदेश में पांच सीड पार्क की स्थापना से 6000 प्रत्यक्ष एवं 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही करीब 40,000 बीज उत्पादक किसान इन पार्क से सीधे तौर पर जुड़ेंगे। शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा कृषि राज्य है जिसका कुल कृषि क्षेत्रफल 162 लाख हेक्टेयर है। यहां हर वर्ष करीब 139.43 लाख कुंतल बीज की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान में इसकी पूर्ति में प्रदेश को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। सीड पार्क की स्थापना से यह निर्भरता समाप्त होगी और स्थानीय स्तर पर किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उचित दामों पर उपलब्ध होंगे।

आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्राम पंचायतों को विकास व अनुरक्षण कार्यों के लिए दी जाने वाली धनराशि का बंटवारा 90 प्रतिशत कुल जनसंख्या व 10 प्रतिशत अनुसूचित जाति व जनजाति की जनसंख्या के भार को देखते हुए किया जाता है। ऐसे में 1500 से कम आबादी वाली ग्राम पंचायतों को विकास व अनुरक्षण कार्यों को काफी कम धनराशि मिल पाती है। ऐसे में अब अगर वह स्वयं के संसाधन से आय (ओएसआर) अर्जित करेंगे तो उन्हें पंचायत प्रतिपूर्ति व प्रोत्साहन योजना के लिए अतिरिक्त धनराशि राज्य सरकार देगी।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 10 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। गुरुवार को पंचायतीराज विभाग के इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी। जनसंख्या के आधार पर वित्त आयोग की धनराशि दिए जाने के कारण कम आबादी वाली ग्राम पंचायतों को विकास एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए कम धनराशि मिल पाती है। जिसके कारण आवश्यक व्यय जैसे ग्राम प्रधान का मानदेय, बैठक, पंचायत सहायक का मानदेय, सामुदायिक शौचालयों पर व्यय, शासकीय भवनों व सार्वजनिक स्थलों के विद्युत देयकों का भुगतान, ओडीएफ प्लस के कार्यों, पेयजल योजनाओं, हैंडपंप के रखरखाव एवं पशुओं के चारे की व्यवस्था के उपरांत काफी कम धनराशि या फिर शून्य धनराशि विकास कार्यों व अनुरक्षण के लिए बच पाती है। भारत सरकार की ओर से पंचायतों द्वारा स्वयं के संसाधनों से आय अर्जित करने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर 1500 तक आबादी वाली ग्राम पंचायतें जिन्हें केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के तहत कम धनराशि प्राप्त हो रही है। ऐसी ग्राम पंचायतों को ओएसआर अर्जित करने पर पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि राज्यांश मद से उपलब्ध कराई जाएगी।

पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना मद में ग्राम पंचायतों को धनराशि गत वर्ष में ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त ओएसआर के आधार पर आवंटित की जाएगी।

प्रयागराज, हापुड़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और खीरी में निवेश परियोजनाओं का रास्ता साफ

प्रदेश में पांच औद्योगिक इकाइयों को सरकार ने लेटर आफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। इससे मेगा श्रेणी की ये इकाइयां अब अपनी निवेश परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ा सकेंगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी। प्रयागराज के बारा तहसील में जेके सीमेंट 71 करोड़ रुपये की लागत से जल आधारित पेंट प्लांट का शुभारम्भ करने जा रहा है। अगस्त महीने में पेंट प्लांट से उत्पादन की शुरूआत होगी। जिसके माध्यम से 150 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। मून बेवरेजेस लिमिटेड हापुड़ द्वारा 469.61 करोड़ के वास्तविक निवेश के साथ 19 दिसंबर 2023 से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसे लेटर ऑफ कम्फर्ट प्राप्त होने के बाद औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन की छूट, अनुदान एवं वित्तिय सुविधाएं प्राप्त होने लगेंगी। सिल्वस्टन पल्प एंड पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण में 30.93 करोड़ के निवेश के साथ 30 सितंबर 2025 तक तृतीय एवं 30 अक्तूबर 2027 तक चतुर्थ चरण को पूरा करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड लखीमपुर खीरी द्वारा शराब, देशी शराब अनाज आधारित डिस्टलरी मध्यांचल में तीन चरणों में 399.74 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके तहत प्रथम चरण का निवेश हो चुका है। वहीं अक्तूबर 2025 तक द्वितीय चरण एवं सितम्बर 2027 तक तृतीय चरण का कार्य होना है। चांदपुर इंटरप्राइजेज लिमिटेड, बिजनौर द्वारा 273.9 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ बिजनौर में विभिन्न प्रकार के पेपर उत्पादन संयंत्र के प्रथम चरण की स्थापना की जा चुकी है। द्वितीय एवं तृतीय चरण के कार्य को पूरा करने के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

नागरिक उड्डयन निदेशालय के संविदा कर्मियों को राहत

योगी सरकार ने नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर-तकनीकी कार्मिकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए इन संविदा कर्मियों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पायलट, विमानन अभियंता, क्वॉलिटी मैनेजर, अपर निदेशक (तकनीकी), प्रबंधक (परिचालन), चीफ ऑफ फ्लाइट सेफ्टी सहित अन्य पदों पर कार्यरत संविदा कर्मियों पर लागू होगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जबसे सातवां वेतन आयोग लागू हुआ है, इन कर्मियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट के स्लैब को 2.5-7 लाख से बढ़ाकर 5-10 लाख कर दिया गया है। को-पायलट का वर्तमान स्लैब 1.25 लाख से 6 लाख के स्थान पर 3 लाख से 7 लाख कर दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत पायलटों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस पर 5 करोड़ 27 लाख रुपए का अतिरिक्त व्यय आएगा।

अमृत-2 में निकायों की देय अंश राशि घटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने शहरों में विकास कार्य तेजी से कराने के लिए अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफारमेशन (अमृत-2) में निकायों की देय अंश राशि घटा दी है। निकायों की अंश राशि को घटाकर क्रमशः आठ, चार व दो प्रतिशत कर दिया गया है।

इस फैसले के चलते निकायों के पास अब विकास के लिए ज्यादा धनराशि उपलब्ध हो सकेगी।इसी के साथ अमृत-एक की बची हुई 21 परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए निकायों की 89.81 करोड़ रुपये देय अंश राशि को राज्य वित्त अयोग से देने का फैसला किया गया है।

इससे पौराणिक व धार्मिक स्थलों पर बचे हुए कामों को तेजी से पूरा कराने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने अमृत में काम कराने के लिए केंद्रए राज्य व निकायों की अंश राशि तय कर रखी है। प्रदेश के अधिकतर निकायों की माली हालत खराब है। इसलिए वे अपना हिस्सा नहीं दे पाते हैं, जिसके चलते विकास कार्य में बाधा आ रही है। इसीलिए निकायों की हिस्सेदारी कम करने का फैसला किया गया है।

10 लाख से अधिक आबादी वाले निकायों के लिए केंद्र 25, राज्य सरकार 60 और निकाय की देय अंश राशि 15 प्रतिशत थी। इसे घटाकर क्रमशः 25, 67 और 8 प्रतिशत कर दिया गया है। 10 लाख से कम आबादी वाले निकायों में निकाय अंश राशि 10 प्रतिशत से कम कर 4 प्रतिशत कर दिया गया है। एक लाख से कम आबादी वाले निकायों में निकाय अंश राशि 10 प्रतिशत से कम कर 2 प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने अमृत-एक योजना बंद कर दी है।

इस योजना में 60 निकायों में कुल 328 परियोजनाएं स्वीकृत हुई थीं। इनमें से 307 पूरी हो चुकी हैं और 21 अभी चल रही हैं। इसे पूरा कराने के लिए निकायों को 89.81 करोड़ निकाय अंश राशि देनी है, लेकिन उनकी माली हालत ठीक न होने की वजह से नहीं दे पा रही थीं। इसीलिए इस पैसे को राज्य वित्त आयोग से देने का फैसला किया गया है।

दुग्धशाला नीति में संशोधन नीति को हरी झंडी मिली

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 में संशोधन के प्रस्ताव को हरी झंडी प्रदान कर दी है। इस संशोधन के तहत नई दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए पूंजीगत अनुदान को 35 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है, जिसमें अधिकतम अनुदान राशि पांच करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए अनुदान राशि भी इतनी ही प्राविधानित है। इस निर्णय से राज्य में दुग्ध उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस निर्णय से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की तरह ही दुग्ध उत्पादन इकाइयों की तरफ भी निवेश में वृद्धि हो सकेगी। दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि इस निर्णय से दुग्ध उत्पादन व उसके प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और कम से कम 5000 लोगों को सीधे रोजगार हासिल होगा।

100 करोड़ की लागत से बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने इसे पंचायत उत्सव भवन का नाम दिया है। प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में इन उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाएगाए जिस पर 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान है। प्रत्येक उत्सव भवन पर 1५41 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। इसमें उत्तर प्रदेश मातृ भूमि यजना के अंतर्गत दानदाता द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 7 सदस्यीय कमेटी द्वारा पंचायत उत्सव भवन की भूमि चिह्नित की जाएगी।

एमपी के मंत्री विजय शाह के खिलाफ प्राथमिकी उचित : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में आपत्तिजनक बयान देने पर मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने को उचित ठहराया है। मायावती ने बृहस्पतिवार को एक्स पर लिखा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ संचालित आपरेशन सिंदूर की जानकारी देश के साथ साझा करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश के मंत्री ने अभद्र टिप्पणी की। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कल देर रात मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई जो उचित है लेकिन भाजपा ने कोई कदम नहीं उठाया। मायावती ने अपने पोस्ट में कहा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ अदालत से पहले राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा जो जनहित व देशहित में नहीं है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने कर्नल कुरैशी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले का मीडिया की खबरों के आधार पर बुधवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक को मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

तीन आईएएस व 51 पीसीएस अफसरों के हुए तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तीन आईएएस और 51 पीसीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से गुरुवार की दोपहर आदेश जारी किया गया। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से एसीईओ इन्वेस्ट यूपी का अतिरिक्त पदभार वापस ले लिया गया है। उनकी जगह मथुरा के नगर आयुक्त रहे शशांक चौधरी को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी बनाया गया है। संयुक्त मैजिस्ट्रेट झांसी देवयानी को बरेली का मुख्य विकास अधिकारी व जग प्रवेश को मथुरा का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा पीसीएस अफसरों में पंकज वर्मा जो अब तक एडीएम फाइनेंस महाराजगंज थे, उन्हें मथुरा का नया एडीएम फाइनेंस बनाया गया है। पीसीएस अर्चना द्विवेदी जो एडीएम प्रशासन सहारनपुर थीं, उनको एडिशनल कमिश्नर आजमगढ़ बनाया गया है। पीसीएस सलिल कुमार पटेल एडीएम सिटी अयोध्या थे, उनको सहारनपुर का नया एडीएम फाइनेंस बनाया गया है। पीसीएस रजनीश कुमार मिश्रा जो कि एडीएम फाइनेंस सहारनपुर थे, उनको शाहजहांपुर का नया एडीएम प्रशासन बनाया गया है। पीसीएस संतोष कुमार सिंह जो की एडीएम फाइनेंस शामली थे, को बरेली का नया एडीएम फाइनेंस बनाया गया है। पीसीएस प्रशांत कुमार भारती एडीएम प्रशासन बुलंदशहर को महाराजगंज का नया एडीएम फाइनेंस बनाया गया है। योगानंद पांडेय जो कि अभी तक एडीएम फाइनेंस मथुरा थे, उनको एडीएम सिटी अयोध्या बनाया गया है। इसके अलावा सुरेन्द्र प्रसाद को अपर आयुक्त बस्ती, धीरेन्द्र प्रताप अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमरोहा, सलिल कुमार को अपर जिलाधिकारी वि. रा. सहारनपुर, अमिताभ को अपर जिलाधिकारी न्यायिक उन्नाव, मायाशंकर को अपर जिलाधिकारी न्याायिक बांदा के अलावा कई अन्य पीसीएस अफसरों के भी स्थानान्तरण हुए हैं।

भारत के अंदरूनी मामलों में दूसरे देश का हस्तक्षेप स्वीकार्य नही

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश के लिए शांति सर्वोपरि है लेकिन संप्रभुता सबसे ऊपर है। भारत के अंदरूनी मामलों में किसी दूसरे देश का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है, यही हमारे संविधान और लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। संप्रभुता हमारी सबसे बड़ी पहचान है।

अमेठी में गुरूवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सीमाएं सुरक्षित रहें और देश आर्थिक रूप से शक्तिशाली बने इसके लिए सरकार को ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। सरकार सीमाओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें, जिससे फिर किसी तरह की घुसपैठ और सुरक्षा में चूक न हो। सीमा पर सुरक्षा इंतजाम इतना बेहतर होना चाहिए जिससे चूक की कोई गुंजाइश न हो। सीमाएं जितनी सुरक्षित होंगी देश उतना आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पहले भी सुरक्षा में कई बार चूक हो चुकी है। भाजपा सरकार चूक, फूट, और लूट के लिए जानी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जश्न जीत का मनाया जाता है, सीज का नहीं। भाजपा के लोग देश की जनता को धोखा देना चाहते है। जनता जागरूक और समझदार है। समय आने पर भाजपा को सबक सिखाएगी। यादव ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के भाजपा सरकार के मंत्री की शर्मनाक टिप्पणी और बलिया के बीजेपी नेता के वायरल वीडियो से भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने उजागर हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी सेना के सैन्य अभियान को देश और दुनिया के सामने लगातार ब्रीफ कर रही थीं। सेना के सैन्य अभियान की ब्रीफिंग करने वाली बहादुर कर्नल के बारे में भाजपा सरकार के मंत्री का इस तरह का बयान बेहद निंदनीय है। भाजपा के मंत्री का बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी का ही नहीं बल्कि देश की हर नारी का अपमान है। भाजपा के ये मंत्री सदैव से भाजपाई और उनके संगी साथियों के नारी विरोधी सोच के मुखपत्र रहे हैं। इस अवसर पर एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अमेठी में गुमशुदा है। जब भाजपा ही भाजपा की सगी नहीं है तो उनके साथ गये दल बदलू और एहसान फरामोश लोगों के लिए भाजपा कितना सगी होगी। जिन लोगों ने सपा से पाला बदलकर धोखा दिया है। अब वह दोबारा नहीं जीत पाएंगे, क्योंकि वे एहसान फरामोश, दगाबाज और दल बदलू हैं। ऐसे लोगों की कहीं जगह नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सपा 2027 के विधानसभा की तैयारी जमीन पर कर रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। जानकारी मिली है कि गोमती रिवर फ्रंट पर लगाने के लिए लाया गया फव्वारा भाजपा सरकार में चोरी हो गया। फव्वारा चोर लोग अब सत्ता में नहीं आयेंगे।

सेमीकंडक्टर उत्पादन में यूपी की बड़ी छलांग, 3706 करोड़ का निवेश

- **एचसीएल-फॉक्सकॉन मिलकर बनाएंगे आधुनिक चिप्स, रोजगार और तकनीकी विकास को मिलेगा बढ़ावा**
- **जेवर में लगेगा नया सेमीकंडक्टर प्लांट**

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के जेवर में एक और नया और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना में एचसीएल और फॉक्सकॉन कंपनियां साझेदार होंगी। दोनों कंपनियां मिलकर कुल 3706 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर निर्माण का हब बनाएगी। इससे न सिर्फ आर्थिक विकास होगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी बल मिलेगा। जेवर को एक प्रमुख तकनीकी क्षेत्र के रूप में विकसित करने का हमारा सपना अब साकार हो रहा है। यह प्लांट यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित होगा। यहां मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण किया जाएगा। इस यूनिट में हर महीने लगभग 20,000 वेफर्स और 3.6 करोड़ चिप्स तैयार किए जाएंगे, जो भारत की डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

17 को आयोजित होगी संगठन सृजन कार्यशाला

5 स्तरीय संगठन सृजन कर 2027 के रण में उतरेंगे : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूरे देश में चलाये जा रहे संगठन सृजन अभियान को उत्तर प्रदेश में भी उसी मजबूती से चलाने एवं उसे और अधिक बल देने के लिए आगामी 17 मई को वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में एक संगठन सृजन कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के जिला/शहर अध्यक्षगण, जिला संयोजक एवं समस्त फ्रंटल, विभाग एवं प्रकोष्ठों के चेयरमैन सम्मिलित होंगे।

कार्यशाला के विषय में बताते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन के प्रभावी सृजन के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का सम्बोधन प्रदेश के पदाधिकारियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और संगठन को समझने की नई दृष्टि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हम जमीनी स्तर पर एक ऐसा सशक्त संगठन तैयार करना चाहते हैं जो भाजपा सरकार के इस कुशासन के खिलाफ जनता की आवाज बने। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उप्र कांग्रेस कमेटी प्रतिबद्ध है कि अहमदाबाद अधिवेशन के दिशा निर्देशों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए। हम बूथ स्तर तक पांच स्तरीय (जिला, मण्डल, ब्लाक, न्याय पंचायत, बूथ) संगठन का सृजन कर 2027 के रण में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिशा निर्देशों के अनुरूप हम ना सिर्फ मुख्य संगठन बल्कि सभी फ्रंटल, विभाग और प्रकोष्ठों को मजबूत करेंगे और मुख्य संगठन और इनमें एक बेहतर समन्वय स्थापित करायेंगे।

कार्यशाला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, सत्य नरायण पटेल, नीलांशू चतुर्वेदी, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देसाई, एआईसीसी महिला कांग्रेस की चेयरमैन अलका लांबा, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब, एनएसयूआई के अध्यक्ष वरूण चौधरी, एआईसीसी मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, एआईसीसी सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी वॉर रूम प्रभारी एवं सांसद शशिकांत सैंथिल, एआईसीसी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द, एआईसीसी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया, एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन, सांसद इमरान प्रतापगढ़ी सम्बोधित करेंगे।

वरिष्ठ बुद्धिजीवियों को अनिल दुबे ने दिलायी सदस्यता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर पूर्व सैनिक कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोज कुमार पाण्डेय, साधन सहकारी समिति कुनेरा सीतापुर के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाशंकर मिश्रा और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटर कॉलेज हरदोई के पूर्व प्रधानाचार्य मिश्रीलाल पटेल को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद इन लोगों ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीतियों तथा पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में चलने का संकल्प लिया।

एनजीओ से जुड़ी महिलाएं बनेंगी रेशम सखी, करेंगी कीट पालन

विशेष संवाददाता (vol)

- **रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी समूहों की दीदियां**

लखनऊ। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा।

इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी।

इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग द्वारा 50,000 स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आगामी पांच वर्षों में रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए अनुबंध किया जा चुका है। इस मसौदे व अनुबंध को अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी गई है।

शहतूत रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने के लिए 14 सदस्यीय दल जिसमें राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन प्रोफेशनल सम्मिलित हैं, का तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया जा चुका है।

टसर रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने के लिए जनपद सोनभद्र से 17 सदस्यीय दल, जिसमें रेशम सखी एवं मिशन स्टाफ सम्मिलित हैं, का तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची, झारखंड में आयोजित किया जा चुका है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना में रेशम उत्पादन पर कार्य करने के लिए 7500 समूह सदस्यों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश के 15 जनपदों में सघन रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

संक्षेप

डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

बकेवर, इटावा। कस्बे के औरैया रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में डीजे पर पहले गाना बजवाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, दोनों ओर से जमकर कुर्सियां चली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। बारात चढ़ने तक पुलिस तैनात रही। कस्बे के औरैया रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में तीन दिन पूर्व लड़की के शादी समारोह में डीजे पर पहले अपनी पसंद का गाना लगवाने के लिए दो पक्ष आपस में भिड़े जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर प्रचलित हो रहा है, प्रचलित विडियो का समर्थन नहीं करता है। प्रचलित हुए वीडियो के संबंध में बताया जाता है कि बकेवर कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बरात आई हुई थी। डीजे पर बराती और घराती पक्ष डांस कर रहे थे। तभी एक पक्ष ने गाना बदलने के लिए कहा तो दूसरे पक्ष के एक युवक ने अपनी मर्जी का गाना बजाने के लिए कहा। पहले दोनों युवकों के बीच गाली-गलौज होने लगी और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी जमकर कुर्सियां चली। गेस्ट हाउस में मारपीट होते ही भगदड़ मच गई और पुलिस भी मौके पर पहुंची। झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। उधर मारपीट करने वाले पुलिस को देखते ही भाग गए। बताया जाता है कि पुलिस शांतिपूर्ण ढंग से शादी समारोह संपन्न कराया। पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया।

ट्रकों की भिड़ंत में ड्राइवर सहित दो घायल

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर गांव छोटी फुफई के पास ईटो से लोड ट्रक में चूना से लोड ट्रक टकराने से ड्राइवर सहित दो लोग घायल हो गए। झारंखड में रहने वाला ट्रैक ड्राइवर औरंगजेब पुत्र अख्तर और अफताफ के साथ चूना से लोड ट्रेक लेकर जा रहा था तभी बुधवार देर रात इकदिल इलाके में आगे चल रहे ईंटो से लोड ट्रैक के आचानक ब्रेक लेने पर पीछे से आ रहा चूना लदा ट्रैक टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे चल रहे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रेक के केविन में फसकर ड्राइवर व कंडेक्टर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केविन में फसे दोनों को निकलवाकर जिला अस्पताल भिजवाया।

नहर में नहाते समय डूबा युवक, मिला शव

इटावा। भरथना क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द निवासी एक युवक की मल्होसी नगर पुल पर नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक आलोक यादव (28) अपने साथियों के साथ पूजा सामग्री का विसर्जन करने गया था। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों लल्लन यादव और रामजनक यादव ने बताया कि गांव में आयोजित भागवत कथा के समापन पर भंडारे के बाद पूजा सामग्री को नहर में विसर्जन के लिए कई ट्रैक्टरों द्वारा मल्होसी नगर पुल पर ले जाया गया था। अधिकांश लोग सामग्री विसर्जित कर लौट गए, लेकिन आलोक यादव अपने चार साथियोंकृदीपू, शिवशंकर, सोनू और किशनकांत के साथ नहर में नहाने लगा। नहाते समय आलोक गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में उसके साथी भी पानी में उतरे, लेकिन खुद के डूबने के डर से बाहर निकल आए। देखते ही देखते आलोक पानी में समा गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, थाना प्रभारी, साम्हों चैकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। नहर का जलस्तर कम कर शव की तलाश तेज की गई। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद ग्राम साम्हौ के एक युवक ने पुल के पास से आलोक का शव बाहर निकाला।

किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी

बकेवर, इटावा। ग्राम मानपुरा में एक किशोरी ने घर के अंदर गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बकेवर थाना क्षेत्र की लखना चैकी क्षेत्र के ग्राम मानपुरा निवासी अनिल कठेरिया को 16 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने बुधवार देर रात घर में कमरे के अंदर फंदे पर लटकी मिली। सुबह जब परिजन जागे तो अंदर कमरे में किशोरी को कुंडे से फंदे पर लटके देखा।

ट्रक और कार की टक्कर में पांच की मौत

आठ घायल, 13 बारतियों को लेकर लौट रही थी अर्टिगा कार

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। बारतियों से भरी कार ट्रक से आमने सामने भीषण टक्कर हो गई जिसमे कार में सवार 5 बारतियों की दर्द नाक मौत हो गई 8 गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस नें ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ज्ञातव्य हो कि गोण्डा जनपद के धाने पुर थाना अंतर गत मध नगर से श्रावस्ती जनपद के बुढ़नी गाँव में बीती रात वारात गई थी। इर्टिगा कार को सुबह और किसी बारात में शामिल होने के लिए प्रयाग राज पहुंचना था। जब कार वापस होने लगी तो 13 बाराती सवार होकर वापस घर लौटने लगे। इसी बीच रात 2 बजे के तकरीब बलरामपुर जनपद के कोतवाली देहात छेत्र के चकवा गाँव के पास इर्टिका कार का ट्रक से आमने सामने भीषण टक्कर हो गई।

टक्कर इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार 13 बारतियों में से कार चालक सहित 5 की दर्द नाक मौत हो गई। 8 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे पुलिस द्वारा 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस नें ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ट्रक का चालक फरार हो गया। मृतकों में जितेंद्र कुमार पुत्र श्री प्रकाश प्रयागराज, फूल बाबू पुत्र मोहन वेलवार पुरवा थाना धाने पुर, शिव कुमार उर्फ जीवन लालपुत्र विनोद वेलवार पुरवा, विजयगौतम पुत्र बच्चा राम जुग राज पुर थाना इटिया थोक एवं 10 वर्षीयआदित्य राज पुत्र विनोद कुमार शामिल है वहीं घायलों में जितेंद्र, अजय कुमार, विनोद, विशम्भर, राघव, किशोर कुमार, महक 5 वर्ष, विकाश है जिनका उपचार चल रहा है। सभी घायल खतरे से बाहर बताये जा रहें हैं। सभी मृतकों का पोस्टमार्टम हो चुका है। शवों को पुलिस नें आवश्यक कार्यवाही करके परिजनों को सौंप दिया है।

इस्लाम में बहुविवाह की सशर्त इजाजत का हो रहा दुरुपयोग : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि इस्लाम कुछ परिस्थितियों और शर्तों के तहत एक से अधिक विवाह की इजाजत देता है लेकिन इस अनुमति का व्यापक स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि इस्लाम के शुरुआती दौर में जंग में भारी संख्या में लोगों के हताहत होने के बाद विधवाओं और यतीमों (अनाथ) के संरक्षण के लिए कुरान के तहत शर्तों के साथ बहुविवाह की अनुमति दी गई थी लेकिन इस प्रावधान का पुरुषों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। अदालत ने आठ मई 2025 को दिए अपने निर्णय में एक मुस्लिम पुरुष द्वारा कई शादियां करने और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 494 (द्विविवाह के अपराध) के तहत इनकी जटिलताओं के संबंध में कानूनी स्थिति भी स्पष्ट की। अदालत ने उन परिस्थितियों को भी स्पष्ट किया जिनमें धारा 494 लागू होगी या नहीं। न्यायमूर्ति देशवाल ने कहा कि यदि एक मुस्लिम पुरुष इस्लामी कानून के तहत पहली शादी करता है तो उसकी दूसरी, तीसरी और चौथी शादी अमान्य नहीं होगी और दूसरी शादी के लिए धारा 494 लागू नहीं होगी।

ऑटो-ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बृहस्पतिवार की सुबह एक ऑटो की ट्रक से टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के हरदौल मऊगांव के पास हुई, जब एक ऑटो रिक्शा एक डंपर ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना के समय ऑटो रिक्शा बांगरमऊसे संडीला जा रहा था।

हादसे के बाद सभी घायलों को संडीला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां छह लोगों को मृत घोषित कर दिया गया और तीन को उन्नत उपचार के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया।

मृतकों की पहचान ऑटो रिक्शा चालक रंजीत, यात्री अंकित कुमार, अरविंद, फूलजहां (महिला), निसार और एक अन्य अज्ञात महिला के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 9:45 बजे बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर हुई, जिसमें ऑटो रिक्शा में सवार चार पुरुषों और दो महिलाओं की मौत हो गई। ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

जादौन ने आगे बताया कि घायलों में एक छोटा बच्चा भी शामिल है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों घायलों को इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बारिश से पूर्व कटान रोधी कार्य पूर्ण करायें

- डीएम ने राप्ती नदी के बाएं तट पर कोडारीघाट इफेलेक्स तटबंध के निकट कटान रोधी कार्य का निरीक्षण

बलरामपुर। बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के दृष्टिगत सभी तटबंधों की मरम्मत एवं काटान रोधी कार्यों को समय से पूर्ण कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ खंड के कार्यों का निरीक्षण किया गया। डीएम ने तहसील बलरामपुर में ग्राम सेमराहाना की सुरक्षा हेतु राप्ती नदी के बाएं तट पर कोडारीघाट घाट एफ्लेक्स तटबंध के निकट कटान रोधी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डैंपर बनाने एवं परक्यूपाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया, उन्होंने कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए बारिश से पूर्व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर परियोजना का विवरण बोर्ड न लगे होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं बोर्ड लगवाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने तटबंध के मरम्मत के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीईएसटीओ, बाढ़ खंड के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

डॉ. अश्विनी कुमार के बेहतर उपचार के चलते मरीजों को मिला नया जीवनदान

बांसी सिद्धार्थनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कुशल नेतृत्व कहें या वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्विनी कुमार चौधरी की कार्यक्षमता, 50 सैंया युक्त स्वास्थ्य केंद्र बांसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्विनी कुमार चौधरी मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, तमाम मरीजों व निसहाय अवस्था में मरीजों के परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान किया गया है, इस तरह मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं व सुविधाएं मुहैया कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहे डा0 अश्विनी चौधरी के किए गए समुचित उपचार के चलते दर्जनो मरीज स्वस्थ हुए हैं, चिकित्सा अधिकारी के अथक प्रयास कर किए गए उपचार के चलते स्वस्थ होकर नया जीवन पाने वाले दर्जनों मरीजों व उनके परिजनों ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्विनी चौधरी को सराहा है।

दो अवैध मदरसे एक मस्जिद ढहाई गई

श्रावस्ती। जिले में प्रशासन द्वारा अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों और धार्मिक स्थलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज तहसील जमुनहा के ग्राम भेलागांव एवं ग्राम बनकटवा महोली में शासकीय भूमि पर बने दो अवैध मदरसों को ध्वस्त किया गया। ये मदरसे बिना किसी वैध अनुमति व मान्यता के संचालित हो रहे थे। वहीं, तहसील भिनगा के ग्राम भोजपुर में शासकीय भूमि पर बनी एक अवैध मस्जिद को भी प्रशासन ने ध्वस्त किया। उक्त कार्रवाई राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें भारी पुलिस बल की तैनाती भी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय भूमि पर कब्जा कर बनाए गए ऐसे संस्थानों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डीएम ने किया पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय टडिया बाजार में पाईप पेयजल की सुविधा, शौचालय, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, प्रयोगशाला, मल्टीपरपज हाल एवं पुस्तकालय निर्माण कार्य तथा मुख्य चिकित्सा कार्यालय के पीछे बने ए०एन०एम० सेन्टर का जिलाधिकारी डा० राजा गणपति आर० ने निरीक्षण किया गया।

दौरान निरीक्षण कराये जा रहे कार्यो को देखा गया। कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्सा कार्यालय के पीछे बने ए०एन०एम० सेन्टर को हैण्ड कराने का निर्देश दिया गया।

ग्राम विकास विभाग कार्यों की हुई समीक्षा

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने का निर्देश दिया। प्राथमिकता के आधार पर 19 पैरामीटर के अनुसार मरम्मत कार्य जुलाई 2025 के अन्त तक पूर्ण होना चाहिए। सभी खण्ड विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी क्षेत्र में निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेवे। इस दौरान आंगनबाड़ी भवन के सर्वे की प्रगति की समीक्षा भी किया गया। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी समन्वय बनाकर मरम्मत कार्य पूर्ण कराये। जर्जर व मरम्मत योग्य आंगनबाड़ी केन्द्र 08 पैरामीटर के आधार पर कराने का निर्देश दिया। ओडीएफ माडल ग्राम की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्रामों में अन्नपूर्णा भवन आर0आर0सी0 सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चयन की कार्यवाही कराये। सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किशत का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। पंचायत भवन, सीएचसी, पीएचसी मरम्मत कार्य पूर्ण हो गया है जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा उसे हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। आवास प्लन सर्वे पूर्ण कराकर पात्र लोगो को आवास स्वीकृत करने का निर्देश दिया।

वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर आयोजित

सिद्धार्थनगर- भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र में वीएचएसएनडी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महतिनियां बुजुर्ग, शाहपुर और सोहना क्षेत्र के कुल 108 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 35 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच और टीकाकरण भी हुआ। महतिनियां बुजुर्ग में एएनएम निधि रैकवार ने 35 बच्चों और 17 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया। शाहपुर में एएनएम पूनम ने 32 बच्चों और 11 गर्भवती महिलाओं की जांच की। सोहना में एएनएम सुशीला ने 41 बच्चों और 7 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बीआरटी टीम के साथ शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सोहना में गोद भराई की रस्म पूरी की। शाहपुर में श्रेया (11 माह) और रिया (17 माह) के परिजन टीकाकरण से मना कर रहे थे। अधीक्षक ने उन्हें समझाकर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। अधीक्षक ने आशा कार्यकताओं को आभा आईडी कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जन समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन में जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 01 जमीनी विवाद, 04 मारपीट से जुड़े मामले, 01 लेनदेन विवाद, 02 महिला संबंधी शिकायतें एवं 03 अन्य शिकायतें सम्मिलित थीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों को दिए। इस दौरान थाना सोनवा क्षेत्र की एक महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी को आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

आईजीआरएस समीक्षा बैठक में 41 अधिकारी सम्मानित

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और सभी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग संतुष्ट फीडबैक 80% से अधिक बनाए रखें, ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक से अनुपस्थित सेवायोजन अधिकारी का एक दिन का वेतन काटते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि आगामी बैठक में असंतोषजनक फीडबैक पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर माह अप्रैल 2025 में आईजीआरएस रैंकिंग में श्रावस्ती जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के 41 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विशेष योगदान हेतु सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम प्रवीण यादव, नाजिर चन्द्रमौली श्रीवास्तव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव और युवा उद्यमी योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीएम पीयूष जायसवाल को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

भाकियू ने मनायी टिकैत की पुण्यतिथि

श्रावस्ती। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) तहसील इकौना द्वारा ग्राम पंचायत कंजर्व में तहसील अध्यक्ष रक्षा राम यादव के कैंप कार्यालय पर किसान मसीहा महात्मा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर हवन पूजन व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष रक्षा राम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव, देवीपाटन मंडल सचिव सोम शर्मा, तहसील महासचिव समय प्रसाद चौधरी, तहसील सचिव शिवकुमार तिवारी, संगठन मंत्री राजकुमार यादव, ग्राम सभा अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद, ब्लॉक सचिव शंभू गुप्ता, कोषाध्यक्ष लालता यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमंत लाल पांडे, कन्हैया लाल यादव, डॉ. हरीश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बारात में सजावट करने वाले युवक पर चाकू से हमला

सिद्धार्थनगर-डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महतिनियां बुजुर्ग गांव में एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बुधवार की रात राम जी उर्फ जक्का चौरसिया के यहां इटवा थाना क्षेत्र के नयेनगर गांव से बारात आई थी। विक्रम यादव ने बताया कि वह शादी में फूलों की सजावट का काम करने के बाद अपनी मोटरसाइकिल पर बैठे थे। इसी दौरान अशोक नाम का व्यक्ति वहां पहुंचा। उसने विक्रम को गालियां देनी शुरू कर दीं और मारपीट की। विवाद इतना बढ़ा कि अशोक ने चाकू से हमला कर दिया। आशीष पांडेय और निसार अहमद ने जब बीच-बचाव की कोशिश की, तो उन्हें भी चोटें आईं। अशोक के साथ कुछ अन्य लोग भी थे, जिनकी पहचान नहीं हो पाई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विक्रम की स्थिति नाजुक बनी हुई है। विक्रम यादव ने डुमरियागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

धोखाधड़ी के आरोपी पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में वारंटी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। बांसी थाना पुलिस ने गुरुवार को कस्बा बांसी के पटेल नगर केचुआगढ़ से दोनों आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी बांसी पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों में हरिराम पुत्र कानपुराहे और उनका बेटा गोपाल शामिल हैं। दोनों के खिलाफ वाद संख्या 5548/2023 के तहत धारा 406 में वारंट जारी था। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामाज्ञा प्रसाद और हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव शामिल थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया गया।

दहेज हत्या के आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी पति दीपक यादव, ससुर गंगाराम यादव, देवर मनोज और सास गायत्री देवी को फजिहतवा नाला मोड़ से बुधवार को पकड़ा गया। सभी आरोपी भंवारी गांव के रहने वाले हैं। मामला थाना जोगिया उदयपुर में मुकदमा संख्या 45/2025 के तहत दर्ज है। आरोपियों पर धारा 85,80(2) बी.एन.एस और 3/4 डीपी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल बद्रीनाथ, विजय प्रजापति, राजाराम राजभर और महिला कॉन्स्टेबल सुशीला कुशवाहा की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया।

संक्षेप

पुलिस ने कच्ची के खिलाफ चलाया अभियान, मुकदमा दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस द्वारा क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टौर में चल रही कच्ची शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये कच्ची कारोबारियो के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। जिसमें एक बाल अपचारी कारोबारी सहित दो लोग धराये, जिनके पास कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस कारोबार में प्रयुक्त संसाधनो सहित भारी मात्रा में लहन भी नष्ट किया गया है। उप नि० अजय बर्मा को मुखबीर खास से सूचना मिला कि गाँव में कच्ची शराब कारोबारी बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे है। बृहस्पतिवार को अजय बर्मा दरोगा ज्ञानचन्द, बिकाश यादव, आशीस सिंह महिला दरोगा सोनी कुमारी, अंजना कुसवाहा, प्रगति यादव का० धीरेन्द्र यादव, मनोज यादव एवं प्रदीप बर्मा को साथ लेकर गाँव में पहुचे तो श्रेया कुमारी (15) पुत्री कमलेश निवासी सिक्टौर एवं सुनीता पत्नी संजय निवासी सिक्टौर को शराब बनाते घेर कर पकड़ने में सफल रहे। महिला दरोगाओ द्वारा दोनो कारोबारियो को अपने कब्जे में ले कर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस कारोबारियो के संसाधनो एवं संयत्रो को तोड़ फोड़ कर नष्ट करने के पश्चात उनके लहन को भी नष्ट कर दिया। पकड़ी गई सुनीता पत्नी संजय निवासी सिक्टौर के पास से 20 ली० कच्ची शराब यूरिया एवं नौसादर भी बरामद कर धारा 60(2) एक्साइज एक्ट एवं 274 बी एन एस के तहत मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया गया ही बाल अपचारी के खिलाफ एग्जाइज एक्ट 60 के तहत कार्यवाही की गयी है।

ट्रक ड्राइवर ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा रेलवे माल गोदाम पर ट्रक खड़ी कर जा रहे ड्राइवर को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुये दूसरे ट्रक के ड्राइवर ने ठोकर मार दी जिससे ड्राइवर घायल हो गिर गया। जिसे आनन फानन में इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया। जहाँ देर रात उसकी मौत हो गयी। ड्राइवर के पत्नी के लिखित सूचना पर पुलिस मुकदमा कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। गुलरिहा थाना क्षेत्र की एकला न० 2 बुद्ध टोला निवासी सुमन गुप्ता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित सूचना देकर बताई कि मेरे पति अरबिन्द कुमार गुप्ता (42) वर्ष राकेश कुमार जायसवाल का ट्रक चलाते थे। बुधवार को मध्याह लगभग तीन बजे अपने ट्रक को नकहा रेलवे माल गोदाम पर खड़ी कर पैदल ही जा रहे थे, अभी निमार्णधीन ओवर ब्रीज के नीचे पहुचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे अरबिन्द कुमार गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गया। जिसे अगल बगल के लोगो ने तत्काल इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती करा दिया। जहाँ देर रात मौत हो गयी पुलिस ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

तीन ग्राम पंचायत को मिलेगा दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार

चरगांवा, गोरखपुर। गरीबी और बेहतर आजीविका युक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्म निर्भर बुनियादी संरचना युक्त गांव, सामाजिक रूप से संरक्षित गांव, सुशासन युक्त गांव महिला हितैषी गांव सहित कुल नौ थीम में से किसी एक थीम या कार्बन न्यूट्रल पर आधारित पंचायत असेसमेंट इंडेक्स के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रगति व प्रदर्शन करने वाले तीन ग्राम पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया जाएगा जिसकी धनराशि एक करोड़ से तीन करोड़ से तीन करोड़ रुपए तक की होगी। उक्त उद्गार उप निदेशक (पंचायत) हिमांशु शेखर ठाकुर ने गुरुवार 15 मई को चरगांवा विकास खण्ड सभागार में, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अन्तर्गत सतत विकास लक्ष्य का स्थानीयकरण एवं कार्बन न्यूट्रल विषयक ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव व पंचायत सहायक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर आयोजक व्यक्त किया।

सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 0604642 वर्ष 1997 कहीं खो गया है। **श्रीमती शीला गौतम पुत्री कृष्णा कुमार नि.- म.नं. 539ख/989 छोटी जुगौली गोमती नगर, लखनऊ।**

पहलवानों ने दिखाया दमखम

अश्वनी ने लक्की पहलवान घुसिया को चार मिनट में ही दिखाया आसमान

सरहरी, गोरखपुर। सरहरी क्षेत्र के महराजगंज चौराहे पर गुरूवार को युवाओं के प्रेरणाश्रोत रहे स्व० राजेश यादव पहलवान की प्रथम पुण्य तिथि पर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में अनेकों पहलवानों ने दांवपेच का दम दिखाया। प्रतियोगिता में अश्वनी पहलवान रखही ने लक्की पहलवान घुसिया को चार मिनट में ही आसमान दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व राजेश पहलवान के चित्र पर पुष्पार्चन व अतिथियों को साफा पहनाने के बाद पहलवानों का हाथ मिलाकर किया गया। भोजपुरी लोकगीत बिरहा कलाकारों ने गीतों के माध्यम से दिवंगत आत्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। तदुपरांत मंद पहलवान कुसहरा, सत्तन पहलवान बुढ़ेली, सत्यबीर स्पोर्ट कालेज, अंकित मुजुरी, अनिल स्पोर्ट कालेज, ओमकेस मेहदावल, अभिषेक स्पोर्ट कालेज, इमरान धर्मपुर, अहमद धर्मपुर, हिमांशु स्पोर्ट कालेज, लक्की घुसिया, अश्वनी रखही, आदर्श गोनरपुरा, अनूप सरहरी, भोला कुसुम्ही, मनोज कुमार महराजगंज चौराहा, हरिकेश कौड़िया व बिपिन बरगदही ने दंगल में दम दिखाया।

प्रतियोगिता में भोला सरहरी एवं राहिल दिल्ली के जोड़ पर पूर्व मंत्री जितेंद्र जायसवाल उर्फ पप्पू भइया एवं अन्य कई तरफ से 20 हजार का नगद इनाम घोषित किया गया था। रेफरी की भूमिका में पहलवान दरोगा तिवारी एवं सतीश मौर्या तथा संचालन शत्रुघन राय आजमगढ़ ने किया। उक्त दंगल प्रतियोगिता में यश भारती से सम्मानित पहलवान पन्नेलाल यादव, तसद्दुक पहलवान, दीनानाथ पहलवान, सुरेन्द्र यादव, गुड्डू पहलवान सहित सैकड़ो पहलवान एवं दर्शक उपस्थित रहे।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारण: अपर आयुक्त

गोरखपुर। अपर आयुक्त (प्रशासन) कुंवर बहादुर सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों तथा विभिन्न विभागों के मध्य सीधा संवाद एवं समन्वय स्थापित करना और उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण तथा मण्डल में अधिकाधिक औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। उक्त निर्देश अपर आयुक्त ने आयुक्त सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये। इस अवसर पर उन्होंने विषयवार विस्तृत समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों का निस्तारण प्रमुखता के आधार पर करें ताकि प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो सके। बैठक में विभाग द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा ओ०डी०ओ०पी० वित्त पोषण योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2025-26 के अन्तर्गत मण्डल में कुल 739 आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष 105 बैंकों को प्रेषित, 37 स्वीकृत तथा 25 आवेदनों के अन्तर्गत 75.75 लाख रुपए का ऋण बैंको द्वारा वितरित किया गया है, ओ०डी०ओ०पी० 2025-26 में 122 के सापेक्ष 29 आवेदन बैंकों को प्रेषित 12 स्वीकृत तथा 06 आवेदनों के अन्तर्गत 31.00 लाख रुपए का ऋण बैंको द्वारा वितरित किया गया है।

मशाइख बोर्ड ने साजिद अली को सम्मानित किया

इटावा। आल इंडिया जमीअत उर राईन का युवा जिलाध्यक्ष साजिद अली राईन अशरफी को बनने पर आल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के जिलाध्यक्ष हाजी शकील अशरफी व उनकी टीम के शेख नबाव, हाजी शेख आफताब, मुमताज अहमद, कामिल कुरैशी ने शाल, फूल माला पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने साजिद अली की संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और युवाओं के बीच उनकी सक्रियता की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि साजिद अली के नेतृत्व में युवा इकाई समाज सेवा और एकता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने सभी अतिथियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए युवाओं को संगठित करने व समाज के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे। यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि समाज में सौहार्द और नेतृत्व की भावना को भी सुदृढ़ करने का प्रतीक बन गया। इस मौके पर नदीम अशरफी, लाल सिंह, अभिलाष टंडन, इंतखाब आलम राईन अशरफी, राशिद राईन अशरफी आदि लोगों ने बधाई दी है।

जिला अस्पताल में तीमारदार से मारपीट का वीडियो वायरल

इटावा। डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय, इटावा में एक बार फिर अव्यवस्था और कर्मचारियों की मनमानी चर्चा का विषय बन गई है। गुरुवार सुबह अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर तीमारदार और एक्सरे टेक्नीशियन के बीच हुई कहासुनी ने देखते ही देखते हाथापाई का रूप ले लिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे एक महिला अपने पति के साथ अल्ट्रासाउंड करवाने अस्पताल पहुंची थी। बताया जा रहा है कि चर्चा जांचने के बाद एक्सरे टेक्नीशियन राधावल्लभ ने मरीज को दवा खाकर तीन दिन बाद आने की सलाह दी। इस पर तीमारदार भड़क गया और दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई। आरोप है कि तीमारदार द्वारा टेक्नीशियन को पीछे से बोतल मारी गई, जिसके बाद अस्पताल कर्मियों ने मिलकर तीमारदार से मारपीट धक्का-मुक्की की। वायरल वीडियो में एक्सरे टेक्नीशियन और अन्य कर्मचारी तीमारदार को मारते-धक्का देते नजर आ रहे हैं। इस घटना पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. परितोष शुक्ल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट देखा जा सकता है कि तीमारदार ने पहले टेक्नीशियन पर हमला किया था। उनका कहना है कि कर्मचारियों ने केवल बीच-बचाव की कोशिश की, मारपीट नहीं की गई। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में आम गरीब लोग इलाज के लिए आते हैं, लेकिन यहां उन्हें अपमानित और प्रताड़ित किया जाता है। यादव ने दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पात्रों को मानक के अनुसार खाद्यान्न का बांटना करें सुनिश्चित

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने आदेशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत माह अक्टूबर 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण माह मई 2025 में 09 मई से 25 मई 2025 तक किया जायेगा। खाद्यान्न की विक्रेता स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उक्त तिथि तक समस्त उचित दर विक्रेताओं के यहां खाद्यान्न की उपलब्धता/प्रेषण सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि उक्त अवधी में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारको को प्रति यूनिट 2 किग्रा0 गेहूं तथा 3 किग्रा0 चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पात्रों को निर्धारित गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार खाद्यान्न के वितरण को सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण/उप नगरीय क्षेत्रों में नोडल अधिकारी की ड्यूटी उप जिलाधिकारियों द्वारा एवं महानगर गोरखपुर में नोडल अधिकारी की ड्यूटी जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा लगाई जायेगी।

गोरखपुर चिड़ियाघर के शेर पटौदी की कानपुर में मौत

गोरखपुर। गोरखपुर चिड़ियाघर से भेजे गये शेर पटौदी की बृहस्पतिवार को कानपुर चिड़ियाघर में इलाज के दौरान मौत हो गई। संक्रमण से ग्रस्त इस शेर को बेहतर देखभाल के लिए कानपुर ले जाया गया था। गुजरात के सक्करबाग प्राणी उद्यान में जन्मा यह शेर पिछले कुछ हफ्तों से बीमार था। मेडिकलरिपोर्ट में उसके यकृत और अग्न्याशय में गंभीर संक्रमण का पता चला था। गोरखपुर चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव ने बताया कि पटौदी शेर की हालत बिगड़ने पर उसे विशेषज्ञों की देखभाल में रखने के लिए कानपुर ले जाया गया था। पटौदी को 26 सितंबर 2019 को इटावा लॉयन सफारी में भेजा गया था। बाद में फरवरी 2021 में उसे मरियम नामक शेरनी के साथ गोरखपुर चिड़ियाघर लाया गया था। जब पटौदी को गोरखपुर लाया गया था तो वह लगभग आठ साल का था। अपनी दमदार उपस्थिति के लिए मशहूर पटौदी शेर को लखनऊ से रोजाना ताजा मांस उपलब्ध कराया जाता था। हाल में शक्ति नामक बाघिन की मौत और राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल द्वारा एच5 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस की पुष्टि के बाद बुधवार को गोरखपुर चिड़ियाघर से 13 नमूने भी आगे की जांच के लिए भेजे गए।

चरगांवा में भूसा दान के लिए आगेआये ग्रामीण

चरगांवा, गोरखपुर। व्यक्ति के अंदर मानवता के प्रति प्रेम सेवा भाव हो तो वही प्रेम, भाव पशु, पक्षी, पर्यावरण के भी रखेगा एक ऐसे ही लोक सेवक की पहल की चर्चा ग्रामीण अंचल में हो रही हैं जिन्होंने तपती हुई गर्म हवाओं वाली धूप में जब हरे चारे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं गो आश्रय स्थल पर रहने वाले गाय व नन्दी को भूसे के साथ साइलेज जैसे पौष्टिक आहार दिए जा सके स्थानीय जन प्रतिनिधियों सहित आम जन से भूसा दान की अपील करते हुए मुहिम चला दी जिसकी सराहना ग्रामीण इलाके खूब हो रही हैं ग्रामीण इलाके का आम जन भी इस भूषा दान कार्यक्रम में शामिल होकर मुहिम को सफल बना रहा हैं, हम जिस शख्सियत की बात कर रहे हैं वह खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह हैं। दिन गुरुवार मई 15 को ग्राम पंचायत प्रधान जंगल धूसर

राजेन्द्र निषाद द्वारा 31 क्विंटल, अजय चौहान द्वारा 11 क्विंटल, जंगल अहमद अली शाह ग्राम पंचायत प्रधान माधव प्रसाद द्वारा 21 क्विंटल, जंगल छत्रधारी ग्राम पंचायत प्रधान प्रीती निषाद द्वारा 21 क्विंटल, समाजसेवी अखिलेश निषाद उर्फ बब्लू की पत्नी श्रीमती आराधना निषाद द्वारा 11 क्विंटल व विजय शर्मा द्वारा 11 क्विंटल भूषा दान किया गया।

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

अयोध्या। जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी एवं भारतीय सेवा के अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यालय से रिकाबगंज चैराहे तक विरोध प्रदर्शन किया। रिकाबगंज चैराहे पर जब पुलिस ने कांग्रेसियों को बलपूर्वक रोका तो वहीं उन लोगों ने मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका और भाजपा विरोधी नारे लगाए। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एकत्र कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि भारत की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को बीजेपी नेता विजय शाह द्वारा आतंकवादियों की बहन बताना न सिर्फ. उनका अपमान है, बल्कि भारतीय सेना का भी घोर अपमान है। भाजपा नेता के बयान से सत्ताधारी दल का चाल चरित्र और चेहरा उजागर होता है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने अपने बयान से देश की वीरांगना बिटिया कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान करके नारीशक्ति, देश की सेना के साथ-साथ हमारी एकता पर भी चोट किया है। उनका बयान उनके छोटे और घिनौने सोच को बताता है। किसी जिम्मेदारी पद पर बैठा आदमी ऐसा अनैतिक और नफरती बयान कैसे दे सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मंत्री से तुरंत इस्तीफा लेना चाहिए या बर्खास्त कर देना चाहिए अन्यथा यही माना जाएगा कि इस ओछी बयानबाजी में उनकी भी मूक सहमति है। भाजपा नेता विजय शाह ने इतना घृणित बयान देकर भारत की एकता-अखंडता को खतरे में डालने का अपराध किया है तथा उनका बयान सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाला है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा रामदास वर्मा ने कहा भाजपा की मंत्री ने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही बेटी के विरुद्ध हमारे अधिक टिप्पणी करके सभी देशभक्तों का अपमान किया है जिसके लिए उक्त मंत्री के ऊपर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

स्काउट गाइड ने 15 दिनों में 22500 लीटर ठंडा जल रेल यात्रियों को पिलाया

अयोध्या। तपती धूप में रेल यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध करने के संकल्प को स्काउट और गाइड ने सिद्धि तक पहुंचाया है। विगत 1 मई से 15 मई तक अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने मिलकर रेल यात्रियों को 22500 लीटर ठंडा पानी निःशुल्क उपलब्ध कराया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि चार्टर्ड अकाउंटेंट सजन कुमार अग्रवाल ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। रोटरी क्लब ने स्काउट गाइड मेंटर्स को भी सम्मानित किया। सेवा की इस मुहिम में जनपद की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए शिविर के नोडल एवं जिला सचिव अनूप मल्होत्रा ने बताया की सेवा का यह पुनीत कार्य पिछले 15 वर्षों से अनवरत स्काउट गाइड करते आ रहे हैं। इस वर्ष 01 मई से 15 मई तक स्काउट गाइड ने इस मुहिम को 5-5 दिन के तीन चरणों में संचालित किया। जल सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया था।

सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से नाराज कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा

इटावा। भारतीय सेना में अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित टिप्पणी एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने से नाराज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय निर्देशनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में गुरुवार को तहसील चकरनगर प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग का एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी ब्रह्मानंद कठेरिया चकरनगर को सौंपा। विगत सप्ताह देश के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गयी थी जिससे संपूर्ण राष्ट्र में आतंकवादियों के प्रति नफरत भर गयी और संपूर्ण राष्ट्रवासियों ने इनके विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग भारत सरकार से की थी जिस पर सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया जिसकी नायिका भारतीय सेना की जांबाज सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी तथा कैप्टन व्योमिका सिंह थीं। जिन्होंने गत 7 मई की रात आतंकवादियों के अड्डों पर पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था इस ऑपरेशन में कई आतंकवादी मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को पूर्ण करने व देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाली कैप्टन सोफिया कुरैशी के प्रति मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा उनके प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके उन्होंने देश की बेटियों व सेना के मनोबल को तोड़ने का कार्य किया है और इस अशोभनीय भाषा बोलने वाले मंत्री के प्रति भारत के प्रधानमंत्री चुप हैं। संवैधानिक पद पर बैठे विजय शाह की इस अशोभनीय भाषा की जिला कांग्रेस कठोर निंदा करती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद की तहसील चकरनगर में विरोध प्रदर्शन किया गया तथा अशोभनीय भाषा बोलने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की।

मंडलायुक्त ने निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय के साथ आज जनपद अयोध्या में अयोध्या लखनऊ मार्ग पर स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के द्वार (श्री राम द्वार), अयोध्या रायबरेली मार्ग पर स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के द्वार (गरुण द्वार) व अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही वशिष्ठ कुंज योजना के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर के द्वार जिस थीम पर आधारित है उसी से सम्बंधित वाल पेंटिंग करायी जाए। इसके साथ साथ मार्गो का निर्माण राम पथ की तरह कराया जाए और कार्य में प्रगति लाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध के साथ कराया जाए। उन्होंने वशिष्ठ कुंज योजना के निर्माण कार्यों को देखते हुए कहा कि जो भी पुराने वृक्ष है उनको संरक्षित करने का प्रयास किया जाए। इसके साथ साथ निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य को पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों के विषय में संबंधित अधिकारियों से संक्षिप्त जानकारी ली। इस दौरान उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र यादव, सहायक अभियन्ता अजय मिश्रा, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉपोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई 11 के अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अयोध्या। गुरूवार की सुबह 8 बजे भारतीय सेना का नमन करते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, छात्र-छात्राओं तथा भाजपा के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सिविल लाइन गांधी पार्क से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की अगुवाई प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी ने किया। यात्रा का समापन चैक स्थित शहीद स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि से हुआ। यात्रा में शामिल लोगों के जयघोष से पूरा परिवेश देश भक्ति के रंग में डूब गया। आतंकवाद तथा पाकिस्तान के विरोध में भी जमकर नार बाजी की गई। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सेना की एकता और अखंडता के लिए यह तिरंगा यात्रा एक प्रेरणास्रोत है। हमें गर्व है। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि देशभक्ति की भावना जन-जन में जागे, यही हमारा उद्देश्य है। सेना को सलाम है। विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। हमें अपने जवानों और उनके पराक्रम पर गर्व है। विधायक अभय सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना जागृत करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि नारी शक्ति भी अब राष्ट्र सेवा में अग्रणी है। तिरंगे के लिए हर बलिदान स्वीकार है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि यह यात्रा भारत माता को समर्पित है। देश विरोधी ताकतों को एकजुट होकर जवाब देना होगा। यात्रा के सहसंयोजक पूर्व सैनिक प्रदीप सिंह ने कहा कि हमारी एकता ही हमारी ताकत है। शहीदों की कुर्बानी को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। यात्रा के उपरान्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन विधानसभा, ब्लाक, नगर निगम स्तर पर भी किया जाएगा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से सेना के वीर जवानों के प्रति हम अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते है। मौके पर गुरुद्वारा सभा के सरदार सुरेन्द्र गांधी, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह, अभिषेक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, यात्रा संयोजक शैलेंद्र कोरी, पूजा रावत सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
अनपरा तापीय परियोजना

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई-निविदा सूचना सं0: 01/जा0अ0ख0-1/अताप/2025-26, अनपरा 'अ' तापीय परियोजना के कोयला संचालन क्षेत्र स्थित कन्वेयर 6अ-6ब, 5अ-5ब, 4अ-4ब एवं 3अ-3ब के छतों पर जी0एस0 शीट लगाने के कार्य हेतु आन लाइन ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक: **14.05.2025** को प्रकाशित किया गया है। अनुमानित लागतः **रु0 38,95,833.80**, अवधि: **04 माह**, धरोहर धनराशिः **रु0 78,000.00**, ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **04.06.2025 (17:00 बजे तक)** है।
2. ई-निविदा सूचना सं0: 132/सीएफ-471/ क0ख0-1/ अबताप/ अनपरा/2025-26, 3x210 मे0वा0, अताप, अनपरा हेतु गेट वाल्वस एवं एन0आर0वी0 की आपूर्ति हेतु आन लाइन ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक: **14.05.2025** को प्रकाशित किया गया है। अनुमानित लागतः **रु0 7,22,100.00**, धरोहर धनराशिः **रु0 7500.00**, ऑन लाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांकः **05.06.2025 (14:00 बजे तक)** है।

कार्य/आपूर्ति की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। सम्बन्धित अधिकारी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।
निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट का नियमित देखते रहना चाहिए।

पत्रांकः 2072/मु0अभि0(स्तर-1)/अताप/प0/कला अनु0 — दिनांकः 15/05/2025

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

थारू महिलाओं के हुनर को मिलेगी डिजिटल उड़ान

सीडीओ ने वर्कशेड का किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। पलिया तहसील की सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत घुसकिया के बलेरा मजरे में थारू जनजाति की महिलाओं के आत्मनिर्भरता की कहानी अब नई दिशा लेने जा रही है। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने यहां एकीकृत जनजाति विकास परियोजना द्वारा संचालित थारू हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केंद्र का निरीक्षण कर महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की और उनके बाजार विस्तार की संभावनाएं टटोलीं। इस दौरान मुख्य रूप से परियोजना निदेशक (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, परियोजना अधिकारी यूके सिंह मौजूद रहे। सीडीओ के सवाल पर महिलाओं ने बताया कि हस्तशिल्प उत्पादों की रोजाना 3 से 5 हजार रुपये तक की बिक्री हो जाती है, साथ ही उन्हें एडवांस में बल्क ऑर्डर भी मिल रहे हैं। इस पर सीडीओ ने उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने इस केंद्र में एक इनवर्टर बैटरी लगाए जाने हेतु परियोजना अधिकारी यूके सिंह को निर्देशित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने इस पहल को आर्थिक स्वावलंबन की मिसाल बताते हुए कहा कि थारू समुदाय की पारंपरिक कला और कौशल को वैश्विक मंच तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन्हें प्रशिक्षण, पैकेजिंग और ब्रांडिंग के क्षेत्र में भी सहयोग दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय का भी जायजा लिया। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जल्द से जल्द इसका निर्माण पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को इसकी सुविधा मिल सके।

विद्यालय निरीक्षण: गुणवत्ता और उपस्थिति पर रहा फोकस

सीडीओ अभिषेक कुमार ने गांव के परिषदीय विद्यालय बलेरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं, पठन-पाठन, छात्र उपस्थिति, साफ-सफाई और मिड डे मील की स्थिति का जायजा लिया। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि शिक्षा की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और छात्र उपस्थिति नियमित बनी रहे।

दुधवा टाइगर रिजर्व में मिला लंबी थूथन वाला वाइन सांप

लखीमपुर खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व में भूरे रंग का लंबी थूथन वाला सांप (अहातुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस) पाया गया है, जो सरीसृप विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता है। इस दुर्लभ और रहस्यमयी प्रजाति को सोमवार को किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य के घास के मैदान में जीवित देखा गया और इसकी तस्वीरें ली गई। दुधवा के जीवविज्ञानी विपिन कपूर सैनी ने कहा, यह खोज उत्तर प्रदेश से इस प्रजाति का दूसरा जीवित रिकॉर्ड है। इससे पहले इसे दक्षिण सोनारीपुर रेंज, दुधवा टाइगर रिजर्व डिवीजन, पलिया खीरी में 2024 गैंडे के स्थानांतरण के दौरान देखा गया था। वन्यजीव जीवविज्ञानी विपिन कपूर सैनी, अपूर्व गुप्ता और रोहित रवि (वरिष्ठ जीवविज्ञानी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया) के साथ-साथ पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. तल्हा, फार्मासिस्ट संदीप और कर्मचारी भागीराम और नबीशेर खान की टीम द्वारा समन्वित बाघ-ट्रैकिंग गश्त के दौरान सांप को देखा गया था। नियमित निगरानी के दौरान जीवविज्ञानी विपिन कपूर सैनी ने पतले, लम्बे सांप को घास के मैदान के किनारे से जंगल की सड़क की ओर धीरे-धीरे चलते हुए देखा। इसके महत्व को समझते हुए, टीम ने गैर-आक्रामक फोटोग्राफिक दस्तावेजीकरण और इसका संक्षिप्त स्वास्थ्य मूल्यांकन किया, जिससे नमूने की जीवन शक्ति और शारीरिक स्थिति की पुष्टि हुई। वन रेंज अधिकारी मोहम्मद अयूब की देखरेख में सांप को उसी स्थान पर सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

संक्षेप

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कामकाज

लखीमपुर खीरी। बुधवार शाम को जिले के नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर कामकाज संभाला। श्री सिंह देवरिया जिले के मूल निवासी है, वे 2011 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। नरेंद्र बहादुर सिंह को प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। इससे पहले वे मुजफ्फरनगर व बदायूं में एडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मुरादाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और गोरखपुर, चित्रकूट, कौशांबी, तथा मऊ जैसे महत्वपूर्ण जिलों में उप जिलाधिकारी के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाई हैं। कार्यभार ग्रहण करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना और जन समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पारदर्शिता, जनभागीदारी और समयबद्ध कार्यों को प्रशासनिक कार्यशैली की आधारशिला बताया।

महिला के साथ छेड़छाड़ दो पर रिपोर्ट दर्ज

मोहम्मदी खीरी। पड़ोस में दुकान पर सामान लेने गई एक दलित महिला के साथ गांव के दो लोगों ने छेड़छाड़ की। उसके पिता को मारा पीटा। पुलिस ने दो आरोपितों के विरुद्ध छेड़छाड़ व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि 30 अप्रैल की शाम करीब सात बजे उसके गांव के पडोस मे स्थित दुकान पर घरेलू सामान लेने गई थी। वापस अपने घर आते समय रास्ते मे श्रीकृष्ण के मकान के पास पहले से घात लगाकर बैठे धर्म सिंह पुत्र ओमकार ने उसको बुरी नियत से पकड लिया तथा श्रीकृष्ण के मकान के पीछे उसके साथ छेडछाड करने लगा। शोर मचाने पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने टार्च लगाई तो विपक्षी मौके से भद्दी व जाति सूचक गालियां देते हुए भाग गया। गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष दोनों पक्षो का पूर्व मे सुलह समझौता हो गया था। जिस संबंध मे पीडिता के पिता राजबहादुर पुत्र मंगरेलाल ने विपक्षी धर्म सिंह से सुलह समझौते की एक प्रति मांगी।

पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने प्रधानमंत्री का लिखा गलत नाम

लखीमपुर खीरी। रेखा वर्मा पूर्व सांसद धौरहरा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मोटी लिखा है। रेखा वर्मा पूर्व सांसद धौरहरा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है कि मोटी जी तू आगे बढ़ो हम लोग आपके साथ हैं। पूरे देश की जनता मोटी जी के साथ है। हैरान करने वाली बात यह है कि 10 साल तक भाजपा के टिकट पर सांसद रहने वाली रेखा वर्मा को देश के प्रधानमंत्री का नाम तक लिखना नहीं आता। रेखा वर्मा पूर्व सांसद धौरहरा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि मोटी जी तू आगे बढ़ो हम लोग आपके साथ हैं पूरा देश की जनता मोटी जी के साथ है। 10 साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ सांसद रहने वाली रेखा वर्मा को अपने प्रधानमंत्री का सही नाम तक लिखना नहीं आता। गुरुवार को सोशल मीडिया पर फेसबुक पर लिखा गया चैट दिन भर वायरल होता रहा।

चोरी के तार के बंडल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को थाना फरधान पुलिस द्वारा चोरी के 07 बण्डल तार व 01 कार बरामद कर 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी दया शंकर द्विवेदी ने बताया कि फरधान पुलिस द्वारा चेकिंग/गस्त के दौरान उक्त घटना में अभियुक्तगण 1. कमलेश पुत्र राम गोपाल नि0 ग्राम अमकोटवा थाना को0 सदर खीरी 2. प्रदीप पुत्र राम सागर नि0 ग्राम अमकोटवा थाना को0 सदर खीरी, 3. दुर्गेश भार्गव उर्फ अंकित पुत्र राम सागर नि0 ग्राम रुखिया थाना खीरी जिला खीरी व 4. पुष्प कुमार वर्मा पुत्र त्रिभुवन लाल वर्मा निवासी ग्राम रुखिया थाना खीरी को चोरी के 07 बण्डल तार के साथ 01 कार डिजायर से बेचने हेतु ले जाते हुए ग्राम बौठा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि यह तार अभियुक्तगण द्वारा मैलानी थाना क्षेत्र में एक ठेकेदार के पास से काम करने के दौरान चोरी किया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 182/2025 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है तथा कार का अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0एक्ट में सीज कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

खमरिया खीरी। पशुपालन विभाग लखीमपुर खीरी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में पशु चिकित्सालय ईसानगर द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु ग्राम टेढ़ीगौढ़ी ग्राम सभा बेलागढ़ी मे टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर डॉ प्रदीप कुमार के द्वारा टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया कैम्प मे आए 107 पशुपालकों के पशुओं 850 गाय, भैंस को निःशुल्क गला घोटू टीकाकरण किया गया साथ ही पशुओं को क्रमिनाशक दवापन कराया गया। शिविर के दौरान डॉ प्रदीप कुमार द्वारा पशुपालकों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मिनी गौ संवर्धन योजना बकरी पालन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही है यह भी बताया कि आप सभी लोग पशुओं को विभाग द्वारा समय समय पर लगाए जा रहे टीके अवश्य लगवा ले जिससे बीमारियों को जड़ से खत्म किया जा सके ' विभाग द्वारा लगाया जा रहा गला घोटू

टीका जिसमें एकाएक तेज बुखार के साथ सांस लेने में परेशानी होती है एवं गर्दन के नीचे सूजन आती है यह एक संक्रामक बीमारी है जिसका टीका माह मई से अक्टूबर तक विभाग द्वारा सूचीबद्ध तरीके से विकासखंड के समस्त ग्रामों में टीम के माध्यम से निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुधन बीमा योजना के बारे में जानकारी दी, जिससे पशुपालक कम दर पर अपने पशु का बीमा करा सकते हैं, पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पशु पालन को और बेहतर तरीके से कर सकते हैं, पशुओं की नस्ल सुधार के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देसी नस्ल से भी कृत्रिम गभार्धान द्वारा अच्छी नस्ल की पडिया व बछिया पाई जा सकती हैं जिससे दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी जो किसान की आय में वृद्धि का ग्रामीण क्षेत्र में उचित माध्यम है ' इस मौसम में पशुवों को लू से बचाने के बारे में, गर्मी के मौसम में सायनाइड प्वाइजनिंग, नए भूसा के सेवन से पेट फूलने जैसी बीमारी से बचाव के बारे मे भी अवश्य जानकारी दी गई। शिविर के दौरान विभाग की तरफ से विजय कुमार यादव पशु मैत्री सूरज राज, राकेश कुमार राजपूत, राम नरेश पशु मैत्री कृष्ण कुमार, दिनेश यादव राम जीवन यादव एवं भारी संख्या में पशुपालक भाई उपस्थित रहे।

कॉरिडोर निर्माण की धीमी गति को लेकर अधिकारियों ने लगाई फटकार

विधायक ने किया कॉरीडोर का निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गुरुवार को पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण को लेकर कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा ने विधायक अमन गिरि, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, पर्यटन विभाग के सूचना अधिकारी सुचित कुमार चैधरी, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला के साथ शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। गोकर्ण तीर्थ, रिटेनिंग और बाउंड्री वॉल, यात्री प्रतीक्षालय सहित चल रहे कई कामों की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त की। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों और जेई की फटकार लगाते हुए तीन दिन के अंदर कई अन्य निर्माण पूरे और नये कार्य शुरू करने के साथ चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। गुरुवार को लगभग 11 बजे अधिकारियों का अमला छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर पहुंचा।

अधिकारियों ने विधायक अमन गिरि की अगुवाई में कॉरिडोर निर्माण के अंतर्गत चल रहे रिटेनिंग वॉल, बाउंड्री वॉल, तीर्थ कुंड, परिक्रमा स्थल, ड्रेनेज सिस्टम, नाला निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि तीन दिन के अंदर ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास कॉरिडोर का मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, बंद किए गए स्टेशन लिंक मार्ग पर जल भराव की समस्या से निजात दिलाने का खाका तैयार करने की बात कही। जीएम राजेश वर्मा ने ड्राइंग को लेकर आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला की भी फटकार लगाई। कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा ने बताया कि पौराणिक शिव मंदिर निर्माण की धीमी गति को लेकर जानकारी मिली थी। जिसको लेकर निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

कार्यदायी संस्था का कार्यालय न होने पर जताई नाराजगी

गुरुवार को कॉरिडोर निर्माण कार्यों की जानकारी लेने आए कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा ने निर्माण कार्यों की देखरेख रखने के लिए अधिकारियों के द्वारा यहां कार्यालय न खोले जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। और अधिकारियों को जल्द से जल्द यहां कार्यालय खोलने के निर्देश दिए गए। हालांकि पहले यहां ध्वस्त किए गए हंसराम मूलचंद धर्मशाला के पास कैंप कार्यालय बनाया जाना प्रस्तावित था। जीएम राजेश वर्मा ने बताया कि बिना कार्यालय के अधिकारी आपस में विचार विमर्श कैसे करते होंगे।

पहले परिक्रमा स्थल में बनाये मठ और मंदिर

पौराणिक शिव मंदिर के पास लगभग एक दर्जन मठ और मंदिर हैं। जिन्हें हटाने से पहले परिक्रमा स्थल के पास उनके मंदिर बनाए जाएंगे। मंदिर बन जाने के बाद पहले से बने मठ और मंदिरों की मूर्तियों को नए मठ और मंदिरों में स्थापित किया जाएगा। श्रद्धालु पौराणिक शिव मंदिर के साथ परिक्रमा स्थल के पास बने मंदिरों के भी दर्शन कर पाएंगे। परिक्रमा स्थल के लिए तेजी से नींब खोदी जा रही है।

किसानों की दी अधिक गन्ना पैदावार बढ़ाने की जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल द्वारा किसान चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को गन्ना से सम्बधिंत जरूरी टिप्स दिये गये। किसान चैपाल का आयोजन क्षेत्र के ग्राम मूड़ाअस्सी में प्रगतिशील कृषक प्रमोद वर्मा के यहो किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के सहायक निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी० के० कपिल, जमुनाबाद फार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० सरनाम सिंह व गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्मद अकरम एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 134 किसानों ने भाग लिया। सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ०डी० शर्मा ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों व सम्मानित कृषकों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा बताया कि इस समय गन्ना सर्वेक्षण कार्य चल रहा है, सभी कृषक बंधुओं से अनुरोध कि अपने अपने खेत पर पहुंचकर अपना सर्वे सही से दर्ज करा लें। जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

रेड क्रॉस का जनता के स्वास्थ्य के लिए एक और कदम

शाहजहांपुर - कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा शाहजहाँपुर की प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रॉस धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई। बैठक में सीतापुर नेत्र अस्पताल, शाहजहाँपुर में मरीजों के बेहतर इलाज हेतु अल्ट्राधुनिक फेंको मशीन खरीदने पर चर्चा हुई। यह मशीन मोतियाबिंद की सर्जरी को और अधिक सुरक्षित, कम समय वाली और दर्द रहित बनाएगी। इससे मरीजों को जल्दी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और अस्पताल में उपचार की गुणवत्ता बढ़ेगी। जल्द ही यह सुविधा सीतापुर नेत्र अस्पताल में उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस के सचिव डॉ विजय जौहरी ने रेड क्रॉस की संपत्ति पर ब्लड बैंक खोलने एवं आपदा प्रबंधन में रेड क्रॉस का सहयोगी भूमिका अदा करने का प्रस्ताव रखा। इस दौरान नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० विवेक कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारिय डॉ० पी पी श्रीवास्तव, रेड क्रॉस जिला सचिव डॉ विजय जौहरी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० घनश्य, रेड क्रॉस जिला प्रबंधन समिति सदस्य अनुज जौहरी, डॉ० दीपा दीक्षित, डॉ० सैयद, डॉ० एस० पी० कौशल, आजीवन सदस्य अग्रज जोहरी, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ० पुनीत टंडन आदि लोग उपस्थित रहे।

खंभे से टकरायी बाइक, दो युवकों की मौत

शाहजहाँपुर। कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र में हाई स्पीड बाइक डिवाइडर के बीच में लगे खंबे से टकराई दोनों युवकों की मौके पर मौत ।हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार इतनी तेज रफ़्तार से जा रहे थे कि दोनों बाइक से कूदकर खंबे से जा टकराये जिससे दोनों युवक टकराकर ऐसे मुड़ गए जैसे किसी ने गन्ने की तरह मोड़ कर निचोड़ दिया हो ।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों के शवो को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के सुभाष नगर फोर लेन की है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकती है ।

विधायक और सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गुरुवार को विधायक अमन गिरि ने सीएमओ डा. संतोष गुप्ता के साथ सीएचसी का निरीक्षण किया। सीएमओ डा. संतोष गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ जरूरतमंदों को मिले यह सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गोला सीएचसी पर जिले के बाद सर्वाधिक चिकित्सक तैनात हैं। डॉक्टरों से कहा कि जो मरीज यहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाते हैं, इसका रीजन भी लिखा जाए और यह भी जानकारी की जाए कि मरीज जिला अस्पताल पहुंचा कि नहीं। सीएमओ ने बताया कि लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला और लांबानगर में शीघ्र ही पीएचसी संचालित की जाएगी। बताया कि किसी भी हाल में शहर में झोलाछाप और अनरजिस्टर्ड अस्पताल संचालित नहीं होंगे,इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जो आशा बहु गर्भवती महिलाओं के परिजनों को बहला फुसला कर निजी अस्पतालों में भेज रही है, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करें। सीएससी परिसर में इंटरलॉकिंग और टाइल्स लगवाए जाएंगे। मरीज को बैठने के लिए वेटिंग एरिया का निर्माण होगा। विधायक अमन गिरि कहा सीएचसी में सफाई कर्मियों संख्या बढ़ाई जाए जिससे परिसर साफ सुथरा रह सके। विधायक ने ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित करने और सीएचसी के मुख्य गेट के निकट और वार्ड परिसर के पास टीन शेड डलवाने के लिए जेई मनीष गिरि को निर्देशित किया कि नाप जोख कर एस्टीमेट बनाएं। उन्होंने कहा कि धन की कमी आडे नहीं आएगी, अस्पताल प्रशासन को जो आवश्यकता हो वह एस्टीमेट बना कर दें। भाजपा नेता अवधेश मिश्रा ने अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित करने की मांग रखी। इस मौके एसीएमओ प्रमोद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, केके शुक्ला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, डॉ अजय वर्मा, सचिन सिंह आदि मौजूद रहे।

वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाया रेलवे स्टेशन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में शहर का रेलवे स्टेशन रंग बिरंगी लाइटों से जगमगा उठा। जो यात्रियों और शहर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। शहर के रेलवे स्टेशन का सुन्दरी करण अमृत भारत योजना के तहत कराया गया था। इसके प्रवेश और निकास द्वार एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाए गए हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर यह आयोजन किया गया था। इससे पता चलता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत, दी श्रद्धांजलि

पिपरिया धनी,खीरी। (वीओएल) किसानों के मसीहा और भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण ?यतिथि ग्राम मगदापुर में मनाई गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओ ने कहा कि चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवन भर किसानों की चिंता की है और किसानों को अपने हक की लड़ाई लड़ना सिखाया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह, युवा जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह मोनू यादव, मध्य प्रभारी बलवीर सिंह, जिलाउपाध्यक्ष हरदयाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अमरदीप सिंह, जिला युवा जिला सचिव रुस्तम सिंह, जिला संचालक जितेंद्र सिंह प्रवक्ता गुरजीत सिंह, मंडल सचिव रणधीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह मास्टर, हरिहर सिंह, युवा जिला प्रमुख महासचिव अंचल सिंह, मुख्तयार सुभाषनगर रणधीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बलजिंदर सिंह, विलमेश, अमरजीत सिंह, अनूप सिंह प्रभारी सुखदेव, मितौली अध्यक्ष जसवीर, दिलबाग सिंह, जिला महासचिव अमरजीत सिंह, हैरी गिल सतनाम सिंह, आदेश जसवंत सिंह, ओमकार सिंह आदि मौजूद रहें।

जलालाबाद विसं में सपा के आपसी टकराव के चलते दो फाड़

- चार माह पूर्व भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुई सूची कश्यप बनी वजह

शाहजहांपुर । जनपद में समाजवादी पार्टी की अंतर कलह सदैव सपा को नुकसान पहुंचती रही है लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से उपेंद्र पाल सिंह जी जान से मेहनत कर रहे थे लेकिन एन मौके पर उनका टिकट काट कर ज्योति सना कश्यप को टिकट देना सपा को भारी पड़ा और लोकसभा चुनाव 2024 में सपा को मुंहकी खानी पड़ी जब उपचुनाव हुआ तो ददरौल विधानसभा से पूर्व विधायक अवधेश कुमार वर्मा को सपा ने टिकट दिया लेकिन ददरौल से टिकट की दावेदारी ठोक रहे लखन प्रताप सिंह उनके विरोध में आ गए जिसका नतीजा यह हुआ कि अवधेश वर्मा को हार का सामना करना पड़ा और भाजपा से स्वर्गीय मानवेंद्र सिंह के पुत्र अरविंद सिंह चुनाव जीत गए वह अलग बात है कि लखन प्रताप सिंह अवधेश कुमार वर्मा को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा सके लेकिन विरोधी विरोधी होता है अब आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भी जनपद की जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है जहां बुधवार को समाजवादी पार्टी से विधानसभा चुनाव में दावेदारी ठोक रही सुची कश्यप ने जलालाबाद विधानसभा में समाजवादी पार्टी को दो फाड़ कर दिया है उनके दावेदारी ठोकने और बुधवार को पीडीए समीक्षा बैठक के बहाने अपनी ताकत दिखाने के बाद जलालाबाद विधानसभा में समाजवादी पार्टी दो फाड़ दिखी और यहां तक समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव खुलकर विरोध में आ गए और सुची कश्यप का नाम लिए बगैर सोशल मीडिया पर यहां तक लिख डाला की सपा के कुछ नेताओं ने पैसा लेकर जलालाबाद विधानसभा में कैंडिडेट उतारने का प्लान बना लिया है जिनकी मनसा कभी फलीभूत नहीं होगी, शिक्षक महासभा के राष्ट्रीय स्तर के नेता का यह बयान राजनीति में मायने रखता है आपको बता दें बुधवार को जलालाबाद के काकोरी इंटर कॉलेज में समाजवादी पार्टी भाईचारा सम्मेलन के नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें सुची कश्यप ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और भीड़ भी एकत्र हुई लेकिन समाजवादी पार्टी के पुराने कार्यकताओं में इसको लेकर विरोध भी देखा गया मंच से कुछ बक्तओ ने सूची कश्यप को जलालाबाद विधानसभा से प्रत्याशी तक संबोधित कर दिया लेकिन सपा कार्यकताओं को सुची कश्यप का जलालाबाद से विधानसभा प्रत्याशी बनना रास नहीं आ रहा है सूची कश्यप एक नर्स है और जनपद में उनके दो अल्ट्रासाउंड सेंटर और एक अस्पताल चल रहा है, यह नाराजगी का नतीजा ही था कि जलालाबाद नगर पंचायत में कार्यक्रम हो रहा था और नगर पंचायत के समाजवादी पार्टी की मजधार खींचने वाले सपा के नेता नदारत थे कार्यक्रम में जिन नेताओं का आना हुआ उनमें पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा पूर्व विधायक अवधेश वर्मा एमएलसी अमित यादव रिंकू जिला अध्यक्ष तनवीर खान और समाजवादी पार्टी के बड़े नेता सलीम इकबाल शेरवानी आबिद राजा यहां तक शिवपाल सिंह के सुपुत्र सांसद आदित्य यादव जैसे नेता मंच पर बैठे थे लेकिन लेकिन जहां कार्यक्रम हो रहा था वहां के सपा नेता कार्यक्रम से नदारत थे कारण सपा नेताओं का असंतुष्ट होना बताया जा रहा है।

नीलामी हेतु निविदा

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-1503/68-5-2023-178-2021 दिनांक-04 अगस्त 2023 एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जर्जर प्रा. वि. केवलहार विकासखण्ड मलिहाबाद के ध्वस्तीकरण हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। जिसके क्रम में दिनांक-23.05.2025 तक सायं 05.00 बजे तक डाक अथवा स्वयं के माध्यम से बन्द लिफाफे में कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी/ ब्लॉक संसाधन केंद्र चौधराना मलिहाबाद पर प्राप्त किये जायेंगे। दिनांक-24.05.2025 की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी। आवेदन एवं नियम शर्ते कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी/ब्लॉक संसाधन केंद्र चौधराना मलिहाबाद से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

(पद्म शेखर मौर्य)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
मलिहाबाद, लखनऊ

संक्षेप

बारात से वापस लौट रहे युवक पर हमला

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरायबीरू गांव निवासी उमेश यादव ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि शादी समारोह से घर वापस लौट रहे थे जैसे ही सिहौली चौराहे के निकट पहुंचा तभी रिंकू यादव व राज यादव अपने साथियों के साथ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस पीड़ित के तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। शहर कोतवाली पुलिस ने एक किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना शहर के एक मोहल्ले की है, जहां मंगलवार सुबह एक किशोरी स्कूल जाने के लिए घर से निकली, लेकिन उसके बाद से लापता हो गई परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने कोतवाली पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की कई टीमें सक्रिय हो गई। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक किसी किशोरी को महिला अस्पताल में छोड़कर भाग रहा है। तत्परता दिखाते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी रोहित कुमार गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता, निवासी शेखजादा थाना केराकत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी के खिलाफ अपहरण एवं दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया।

युवक को पीटकर किया घायल

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सोनपुर गांव निवासी श्रवण कुमार पुत्र सुभाष चंद्र ने आरोप है कि बुधवार की शाम पैसा निकालकर घर वापस लौट रहे थे कि गांव के ही दुर्गेश पुत्र लालता यादव रस्ते में रोककर गाली व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लात घुसो से मारने लगा।चीख पुकार सुन आस पास के लोगो को आता देख उसने ते दिवाल से लड़ा कर घायल कर फरार हो गया।और जाते जाते जान से मारने की धमकी दी तत्पश्चात कोतवाली पहुंच नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।पुलिस पीड़ित के तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी मनबढ़ व दबंग किस्म का है उसके ऊपर एससीएसटी मुकदमा पहले से ही चल रहा है।

राहगीरों के लिए लगाया वाटर कूलर

जौनपुर। लायन्स क्लब मेन द्वारा बढती गर्मी में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से आर.ओ. कोल्ड वाटर कूलर प्याऊ नगर के चहारसू चौराहे के पास ताड़तला मोड़ पर लगाया गया। जिससे भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचे और उन्हें शुद्ध, स्वच्छ ठंडा पानी मिल सके। जिसका शुभारंभ जीएटी एरिया लीडर डॉ0 क्षितिज शर्मा व संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। संस्थाध्यक्ष ने बताया कि लायन्स इंटरनेशनल फाउंडेशन से प्राप्त ग्रांट से इस आरओ कोल्ड वाटर कूलर प्याऊ को लगाया गया है। कहा कि भीषण गर्मी व झुलसती धूप में आम जनता के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाना लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना बहुत ही पुनीत कार्य है। इस प्याऊ शिविर से लोगों को 24 घंटे ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सोफिया पर टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

जिला संवाददाता (vol)

जौनपुर। भारतीय सेना की वीर बेटी, कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी कर भाजपा ने न केवल भारतीय सेना, बल्कि देश की नारी शक्ति और अस्मिता का भी घोर अपमान किया है। यह बात कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निकाले गए विरोध मार्च के दौरान शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कही। उन्होंने भाजपा मंत्री विजय शाह की टिप्पणी को देशद्रोह की श्रेणीष में बताया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कहा, जिस बेटी ने सेना में रहकर देश की सेवा की, उसे आतंकवादी की बहन कहना भाजपा की मानसिक दिवालियापन और महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। भाजपा का इतिहास रहा है बलात्कारियों को संरक्षण देने का द चाहे वह ब्रजभूषण शरण सिंह हों या प्रज्वल रवन्ना। उन्होंने कहा कि विजय शाह की टिप्पणी से देश की सुरक्षा और सेना का मनोबल प्रभावित हुआ है। ष्यह बयान सिर्फ एक महिला पर नहीं, बल्कि पूरे भारतीय फौज और राष्ट्र की गरिमा पर हमला है, उन्होंने कहा। विरोध मार्च में वक्ताओं ने कहा भाजपा सत्ता के नशे में लोकतंत्र और महिला सम्मान दोनों को कुचलने पर आमादा है। पर जनता सब देख रही है और समय आने पर करारा जवाब देगी। देवराज पांडेय, अरुण शुक्ला, उस्मान अली, राजीव निषाद, शोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव, विजय प्रकाश वर्मा, सुनील यादव, शहनवाज मंजूर, शशांक शेखर तिवारी एडवोकेट, जैद सिद्दीकी आदि शामिल रहे।

पं. लोकपति त्रिपाठी की जयंती पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

- लोकपति त्रिपाठी द्वारा किया गया अविभाजित मीरजापुर का विकास सदैव स्मरणीय रहेगा

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रहे पं कमलापति त्रिपाठी के सुपुत्र पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस वर्किंग कमिटी सी डब्लू सी सदस्य पं लोकपति त्रिपाठी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है। उक्त अवसर पर स्व० त्रिपाठी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा किया गया। स्व० त्रिपाठी के बारे में चर्चा करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इण्टक के पूर्व राष्ट्रीय सचिव शशि भूषण दूबे कंचनीय ने कहा कि स्व त्रिपाठी अविभाजित मीरजापुर एवं वाराणसी के विकास के धूरी रहे हैं। अविभाजित जिले मीरजापुर में कनहर परियोजना एवं बाणसागर परियोजना धधरौल बांध मझवा विधानसभा क्षेत्र में असिंचित भूमि को नलकूप लगवा कर सिंचित किया जाना कोटा शिव प्रताप सिंह एवं महुवारी कला जैसे असिंचित क्षेत्रों में लिफ्ट सिंचाई संसाधनो को विकसित किया यह उनके विकास की सबसे बड़ी धूरी थी। उन्होंने कहा कि स्व त्रिपाठी के मंत्रित्व के पूर्व सिंचाई संसाधनो स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह अविकसित थी। किसानों को भरपेट अन्न भी नहीं मुहैया होता था आम लोग भरपेट भोजन के लिए मुहताज रहते थे ऐसा तब संभव हुआ जब उनके द्वारा सिंचाई संसाधनो को पूरी तरह विकसित किया गया है। इसलिए भूखमरी से जूझने वाले मीरजापुर सोनभद्र जिले का चातुर्दिक विकास उनकी देन है।

उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे राजधर दूबे ने कहा कि स्व त्रिपाठी ने विकास की जो मैप बनाया था उसी मैप के आधार पर आज विकास के मार्ग पर लोग आगे बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रमेश चंद्र प्रजापति पप्पू ने कहा कि जिले में सुदूर दक्षिणांचल एवं गांव गिराव के लोग वेहतर स्वास्थ्य सेवाएं न होने के चलते इलाज कराने के पहले दम तोड देते थे लेकिन उन्होंने हर दस किमी दूरी पर अस्पतालों का मैप तैयार किया जिससे अब लोगों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे शशि भूषण दूबे कंचनीय, राजधर दूबे, रमेश चंद्र प्रजापति पप्पू, ओम प्रकाश पाठक बऊ, दीलिप चौबे, जिला युवक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट अंशू पांडेय, अशोक कुमार गुप्ता, राजेन्द्र प्रजापति, सुदामा सिंह पटेल, संतोष कुमार, आदि ने स्व त्रिपाठी को दो मिनट मौन होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. बृजेश श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के महामंत्री बने

जौनपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 इंद्रसेन श्रीवास्तव के निर्देश पर एक बैठक जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के परमानपुर आवास पर आयोजित हुई जिसमें उपस्थित समस्त चित्रांश बंधुओ ने सर्व सम्मति से डॉ बृजेश श्रीवास्तव को जिला महासचिव नियुक्त किया इसके बाद अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद के दूर दराज के गांव में रहने वाले समस्त चित्रांश बंधुओ को जोड़ने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा और जनपद के प्रत्येक तहसीलों व गांव में जाकर अपने चित्रांश भाइयों को एकजुट करने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव. प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव. प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद .अतुल श्रीवास्तव एडवोकेट. शिवमोहन श्रीवास्तव. मनीष श्रीवास्तव एडवोकेट. अनूप कुमार श्रीवास्तव. राजेश कुमार श्रीवास्तव. मनीष श्रीवास्तव .प्रवीण शंकर श्रीवास्तव. राजीव श्रीवास्तव. नीरज श्रीवास्तव. अश्वनी अस्थाना (संतोष). सौरभ श्रीवास्तव. नवनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने सैन्यकर्मी को पीटा

मीरजापुर। थानाअहरौरा क्षेत्र वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर वनस्थली महाविद्यालय के पास टोल प्लाजा पर सैन्यकर्मी और टोलकर्मियों में विवाद हो गया। इस दौरान टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने लाठी-डंडों से सैन्यकर्मी की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई। इस बीच मारपीट का वीडियो भी वायरल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते हैं कि नगर के कटरा निवासी सीमा सुरक्षा बल के जवान कमलेश चौहान का आरोप लगाया है कि वह अपनी शादी के लिए छुट्टी लेकर आठ मई को घर आए थे। रात कार से मित्रों के साथ घूमते हुए टोल प्लाजा के उस पार अपने दूसरे मकान पर जा रहा था। टोल प्लाजा पर टोल टैक्स को लेकर कर्मियों से विवाद हो गए। इस बीच एकजुट होकर कर्मचारियों ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सैन्यकर्मी के मित्र सुनील कुमार और मनोज पटेल को भी चोटें आई हैं। वहीं, टोल प्लाजा के कर्मचारी अंशुमान सिंह और मैनेजर अतुल सिंह भी घायल हुए। थानाध्यक्ष अजय कुमार सेठ ने बताया कि टोल बूथ पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों के हक की लड़ाई के अग्रणी नेता थे के. विक्रम राव

जौनपुर। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव के निधन की सूचना से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर जनपद पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया। पत्रकार भवन में

एक शोक सभा का आयोजन यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र ने की। शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों व गणमान्य व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि के. विक्रम राव न केवल एक निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकार थे, बल्कि पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ने वाले अग्रणी नेता भी रहे। उन्होंने हमेशा श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में पत्रकारों की आवाज को मजबूती मिली और कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। पत्रकारो की सुरक्षा की मांग उठाने वाले पहले पत्रकार और राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। जिले के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, यूनियन के पदाधिकारी व पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने उनके निधन को पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति बताया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की। पत्रकार ,प्रेम प्रकाश मिश्र, डा.0 यशवंत गुप्ता, राजन मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, कंचन सिंह, मंगला तिवारी, चंद्रमणि पाण्डेय, संजय उपाध्याय, विनोद विश्वकर्मा, अजीत सिंह सुधाकर शुक्ला, वीरेन्द्र पांडेय, आदि उपस्थित थे। संचालन महामन्त्री सन्तोष कुमार सोन्थालिया ने किया।

बलिदान दिवस के रूप में मनी पत्रकार की पुण्य तिथि

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी पत्रकार, आरटीआई एक्टिविस्ट स्व. आशुतोष श्रीवास्तव की प्रथम पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में सबरहद स्थित रामलीला मंचन स्थल पर मनाया गया। इस दौरान आजतक के पत्रकार राजकुमार सिंह, संतोष श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, पत्रकार संघ शाहगंज के अध्यक्ष विनोद साहू, महामंत्री राकेश अग्रहरि, विनोद श्रीवास्तव, आशीष मौर्य, कमला विश्वकर्मा, अमलेंद्र गुप्ता, क्राइम रिपोर्टर सुजीत मिश्रा आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। संचालन सुशील सेठ बागी ने किया। दोपहर से ही पूरे जनपद के पत्रकार और गणमान्य सहित ग्रामीण एवं शुभचिंतक जुटने लगे थे। शाम को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सभी ने वीरगति को प्राप्त पत्रकार को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा किये समाजिक कार्यों व असत्य के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धांजलि सभा के दिन पूरे सबरहद में जगह जगह पोस्टर लगाए गए थे जिसमें लिखा था आशु भईया हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा हैं। आशुतोष श्रीवास्तव जी के एक एक बूंद खून के कतरे का हिसाब लिया जाएगा। भाजपा नेता सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने इन्हें शहीद बताया। कहा भू माफिया गो तस्कर गोकशी धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते हुए अपना बलिदान दे दिया। अभी भी आरोपित खुले आम घूम रहे हैं। परिजनों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल पूरी घटना का ब्योरा दे आरोपितो को दंड दिलाया जायेगा। वहीं बलिदानी पत्रकार के बड़े भाई संतोष श्रीवास्तव, विनोद साहू, अमलेंद्र गुप्ता, राजकुमार सिंह, सुजीत मिश्रा, सर्वेश चंद्र शास्त्री आदि वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। ज्ञात हो कि

13 मई 2024 को पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की क्षेत्र के इमरानगंज चौराहे के पास दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। निर्भीक पत्रकार गांव व आसपास के गांव में हो रहे गोकशी और गो तस्करों और भू माफियाओं की खबर प्रमुखता से लिखते रहे। खबर के चलते दर्जनों तस्कर जेल में हैं या क्षेत्र छोड़ चुके हैं। इसी कारण इनके तमाम दुश्मन हों चुके थे। उक्त हत्याकांड में चार नामजद आरोपी बनाए गए थे। जिसमें से मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहा है। शासन प्रशासन उस पर कानून का शिकंजा कसने में नाकाम है। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान पत्रकार राकेश अग्रहरि, अमित श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, डॉ. आर के वर्मा, डा आलोक पालीवाल सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित रहे।

नहाने गये बालक की डूब कर मौत

मीरजापुर। थाना जिगना क्षेत्र के गोगांव गाँव के हनुमान मंदिर घाट पर सुबह साथियों के साथ नहाने गए ननिहाल में आए आठ वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिवार वालों ने अंत्येष्टि कर दिया। बताते हैं कि देहात कोतवाली क्षेत्र के सिनहर परवा गाँव निवासी संजय मांझी का लड़का गोलू अपनी मां के साथ गोगांव गाँव में शंकर मांझी के यहाँ ननिहाल में आया हुआ था। 17 मई को उसके मामा के लड़के की शादी थी। सुबह स्नान के दौरान वह डूबने लगा तो चीख-पुकार मच गई। घाट से डेढ़ किलोमीटर दूर से भागते हुए परिवार वाले घाट पर पहुंचे तब तक देर हो चुकी थी। कुछ ही देर में शव को बाहर निकाल लिया गया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मृतक की माँ सुखरानी देवी बेहोश हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। मृतक बालक दो भाइयों और एक बहन के बीच सबसे छोटा था। ननिहाल में आए बालक की मौत से शादी की खुशियाँ मातम में बदल गई। मांझी बस्ती में शोक की लहर फैल गई। प्रभारी थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि परिवार वालों ने सूचना नहीं दिया।

नपाध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

मीरजापुर। नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने रुखडघाट एवं घंटाघर वार्ड में निर्माण कार्यों का विधि-विधान से पूजन अर्चन कर लोकार्पण किया। रुखडघाट में शास्त्री ब्रिज के पास सीसी सड़क एवं नाली का कार्य एवं घंटाघर वार्ड में नाली मरम्मत एवं कवर का कार्य हुआ है। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर में यह जनसेवा का कार्य है जो नगर के विकास के संकल्पों का साकार कर रहा है, जनता की सुविधा के लिए यह मजबूत कदम है। इस मौके पर सभासद राधेश्याम गुप्ता, धीरज सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पौधरोपण समिति की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश

आजमगढ। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई।

जिलाधिकारी आजमगढ़ द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में सभी कार्यदायी विभागों से परिचय करते हुए यह पूछा गया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण लक्ष्य आप द्वारा पूर्ण कर लिया जायेगा या नहीं। सम्बन्धित विभागों द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेगा। वृक्षारोपण को पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा बैठक में वर्णित दो प्रारुपों में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी विभागों को अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण कार्य को प्राथमिकता दी जाय। जिला गंगा समिति की कार्यवाही में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम नगरीय को नोडल नामित करते हुए मुबारकपुर एवं बिलरियागंज में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की डी0पी0आर0 इस माह के अन्त तक तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त सभी नगर निकायों को निर्देश दिया गया कि जहां-जहां एस0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, वे अपने प्रस्ताव प्रेषित करना शुरू करें। कोलघाट के पास जल निकासी की समस्या की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बन्धे के किनारे वर्षा ऋतु में जल निकासी हेतु नाला बनाये जाने के प्रस्ताव पर अपर जिलाधिकारी द्वारा एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर भूमि उपलब्धता का परीक्षण करें।

उन्होने कहा कि नदी की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सभी विभागों से सहयोग एक स्वच्छता अभियान की आवश्यकता है। इस प्रयास में सामाजिक कार्यकताओं को भी आंमत्रित किया जाना चाहिये। उक्त के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड (सदस्य जिला गंगा समिति) को कार्ययोजना प्रेषित करने हेतु निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने जिला पयार्वारण समिति की बैठक के दौरान जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि चिकित्सालयों से निकलने वाले कचरे के निस्तारण हेतु संचालित एजेन्सी मानक नियमों के अनुरुप एक प्लान बनाये कि सम्बन्धित एजेन्सी की कितनी गाड़ियां कितने तहसीलवार अस्पताल को कवर कर रही हैं तथा सभी गाड़ियों में जीपीएस लगायें। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मानस आधारित चौपाइयों का अभ्यास कराया

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय चकताली, ब्लॉक सिरकोनी में चल रही ग्रीष्मकालीन रामायण गायन एवं वाचन कार्यशाला का सप्तम दिवस पूरी श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना करना है, ताकि अनुशासनहीनता पर रोक लगाई जा सके और उनका सर्वांगीण विकास हो। कार्यशाला की शुरुआत भगवान राघवेंद्र सरकार व राम दरबार की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर प्रशिक्षक अमरजीत जी, समन्वयक उषा सिंह, रीता देवी, ग्राम प्रधान ललिता यादव एवं शिक्षिका दीपा मिश्रा उपस्थित रहीं। प्रशिक्षक अमरजीत , सह-प्रशिक्षिका पूनम राव एवं कुंदन ध्यानी ने बच्चों को रामचरितमानस की चौपाइयों का शुद्ध उच्चारण व लयबद्ध गायन सिखाया। हनुमान चालीसा व मानस के प्रसंगों पर आधारित चौपाइयों का अभ्यास भी कराया गया।

रोजगार के लिए शिविर का होगा आयोजन

आजमगढ़। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी (सेवायोजन) राममूर्ति ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ब्लॉकों में तिथिवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व आफिसर ग्रेड की नियुक्ति की जायेगी। प्रत्येक विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। जिसमें विकास खण्ड मार्टिनगंज में 19 व 20 मई, ठेकमा ब्लॉक में 21 व 22 मई, पवई ब्लॉक में 23 व 24 मई, फूलपुर ब्लॉक में 26 व 27 मई, लालगंज ब्लॉक में 30 व 31 मई, पल्हना ब्लॉक में 2 व 3 जून, तरवाँ ब्लॉक में 4 व 5 जून, मेंहनगर ब्लॉक में 6 व 9 जून, मिजार्पुर ब्लॉक में 10 व 11 जून, जहानागंज ब्लॉक में 12 व 13 जून, साठियांव ब्लॉक में 16 व 17 जून, पल्हनी ब्लॉक में 18 व 19 जून, रानी कि सराय ब्लॉक में 20 व 21 जून, तहबरपुर ब्लॉक में 23 व 24 जून, मुहम्मदपुर ब्लॉक में 25 व 26 जून, अजमतगढ़ ब्लॉक में 27 व 30 जून, हरैया ब्लॉक में 1 व 2 जुलाई, बिलरियागंज ब्लॉक में 3 व 4 जुलाई, महाराजगंज ब्लॉक में 5 व 7 जुलाई, कोयलसा ब्लॉक में 8 व 9 जुलाई, अतरौलिया ब्लॉक में 10 व 11 जुलाई, अहिरौला ब्लॉक में 16 व 17 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कैम्प लगाकर किया जायेगा स्वास्थ्य परीक्षण

आजमगढ़। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन निगम एवं व्यावसायिक वाहन के चालकों/परिचालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में 19 मई 2025 से 23 मई 2025 तक प्रातः 10 बजे से 02 बजे के मध्य, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, बस स्टेशन, आजमगढ़ में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि 19 व 20 मई को रोडवेज चालकों/परिचालकों का तथा दिनांक 21 से 23 मई तक छूटे हुए रोडवेज चालकों के साथ-साथ अन्य प्राइवेट बस चालकों/परिचालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराया जायेगा।

कॉलेज में पर्यावरण शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित

जौनपुर। राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला डॉ0 नीता सिंह ने छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरणीय जागरूकता के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. मायानंद उपाध्याय ने कहा पर्यावरणीय शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिससे भावी पीढ़ी को सतत विकास की दिशा में अग्रसर किया जा सकता है। बी एड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता गुप्ता ने पर्यावरण के महत्व को बताते हुए पर्यावरणीय शिक्षा से लोगों को जागरूक होने की जरूरत बताया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ लाल साहब और बी एड विभाग के डॉ निशीथ सिंह ने भी पर्यावरणीय मुद्दों पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों से पर्यावरण के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यशाला ने उपस्थित सभी लोगों में पर्यावरण के प्रति एक नई चेतना और संवेदनशीलता जागृत की।

मीरजापुर के राजकुमार मिश्रा ने विदेश में लहराया परचम

- इंजीनियर राजकुमार मिश्रा ने लंदन के बेलिगबौरी शहर के मेयर पद की ली शपथ

मीरजापुर। जनपद के भटेवरा गांव के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले इंजीनियर राजकुमार मिश्रा ने लंदन के बेलिगबौरी शहर के मेयर पद की शपथ ली है। मंगलवार को हुए शपथ ग्रहण के बाद जैसे ही यह खबर उनके गांव पहुंची, घरवालों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। राजकुमार, जनपद के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पद तक पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। राजकुमार मिश्रा ने बीटेक की पढ़ाई चंडीगढ़ से की और फिर एमटेक के लिए लंदन चले गए। कंप्यूटर साइंस में एमटेक करने के बाद उन्होंने लंदन में ही नौकरी शुरू की। पांच वर्षों के भीतर उन्होंने वहां की नागरिकता प्राप्त की और दो महीने पहले लेबर पार्टी से जुड़कर राजनीति में कदम रखा। 3 अप्रैल को वे काउंसलर चुने गए और 12 अप्रैल को बेलिगबौरी शहर के मेयर पद की शपथ ली। राजकुमार मिश्रा के पिता मुन्नालाल मिश्रा किसान हैं और मां चंद्रकली मिश्रा गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई किशोर व सुनील मिश्रा अधिवक्ता हैं, रमेश मिश्रा विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं, विपिन मिश्रा प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर हैं और शिवजी मिश्रा शिक्षक हैं। छोटे भाई पवन किसान, सर्वेश एमडी छात्र और आकाश एमबीबीएस कर रहे हैं। बहन अनीता मिश्रा मुंबई में विवाहित हैं। राजकुमार के मेयर बनने की सूचना जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाइयां देना शुरू कर दिया। राजकुमार ने शपथ ग्रहण के बाद लंदन से एक वीडियो जारी कर सबको धन्यवाद कहा। पिता मुन्नालाल मिश्रा ने कहा, मुझे कभी नहीं लगा था कि बेटा लंदन का मेयर बनेगा, पर आज गर्व महसूस हो रहा है। भाई रमेश और सुशील ने कहा कि यह सफलता पिता जी की प्रेरणा और शिक्षा के कारण संभव हो सकी। किसान के बेटे से लेकर लंदन के मेयर बनने तक का राजकुमार मिश्रा का सफर मीरजापुर ही नहीं, पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके संघर्ष, शिक्षा और संकल्प ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

नमामि गंगे योजना के गड्ढे बने जान का खतरा

मीरजापुर। नगर में नमामि गंगे अमृत योजना के तहत खोदे गए गड्ढों ने शहरवासियों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। पक्का पुल के पास हनुमान मंदिर के समीप एक युवक बाइक सहित अंधेरे में गड्ढे में गिर गया। गड्ढे के आसपास न तो बैरिकेडिंग थी और न ही कोई सूचना बोर्ड। लोगों ने युवक को सुरक्षित निकाला, लेकिन मोटर साइकिल गड्ढे में बुरी तरह फंस गई। घटना रात लगभग 8 बजे की है। इस तरह हो रही घटनाओं से नमामि गंगे के अधिकारियों और कार्यरत कंपनी की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

बैठक में सम्मानित किये गये पेंशनर संगठन के पदाधिकारी

मीरजापुर। कोषागारों की समीक्षा बैठक में माननीय वित्त मंत्री जी उ०प्र० शासन द्वारा जारी निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित किया गया। ऐसे पेंशनर जो कोषागार मीरजापुर से पेंशन प्राप्त कर रहे है. उनकी मृत्यु के पश्चात उनके वारिसों द्वारा ससमय कोषागार में सूचना प्राप्त नहीं कराने के कारण अधिक भुगतान की स्थिति बन जाती है. इस दशा में संगठनों के पदाधिकारियो के माध्यम से कोषागार में मृत्यु की सूचना प्राप्त कराये जाने हेतु चर्चा किया गया, साथ ही बैठक में तीन वर्ष से कम अनुगतानित पेंशन प्रकरण जो जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित है. पर भी विचार विमर्श किया गया। पेंशनर संगठनों के माध्यम से यह अपेक्षा की गयी की पेंशन बैंक खाता से नियमित आहरण, ससमय मृत्यु की सूचना तथा ससमय जीवन प्रमाण पत्र आनलाइन व आफलाइन दिये जाने हेतु ग्रमीण स्तर पर प्रचार-प्रसार कराये, साथ ही उ०प्र० पेंशनर्स कल्याण संस्था शाखा जनपद मीरजापुर के संगठन के द्वारा मुख्य कोषाधिकारी मीरजापुर तथा नव निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया, जिसमें प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष , डॉ० डी०एल० श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महानन्द चौधरी, जिला मंत्री आदि उपस्थित रहें

संक्षेप

जमीनी विवाद में महिला की पिटाई, दी तहरीर

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में मारपीट व घर में आगजनी की धमकी को लेकर पीड़िता ने बुधवार की शाम पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के फत्तेशाहपुर सराय जानमती गांव की पैंसठ वर्षीया तारावती पत्नी रामसुमेर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर बीते बुधवार को गांव के कुछ लोग लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ धमके और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। जिससे पीड़िता को गंभीर चोटें आ गयीं। वहीं आरोपियों ने घरेलू सामानों में तोड़फोड़ करते हुए जानलेवा धमकी भी दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियो ने घर में आग लगाकर पूरे परिवार को समाप्त करने की ऐलानियां धमकी भी दी है। घटना से पीड़िता व परिवार के लोग डरे सहमे हैं। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

दो वांछित धराये, भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने गश्त के दौरान दो वांछित को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा गिरीशधर दुबे गुरूवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिरी सूचना पर बोझवा तिराहे के पास घेराबंदी करके दो वांछित को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार वांछित हरिश्चंद्र सरोज पुत्र झुर्री सरोज व उसके पुत्र अजय सरोज निवासी मिसिरमऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

किशोरी के अपहरण को लेकर तीन पर केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती तेरह मई की रात गांव के नत्थे व उसके पुत्र नसीम तथा पप्पू पुत्र अज्ञात बहला फुसलाकर उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को कहीं भगा ले गये। पीड़ित ने अपहृत पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका भी जतायी है। आरोपीगण जानलेवा धमकी भी दे रहे हैं। एसओ राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद नत्थे समेत तीन लोगों के खिलाफ अपहरण व धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

हरा पेड़ काटे जाने पर ठेकेदार पर हुआ जुर्माना

प्रतापगढ़। अवैध रूप से हरा पेड़ काटे जाने पर वन विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ आठ हजार रुपए का जुर्माना ठोंक दिया है। क्षेत्र के पण्डित का पुरवा सराय जगत सिंह में हरा नीम का पेड़ ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से काटे जाने की शिकायत ग्रामीणों ने वन विभाग के अफसरों से की थी। वन क्षेत्राधिकारी लालगंज एसपी मिश्र ने बताया कि जांच में शिकायत सही पाये जाने पर अमावां निवासी ठेकेदार दीपू पर आठ हजार का जुर्माना किया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जल ही जीवन है: जिला जज

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, राघव नगर के सौजन्य से अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश श्री राम मिलन सिंह के साथ प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बद्री विशाल पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इफ्तेखार अहमद, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ब्रजेश मणि त्रिपाठी, सचिव/अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी व सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक, विशाल सिद्धार्थ, मुख्य प्रबन्धक शैलेश कुमार राय तथा सिंहासन गिरि, अध्यक्ष सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन द्वारा वाटर कूलर का लोकार्पण फिता काट कर किया गया। जनपद न्यायाधीश ने भीषण गर्मी में पेयजल सुविधार्थ वाटर कूलर को आम जनमानस को समर्पित करते हुए कहा कि वाटर कूलर लग जाने से अधिवक्तागण एवं वादकारियों को राहत मिलेगी। स्वच्छ जल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

विरासत के साथ बन रहा अमृत रेलवे स्टेशन

जिला संवाददाता

देवरिया। गुरुवार, देवरिया अमृत रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सदर सांसद शशांक मणि और वाराणसी जोन के डिविजनल रेल मैनेजर विनित श्रीवास्तव ने प्रगति का जायजा लिया। सबसे खास बात यह है कि देवरिया अमृत स्टेशन के निर्माण में सांसद शशांक मणि ने नई पहल करते हुए इसकी डिजाइन को रेलवे विभाग के समन्वय से थोड़ा बदलाव किया। जिसमें देवरिया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए स्टेशन पर भित्ति चित्र, टीवी स्क्रीन, लाइब्रेरी के लिए जगह, प्रतीक्षालय में देवरिया को प्रदर्शित करने वाले चित्र, स्टेशन का सौंदर्यीकरण, फुट ओवर ब्रिज की डिजाइन में बदलाव कर स्टेशन का निर्माण शुरू हुआ। आज इसी निर्माण प्रगति को लेकर सांसद देवरिया शशांक मणि ने विधिवत पूजन के साथ प्रगति कार्य की समीक्षा की।

इसके साथ ही सांसद शशांक मणि ने जनता की लंबे समय से हो रही मांग को देखते हुए कसया ढाले पर रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर डीआरएम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया और बनने वाले अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर निर्देशित किया। कसया ढाले के पास लंबित माल गोदाम शिफ्टिंग का भी जायजा लिया और अधिकारियों से इस काम को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बता दें कि देवरिया माल गोदाम को शिफ्ट कर अहिल्यापुर ले जाने का प्लान इसलिए, सांसद शशांक मणि अधिकारियों के साथ अहिल्यापुर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डीआरएम के साथ सीधे बैतालपुर स्टेशन गए और गोविंदपुर रेलवे अंडर ब्रिज बनाने को लेकर निरीक्षण किया इस प्रक्रिया में आज की ही नहीं बल्कि 10 साल में देवरिया की जनसंख्या और आवश्यकताओं पर भी 'अमृत प्रयास' के तहत चर्चा हुई ताकि भविष्य की योजना तैयार हो सके। इस मौके पर गति शक्ति के चीफ इंजीनियर आईसी सुभाष, गति शक्ति के डिप्टी चीफ इंजीनियर वाराणसी, रमेश पांडेय के साथ कई अधिकारी गण मौजूद रहे। इसके साथ ही बीजेपी नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, गोल्डेन पांडेय, अनिल मिश्रा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अजय सिंह, अंकित वर्मा, गोलू राव, राहुल मणि आदि मौजूद रहे।

महेंद्र सिंह टिकैत की चौदहवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

देवरिया जिला मुख्यालय स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक किसान मसीहा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जी की भारतीय किसान यूनियन द्वारा 14 हवी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाकियू के प्रदेश महासचिव पंडित सतीश चंद्र ओझा ने टिकैत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं अपने संबोधन में कहा कि महेन्द्र सिंह टिकैत का पूरा जीवन संघर्षमय एवं सादगी भरा रहा। उनके हुक्के की गड़गड़ाहट की आवाज लखनऊ व दिल्ली की सरकारों की कानों में सुनाई पड़ता था। भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि वर्तमान राजनीति में किसान मसीहा चौधरी महेन्द्र सिंह होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। भाकियू पूर्वी उ०प्र० के सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि टिकैत जी ने हिंदुस्तान की धरती पर बड़ी बड़ी महापंचायतें करके बड़े से बड़ी घमंडी सरकारों को झुकाने का का काम किया।

वर्षा ऋतु से पूर्व नालों की सफाई करें: डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु के आगमन से पहले नगर क्षेत्र के सभी नालों की सफाई कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि जलजमाव की समस्या से बचा जा सके। सफाई कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नालों की स्थिति का सटीक आकलन करने के लिए सफाई से पहले और बाद में ड्रोन सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जैनेंद्र सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिविल लाइंस रोड पर पश्चिमी पटरी के नाले, कसया रोड और सीसी रोड पर स्थित नालों की सफाई कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान सीसी रोड पर अतिक्रमण की समस्या सामने आने पर उन्होंने तत्काल इसे हटाने के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद, देवरिया के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र में नियमित रूप से नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है। सिविल लाइंस रोड पर पूर्वी व पश्चिमी पटरी के नाले और सीसी रोड पर पूर्वी पटरी के नाले की सफाई तेजी से चल रही है। इसके साथ ही जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जा रही है निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक श्रद्धानंद, राजप्रताप सिंह, सफाई नायक जयप्रकाश यादव, अन्य सफाई नायक और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

नि:क्षय दिवस पर 6 टीबी रोगियों में वितरित हुई पोषण पोटली

कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में गुरुवार को टीबी यूनिट कसया एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निक्षय दिवस मनाया गया जिसमें लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक किया गया सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने बताया कि निक्षय दिवस के अवसर पर लैब में 20 सम्भावित टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों के बलगम की जाँच की गयी तथा 4 नये चिन्हित मरीजों की दवा भी प्रारंभ किया गया। 6 टीबी रोगियों को पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं ने गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली भी दिया गया जिसमें गुड़, भुना चना, मूँगफली का दाना, सत्तू,सोयाबीन एवं प्रोटीनयुक्त पाउडर दिया गया। अभियंताओं द्वारा गोद लिये मरीजो को फिरोज अली प्रधान सहायक प्रांतीय खण्ड,लोक निर्माण विभाग एवं रामप्रवेश यादव कनिष्ठ सहायक ने पोषण की पोटली सौंपा तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया। गोद लेने वालों में प्रमुख रूप से सहायक अभियंता लोकनिर्माण राहुल सोनी,सूबेदार यादव,मुकेश कुमार वर्मा,बलिराम प्रसाद,माया कुमारी,विनय कुमार राव रहे। निक्षय मित्र आशुतोष कुमार मिश्र द्वारा गोद लेने वाले निक्षय मित्रों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया।

ऊर्जा मंत्री ने तहसील में की जन सुनवाई

कुशीनगर। जिले के तहसील सभागार कसया में गुरुवार को उत्तर प्रदेश ऊर्जा मंत्री के विशेष कार्याधिकारी डॉ. राम चंद्र शर्मा ने विद्युत उपभोक्ताओं से विद्युत संबंधित समस्याओं की जन सुनवाई की और मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के निदान हेतु निर्देशित किया। तहसील सभागार में जन सुनवाई के दौरान विशेष कार्याधिकारी ऊर्जा मंत्री डॉ. राम चंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ऊर्जा मंत्री ने विभागीय सर्जिकल स्ट्राइक के लिए यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप लांच किया है, जिसे सभी उपभोक्ता अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लें और अपनी समस्याओं सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही, धन उगाही और भ्रष्टाचार से सम्बंधित शिकायत ऐप पर कर करें, उनकी समस्याओं और शिकायतों का ऊर्जा मंत्री संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करेंगे। विशेष कार्याधिकारी ने आगे कहा कि कसया विद्युत उपकेंद्र पर कुल 32 हजार कंज्यूमर हैं, जिसमे से 12 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं जो विद्युत कनेक्शन लेने के बाद कभी बिल जमा करने आए ही नही। अगर बिलों में सुधार के नाम पर, बिजली बिल कम कराने के नाम पर धन उगाही और उपभोक्ता का जेई और अन्य कर्मचारी शोषण करते है तो शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं। इसके आलावा बिजली की समस्या पैदा होने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। मीटर खराब होने पर समय से बनता नहीं है। इन सभी शिकायतों के निदान के लिए ही यूपीसीएल कंज्यूमर ऐप बनाया गया है। उपभोगता इसे अपने मोबाइल में लोड कर लें और अपनी शिकायत ऐप में डाल दें समस्या का त्वरित निदान होगा। अब विद्युत सब स्टेशन जाने की जरूरत नहीं है सरकार की मंशा है कि समय से बिल जमा हो और उपभोक्ताओं को कोई समस्या नही हो समय से बिजली मिले। साथ ही तीन महीने का अधिकारियो को समय दिया गया है कि अभियान चलाकर विभागीय अधिकारी टीम बनाकर मीटर रीडर के साथ गांव गांव जाए,और हर घर पर बिजली उपभोक्ताओ से सम्पर्क कर ऐप के बारे में जागरूक करें, और उनका मीटर चेक करें और बिल जमा करने के लिए प्रेरित करें।

उपभोक्ताओं की शिकायतों पर यथाशीघ्र प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

श्री पशुपति नाथ गुदड़र बाबा मठ की कृषि भूमि के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

देवरिया। श्री पशुपति नाथ गुदर बाबा मठ, बरडीहा दल की कुल 26.973 हेक्टेयर कृषि भूमि (बरडीहा दल, अहिरौली एवं डम्बरपुर मौजा में स्थित) की दो फसली (खरीफ-रबी) नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब 16 मई को अपराह्न 1 बजे, दीवानी न्यायालय परिसर, देवरिया में आयोजित की जाएगी। प्रस्ताव की आधार राशि 10, लाख1,110 निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु दीवानी न्यायालय, देवरिया से संपर्क करें।

कलियुग में श्रीमदभागवत कथा श्रवण से प्रशस्त होता है मोक्ष का मार्ग

प्रतापगढ़। क्षेत्र के खपराही में चल रही श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन गुरूवार को कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। अवध धाम से पधारे कथाव्यास आचार्य कौशलकिशोर महराज ने कहा कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण मनुष्य को मोक्षगामी बनाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर भक्ति ही एक मात्र ऐसा साधन है जिससे सुख समृद्धि बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। कथा प्रसंग में कथाव्यास ने शुकदेव परीक्षित संवाद का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान राधाकृष्ण संकीर्तन से माहौल और भक्तिमय हो उठा दिखा। मुख्य आयोजक शिवकुमार मिश्र व राजेश कुमारी तथा कृष्ण कुमार मिश्र व शिवदेवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच रोली चंदन अक्षत से व्यासपीठ का पूजन किया। वहीं संतोष कुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा सुशील कुमार मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर डा० मनोज कुमार मिश्र, अधिवक्ता सुधाकर मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, भास्कर मिश्र, प्रभाकर, सुनील कुमार, हरिओम मिश्र, नवनीत, अनुज तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, अम्बुज शुक्ल, कृष्णानंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

फैमिली आई.डी. से राशन कार्ड की पात्रता पर कोई असर नहीं: सी डी ओ

जिला संवाददाता

देवरिया। उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में ह्यएक परिवार, एक पहचानह्न योजना के तहत बनाए जा रहे फैमिली आई.डी. को लेकर आम लोगों में भ्रम फैल रहा है कि इसके बनने के बाद राशन कार्ड का लाभ नहीं मिलेगा।

इस भ्रांति को दूर करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पांडेय ने स्पष्ट किया है कि फैमिली आई.डी. बनवाने से राशन कार्ड की पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

श्री पांडेय ने बताया कि जो परिवार वर्तमान में राशन कार्ड से वंचित हैं, लेकिन पात्रता रखते हैं, वे फैमिली आई.डी. पोर्टल के माध्यम से अपनी फैमिली आई.डी. बनवा सकते हैं। इसके बाद वे कभी भी पात्रतानुसार राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। केवल फैमिली आई.डी. बनने से राशन कार्ड की पात्रता प्रभावित नहीं होगी उन्होंने आगे कहा कि जिन परिवारों की फैमिली आई.डी. बन चुकी है और बाद में उन्हें राशन कार्ड प्राप्त होता है, उनकी फैमिली आई.डी. में राशन कार्ड संख्या को शामिल कर लिया जाएगा। इसके बाद वे परिवार राशन कार्ड की सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

कुछ विशेष मामलों में, यदि राशन कार्ड धारक परिवार किसी कारणवश योजना के तहत पात्र नहीं रहते, तो उनकी फैमिली आई.डी. उसी राशन कार्ड संख्या के आधार पर जारी की जाएगी, जिसमें केवल पांचवें अंक के स्थान पर ह्य8ह्न अंक दर्ज होगा, जबकि बाकी अंक यथावत रहेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले और राशन कार्ड के लिए पात्र न होने वाले परिवारों के लिए भी फैमिली आई.डी. पोर्टल के माध्यम से पहचान संख्या उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि भ्रामक जानकारियों पर ध्यान न दें और फैमिली आई.डी. बनवाने में किसी भी तरह की अफरा-तफरी से बचें। फैमिली आई.डी. और राशन कार्ड दोनों योजनाएं अलग-अलग हैं, और एक का दूसरे पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। अधिक जानकारी के लिए, फैमिली आई.डी. पोर्टल या संबंधित कार्यालय से संपर्क करें

मार्ग दुर्घटना में किशोर की मौत

कुशीनगर। जिले के रामकोला थानाक्षेत्र के पकड़ियार मार्ग पर चकचिंतामणि गांव के सामने बुधवार की देर रात एक बाइक के अनियंत्रित होने से चालक किशोर की गिरकर मौत हो गई।

विद्युत समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के खड्डा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मदनपुर सुकरौली के युवाओं ने गांव की गंभीर विद्युत समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक विवेकानन्द पाण्डेय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। बताते चलें कि गांव में जर्जर हो चुके बिजली तारों और ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की मांग को लेकर यह प्रतिनिधिमंडल विधायक आवास पर पहुंचा था। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा मदनपुर सुकरौली में स्थित दोनों ट्रांसफार्मर काफी पुरानी क्षमता के हैं, जो गांव की वर्तमान बिजली खपत को पूरा करने में असमर्थ हैं। आए दिन लोड बढ़ने की वजह से ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही, गांव में फैले बिजली के तार बेहद जर्जर अवस्था में हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। युवाओं द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के तुरंत बाद विधायक ने समस्या की गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के मुख्य महाप्रबंधक से फोन पर वार्ता की और तत्काल समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने युवाओं को भरोसा दिलाया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभाग को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री का आगमन आज

देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा आज देवरिया में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए नगर विकास विभाग की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। मंत्री श्री शर्मा दोपहर 3:30 बजे पथरदेवा स्थित शिव मंदिर में नगर पंचायत पथरदेवा की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 4:30 बजे प्राथमिक विद्यालय, कनकपुरा (देवरिया) में नगर पंचायत तरकुलवा की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगेशाम 5:30 बजे हेतिमपुर छठ घाट पर परास खाड़ तटबंध के सुरक्षात्मक कार्यों का लोकार्पण एवं हेतिमपुर नगर पंचायत में पर्यटन विभाग की योजनांतर्गत निर्मित राम जानकी मठ का शिलान्यास करेंगे।

फंदे से लटकता मिला युवती का शव

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवती का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना को लेकर परिजन कुछ नहीं बोल रहे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बेंदुआन जोधेपुर गांव निवासी दयाराम गुप्ता की उन्नीस वर्षीया पुत्री शिवानी का शव बुधवार की देर रात घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। रात में ही किसी काम के लिए मां आशा देवी ने बेटी को पास बुलाने के लिए आवाज लगायी। उसके उत्तर न देने पर मां जब कमरे में गयी तो बेटी को फंदे से लटकता देख चीख पड़ी। रोने बिलखने की आवाज सुनकर घर के लोग भी वहां पहुंच गये। शोरगुल सुनकर गांव के लोग भी पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर परिवार के सदस्य कुछ नहीं बता रहे हैं। वहीं ग्रामीणों में इस बात की चर्चा रही कि युवती का विवाह माह भर पूर्व तय हुआ था। लेकिन पांच दिन पहले लड़के पक्ष ने विवाह करने से इंकार कर दिया था। एसओ उदयपुर राधेश्याम का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

समय पर पूरी की जायें निर्माण परियोजनाएं: जिलाधिकारी

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में 50 लाख से अधिक लागत के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पी०डब्ल्यू०डी०, यूपी पीसीएल, सी एंड डीएस, यूपी सी०एल०डी०एफ०, यूपी आर एन एस एस, द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजना की स्वीकृति/टेंडर में उल्लिखित समय सीमा को ही पीपीटी में प्रदर्शित किया जाय, यदि कार्यदाई संस्था द्वारा नीयत तिथि तक कार्य पूर्ण नहीं किए जाते हैं तो मनमौजी तरीके से कार्य पूर्ति तिथि को आगे न बढ़ाया जाए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सर्व प्रथम पीडब्ल्यूडी के निगरानी में कार्यदायी संस्था द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई, तत्पश्चात महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिसके अंतर्गत विगत बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रम में अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित से ली गई। इस दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में अधिग्रहीत भूमि पर कुछ कृषकों द्वारा अभी तक मुआवजा नहीं लिए जाने पर भी प्रत्येक पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। कार्यदाई संस्था यूपी पीसीएल द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विशुनपुरा परिसर में छात्रावास का निर्माण कार्य समीक्षा दौरान बताया गया कि इस माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों की जानकारी दी गई। पर्यटन विकास योजना अंतर्गत हाटा स्थित कर्महा मठ, दिग्जम्बर जैन मंदिर फाजिलनगर, रामकोला स्थित चेड़ामाई मंदिर परिसर में मेडिटेशन हाल, खिरकियां एवं शिव मंदिर में पर्यटन विकास कार्य, रामपुर सोहरौना स्थित ताल के ईको पर्यटन विकास कार्य, रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य, बुद्धा थीम पार्क का निर्माण/सौंदर्यीकरण का समस्त कार्य, बौद्ध विहार पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्यों अंतर्गत कार्य में प्रगति की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। इसके अतिरिक्त रामपुर सोहरौना स्थित पर्यटन विकास कार्य, बनकटा बाजार स्थित काली मंदिर का कार्य साइनेज का कार्य, हाटा बस स्टैंड के नव निर्माण कार्य, कुशीनगर के अंतर्गत 50 बेड क्रिटिकल केयर सेंटर भवन के निर्माण कार्य, राम जानकी मंदिर कसया के कथा मंडप, धर्मशाला एवं अतिथि गृह, गो संरक्षण केन्द्र कोहरवलिया, पशुचिकित्सालय कप्तानगंज, नेबुआ नौरंगिया की प्रगति की जानकारी दी गई। स्पोर्ट्स स्टेडियम में बाल तरन ताल के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। रामाभार स्तूप के सन्निकट बुद्धा घाट पर पर्यटक सुविधाओं के दृष्टिगत पर्यटन विकास एवं सौंदरीकरण कार्य के अंतर्गत उन्होंने जानकारी लेते हुए परियोजना का ले आउट डिजाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा दौरान जनपद न्यायालय स्थित कोर्ट के निर्माण कार्यों, पडरौना बस स्टेशन का जीर्णोद्धार/आधुनिकरण का कार्य, बुद्धा पार्क रविंद्रनगर के निर्माण कार्य, जल निगम नगरीय अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य, इसके अलावे जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष कार्य की प्रगति जानी व कार्य प्रगति को बढ़ाए जाने तथा जिन निर्माण कार्य में सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं उसे तत्काल हस्तांतरित/ हैंडओवर करने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यदाई संस्था के अधिकारी विशेष ध्यान रखें की विभाग के द्वारा तय अंतिम तिथि एवं कार्यदाई संस्था के द्वारा कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि एग्रीमेंट के अनुरूप एक ही हो। अगर किसी कारण से उन्होंने परियोजना देर से शुरू की है तो तिथि बदलाव हेतु विभागीय अनुमति शत प्रतिशत आवश्यक है। अगर किसी कार्यदाई संस्था ने अपने मन से कोई तिथि में परिवर्तन किया है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन हेतु विभागीय अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्य और अवशेष कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि अवमुक्त हो गई है उनका उपयोग कर कार्य प्रगति में कर तेजी लाएं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

50 लाख से अधिक की विकास योजनाओं की समीक्षा, डीएम ने दिये निर्देश

टाटा मोटर्स द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

देवरिया। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शोभनाथ ने बताया है कि टाटा मोटर्स, लखनऊ एवं पंतनगर द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया में 16 मई को प्रातः 10:00 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, मैकेनिक कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग (फ्लाइ), शीट मेटल वर्कर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, मैकेनिक डीजल, पेंटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (उडङअ), फैशन टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, प्लंबर, फाउंड्रीमैन तथा समस्त व्यवसायों के अभ्यर्थी इस कैंप में सम्मिलित हो सकते हैं अभ्यर्थी की आयु 18 से 28 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामग्रियों का वितरण आज और कल

कुशीनगर। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को वितरण हेतु सामग्री प्राप्त हो चुकी है। यह सामग्री माह-फरवरी व मार्च 2025 के आपूर्ति आदेश के अनुसार है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया, कुशीनगर के निर्देशानुसार जनपद के कप्तानगंज, हाटा, खड्डा, (माह-मार्च 2025 नेबुआ नौरंगिया एवं कसया) के परियोजनाओं में आंगनबाड़ी केन्द्रों से उपरोक्त सामग्री का वितरण दिनांक 16 व 17 मई 2025 को किया जायेगा। उक्त दिवस को कप्तानगंज, हाटा, खड्डा, (माह-मार्च 2025 नेबुआ नौरंगिया एवं कसया) परियोजना के सी०डी०पी०ओ० व मुख्य सेविका प्रभारी रहेंगें और कम से कम 05 केन्द्रों का भ्रमण करेंगें उन्होंने बताया कि 6 माह से 03 वर्ष के बच्चे को गेहूँ दलिया प्रति माह 1 कि0 ग्रा0, फोटीफाईड राइस प्रति माह 1 कि0 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 1 कि0 ग्रा0 और खाद्य तेल प्रति माह 455 मिलीलीटर। 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चे को गेहूँ दलिया प्रति माह 500 ग्रा0, फोटीफाईड राइस प्रति माह 500 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 500 ग्रा0। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को गेहूँ दलिया प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0, फोटीफाईड राइस प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0 और खाद्य तेल प्रति माह 455 मिलीलीटर है।

प्रधानमंत्री की दो-टूक

भारत के साथ युद्ध विराम होना पाकिस्तान के लिए जीत नहीं बल्कि महाजीत है, क्योंकि पाकिस्तान की जान बच गयी। भारत अगर युद्ध को निर्णायक अंजाम तक ले जाता तो पाक पूरी तरह कुचल जाता। पाकिस्तान की जान बची तो उसने इसे जीत के रूप में मनाया। यह उचित भी है। कहां पाकिस्तान के अस्तित्व का संकट था और कहां बच निकला। यह भारतीयों को थोड़ी निराश करने वाली बात थी, क्योंकि उनके मुंह से पाक नाम का शिकार निकल गया। पहलगाम के बाद भारतीय भूखे शेर की तरह पाकिस्तान को झपटने के लिए तड़प रहे थे। जाहिर है जब शेर के मुंह से शिकार निकल जाता है, तो उसे हताशा होती है। भारतीयों की इस निराशा पर पाकिस्तानी बच निकलने का जश्न मनाकर चिढ़ा रहे हैं, ऊपर से आदत से मजबूर ट्रंप बीच में अनावश्यक उछल कूद कर देशवासियों के जले पर नमक छिड़क रहे। लेकिन पाकिस्तान की उम्मीदों और ट्रंप की चौधरी बनने की मंशा पर प्रधानमंत्री मोदी ने पानी फेर दिया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में साफ-साफ कहा है कि बात सिर्फ पीओके पर होगी और पानी भी तब तक नहीं मिलेगा जब तक आतंकवाद रहेगा। इससे पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है। इस विवाद के बीच चौधरी बनने के लिए उछल रहे ट्रंप की सीमाएं भी मोदी ने बता दी है कि द्वि-पक्षीय मसले में तीसरे पक्ष की कोई गुंजाइश नहीं है। संभवतः मोदी की इस दो-टूक से पाकिस्तान भी समझ गया होगा और ट्रंप भी। दरअसल ट्रंप ने क्रेडिट लेने के लिए बहुत लंबी-लंबी छोड़ी। वैसे यह उनकी आदत भी है। ट्रंप हर दिन सौ-पचास झूठ बोलकर ही रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में अनेक बातों को स्पष्ट कर एक बार फिर देश का हौसला बढ़ाया है। देश के नाम इन्हें विश्वास कह लें या प्रधानमंत्री का आश्वासन मान लें अथवा पाकिस्तान के प्रति भारत की हुंकार। लेकिन प्रधानमंत्री ने इन्हीं आधारों पर देश को संबोधित किया है। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा है कि अब भारत परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेलिंग की आड़ में पनपते रहे आतंकियों और उनके ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। दरअसल पाकिस्तान ने तो घुटनों में मुंह छिपा लिया होगा, क्योंकि उसकी परमाणु धमकियों की कलई खुल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी घोषणा की है कि यदि भविष्य में पाकिस्तान के साथ बातचीत हुई, तो सिर्फ पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद पर ही होगी। आतंकवाद और बातचीत, आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। इसी तरह पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। यदि अब भारत पर आतंकी हमला किया गया, तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से और अपने शर्तों पर जवाब देंगे। हर उस जगह कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकवाद की जड़ें निकलती हैं। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि आतंकपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। उनकी सजा यही होगी कि भारत उनका सफाया करके ही रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सेनाओं, सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को सलाम किया। उनको ऑपरेशन सिंदूर की सफलता श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने सेनाओं और सैनिकों के साहस, शौर्य, पराक्रम को देश की हर मां, बहन, बेटी को समर्पित कर मुद्दे को भावुक बना दिया। उन्होंने पीओके का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि भारत उसे अपना अंतरंग और अविभाज्य हिस्सा मानता है। इस संदर्भ में संसद में भी प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य और मकसद यह था कि आतंकियों के बड़े-बड़े अड्डे, मुख्यालयों और आतंकियों का सफाया किया जाए। प्रधानमंत्री ने माना कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद फिलहाल हासिल किया जा चुका है। इसमें आतंकी अड्डे और 100 से अधिक खूंखार आतंकी मिट्टी में मिलाए गये। पाकिस्तान के साथ जंगी टकराव या वहां की अवाम हमारे सैन्य ऑपरेशन के लक्ष्य नहीं थे, लेकिन पाकिस्तान की फौज के दुस्साहस के कारण हमारी सेनाओं को ऐसी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इससे पाकिस्तान को भी सबक मिला है।

जान बचाकर जीत का जश्न मना रहे पाकिस्तान और बीच में गैर जरूरी उछल कूद कर रहे ट्रंप को पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बात सिर्फ पीओके की होगी और किसी की चौधराहट भी मंजूर नहीं।

विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश- यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

-माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

-वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं- एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

-चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

-मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयास करने से परिणाम उल्टा होता है।

-रवीन्द्र नाथ टैगोर.

साइप्रस मसले को उछालें, चीखेगा तुर्किए

अरविन्द जयतिलक

कूटनीति

संस्कृत की एक प्रसिद्ध कहावत है 'शठे शाठ्यम समाचरेत्'। यानि दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार होना चाहिए। यूरेशिया में स्थित तुर्की ऐसा ही एक दगाबाज देश है जिसके साथ इसी तरह का व्यवहार होना चाहिए। इसलिए कि उसने भारत के विरुद्ध आतंकियों के प्रश्रयदाता देश पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ने की हिमाकत की है। उसने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतध्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। अलग बात है कि पाकिस्तान को दिए उसके सभी हथियार फुस्स साबित हुए हैं। भारत ने उसके सभी ड्रोन एवं उसके सैन्य ऑपरेटिव्स मार गिराए। इससे दुनिया भर में उसकी भद्द पीट रही है। तुर्की कितना अहसान फरामोश है इसी से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में वहां आए भीषण भूकंप में भारत ने ऑपरेशन दोस्त के जरिए उसे राहत सामग्री भेजकर भरपूर मदद की थी। लेकिन उसने इस अहसान को दरिया में डालकर जेहादियों से गलबहियां कर बैठा। उसके इस कृत्य से भारत में आक्रोश और गुस्सा होना लाजिमी है। भारत के नागरिकों द्वारा उसके वस्तुओं के आयात को बंद किए जाने और उसके सामानों के बहिष्कार की मांग तेज हो गई है।

भारतीय व्यापारी टर्किश सेब के बहिष्कार का ऐलान कर दिए हैं। पर्यटन पर निर्भर तुर्की के लिए ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद्द करने का ऐलान कर दिए हैं। मेक माई ट्रिप के मुताबिक तुर्की की बुकिंग में तकरीबन 60 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर जामिया और जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय समेत कई अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों ने तुर्की के विश्वविद्यालयों से अपना समझौता रद्द कर दिया है। मतलब साफ है कि अब तुर्की को पाकिस्तान से कंधा जोड़ने की कीमत चुकानी होगी। उचित होगा कि भारत तुर्की को सबक सिखाने के लिए उसकी दुखती रग साइप्रस का मसला उठाकर उसकी अंतर्राष्ट्रीय घेराबंदी तेज करे। गौरतलब है कि तुर्की साइप्रस के 36 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा जमा रखा है। साइप्रस की भौगोलिक परिदृश्य पर नजर डालें तो यहां मुख्य रुप से ग्रीस और तुर्की समुदाय के लोग रहते हैं। इनके बीच दशकों पहले से नस्लीय विवाद चला आ रहा है। इतिहास में जाएं तो साइप्रस कभी अंग्रेजों की कॉलोनी हुआ करता था। 1878 से चले आ रहे ब्रिटिश उपनिवेश का अंत 1960 में हुआ और साइप्रस को एक नए देश के रुप में पहचान मिली। चूंकि साइप्रस एक नया देश था लिहाजा वहां सत्ता-संघर्ष की स्थिति तेज हो गयी। लिहाजा 15 जुलाई, 1974 को तुर्की की सेना ने साइप्रियट नेशनल गार्ड की अगुवाई में साइप्रस के अंदरुनी हालातों का फायदा उठाते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून को ठेंगा दिखाकर उत्तरी हिस्से पर आक्रमण कर उसके महत्वपूर्ण शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। उस समय साइप्रस में सैन्य विद्रोह चल रहा था। इस विद्रोह को ग्रीस का समर्थन प्राप्त था। तुर्की कतई नहीं चाहता था कि साइप्रस में ग्रीस का हस्तक्षेप हो। वैसे भी ग्रीस और तुर्की के बीच पहले से ही समुद्री क्षेत्र को लेकर तनाव चल रहा था।

साइप्रस को हथियाने के खेल में तुर्की भारी पड़ा और उसने उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर उसे टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दे दिया। तब सुरक्षा परिषद के सभी देशों ने तुर्की के इस कदम की निंदा की। 2 अगस्त, 1975 को तुर्की और साइप्रस के बीच वियना में समझौता हुआ। समझौते के मुताबिक तय हुआ कि तुर्की अपने बलात किए गए कब्जे वाले इलाके में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अपने मजहब को मानने की आजादी समेत सामान्य जीवन जीने में मददगार हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराएगा। लेकिन तुर्की ने इस समझौते को ठेंगा पर रख अपना अत्याचार जारी रखा। वर्ष 1998 के प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी सदस्य देशों से साइप्रस गणराज्य की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की बात कही। लेकिन तुर्की जबरन कब्जा किए इलाके को नहीं छोड़ा। तुर्की के आक्रमण के कारण 162000 ग्रीक-साइप्रियोट अपने ही देश में शरणार्थी बनकर रह गए। जो लोग अपना घर छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुए उन पर तुर्की ने इस कदर कहर बरपाया कि वे अपनी संपत्ति छोड़कर भागने को मजबूत हो गए। आज इस इलाके में ग्रीक-साइप्रियोट की आबादी महज तीन सैकड़ा ही बची है। जिन लोगों ने तुर्की के बलात कब्जे का विरोध किया उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। तुर्की ने इस इलाके में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए हजारों तुर्क परिवारों को बसा रखा है। इस कारण दक्षिण और उत्तर साइप्रस के बीच यदा-कदा तनाव की स्थिति उत्पन होती रहती है। तुर्की के बलात कब्जे के बाद से ही यह द्वीप दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्क साइप्रसवासियों ने अपने इलाके को टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दिया है। फिलहाल इसे सिर्फ तुर्की ने ही मान्यता दे रखा है। तुर्की द्वारा जबरन कब्जाया गया साइप्रस का यह उत्तरी इलाका लोगों की जीविका और आमदनी का बड़ा स्त्रोत हुआ करता था। यह इलाका वर्ष भर पर्यटकों से भरा गुलजार रहता था। आर्थिक रूप से समृद्ध यह इलाका बहुमंजिली इमारतों के लिए भी जाना जाता था। लेकिन तुर्की के अत्याचार ने इसे वीरान बना दिया है। यहीं नहीं किसी तरह का विरोध न हो इसके लिए यहां उसने 40 हजार से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है। तुर्की नहीं चाहता है कि इस इलाके में किसी अन्य देश का हस्तक्षेप हो। लेकिन अब वक्त आ गया है कि भारत इस मसले को हवा देकर वैश्विक स्तर पर तुर्की की फजीहत बढ़ाए। याद होगा वर्ष 2022 में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में साइप्रस का मुद्दा उठाकर तुर्की की चौधराहट की हवा निकाल दी थी। तब भारतीय विदेशमंत्री ने तुर्की के विदेशमंत्री मेवलुत कावुसोग्लू से मुलाकात कर साइप्रस की स्वतंत्रता, संप्रभुता और स्वायत्तता की बात उठाया था। उन्होंने ट्वीट कर यह भी कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के हिसाब से साइप्रस मुद्दे का शांतिपूर्ण हल निकाले। ध्यान देना होगा कि तुर्की के दक्षिण में स्थित साइप्रस का इलाका इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसके पश्चिम में सीरिया और उत्तर पश्चिम में इजरायल अवस्थित है। इस नाते इस इलाके का रणनीतिक और सामरिक महत्व बढ़ जाता है।

कुटनीतिक और सामरिक रुप से देखें तो इस इलाके पर जिसकी पकड़ मजबूत होगी वह बड़ी आसानी से भूमध्यसागर के पूर्वी हिस्से नियंत्रित कर सकता है। यहीं वजह है कि इस इलाके पर आसपास के देशों की नजर बनी रहती है। तुर्की का दक्षिणी भाग यूरोपीय यूनियन का सदस्य है जिसे आज की तारीख में साइप्रस का मुख्य भाग माना जाता है। चूंकि मौजूदा समय में दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है और वैश्विक मंचों पर उसकी आवाज सुनी जा रही है। ऐसे में साइप्रस का मुद्दा तुर्की के गले की फांस बन सकता है। गौर करें तो तुर्की न सिर्फ पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ा है बल्कि वह बार-बार कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत को असहज करने की चेष्टा करता है। वह अन्य मसलों पर भी भारत के खिलाफ जाकर पाकिस्तान का साथ देता है। गत वर्ष पहले उसने पाकिस्तान की शह पर भारत का 56,877 मिलियन टन अनाज से लदे जहाज को वापस भेज दिया था। उसने ऐसा कर वैश्विक बाजार में भारतीय अनाज निर्यात की साख खराब करने की कोशिश की थी। यहीं नहीं वह इंटरनेट मीडिया और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के जरिए भी भारत विरोधी केंद्र के रुप में इस्तेमाल हो रहा है।

तुर्की के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए समय आ गया है कि भारत भी उसके विरुद्ध खुलकर पत्ते खेले। भारत को न सिर्फ साइप्रस के मसले को उठाना चाहिए बल्कि ग्रीस और आर्मिनिया के साथ कंधा जोड़कर तुर्की की तेज घेराबंदी करनी चाहिए। इसलिए कि ग्रीस और आर्मिनिया दोनों ही तुर्की के शत्रु हैं और नीति भी कहती है कि 'शत्रु का शत्रु मित्र' होता है।

सोशल मीडिया

जाति व धर्म से परे होती है सेना, सेना का एक ही धर्म है 'देश की रक्षा' सेना में जाति धर्म देखना ओछी मानसिकता है, प्रधानमंत्री जी ने सेना में भी महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। केशवप्रसाद मौर्य.

सेना का 'आपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैनिक कार्रवाई भर नहीं है बल्कि भारत की राजनीतिक और सामाजिक, सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक भी है। राजनाथ सिंह.

जनता अब भाजपा की सफाई का कार्यक्रम बना चुकी है, भाजपा की सफाई से सब अपने आप साफ हो जायेगा, जनता पूछ रही है कि गोमती में लगे विश्वस्तरीय फाउंटेन कहां गये। अखिलेश यादव.

हमारी मानसिक शक्ति

अंतर्दृष्टि

ईश्वर का अनुग्रह, पूर्णता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एकमात्र उपाय साधना है। इसे परम पुरुषार्थ माना गया है। अपने कुसंस्कारों से निरन्तर लड़ते रहना, जीवन क्षेत्र में सत्प्रवृत्तियों की फसल उगाना, पशुता को देवत्व में परिणत कर देना, यही है साधना का असली स्वरूप। विभिन्न पूजा उपचारों के द्वारा मनन, चिंतन, स्वाध्याय, सत्संग जैसे विचार मंथनों द्वारा आत्मशोधन की जो प्रक्रिया चलती है, उसी को देखते हुए यह जाना जा सकता है कि साधना में कितनी प्रगति हुई। साधक को सिद्धि मिलती है, बिना आत्मशोधन का भजन निरर्थक जाता है। अपवाद रूप में किसी को कोई दैवी अनुग्रह मिल भी जाये तो उसका परिणाम अंततः भस्मासुर, रावण कुंभकरण, मारीच, कंस, हिरण्यकश्यप आदि की तरह घोर विपत्ति के रूप में सामने आता है। फलित तो विभीषण, हनुमान जैसे सद्भाव, सम्पन्न लोगों की साधना ही होती है।

जीवन कल्पवृक्ष है, उसकी साधना यदि सही रीति से की जाती है तो वही अपने अमृत फलों से साधक को कल्प वृक्ष बना देता है। ईश्वर ने श्रम, समय, बुद्धि, प्रतिभा जैसी दिव्य सम्प्रदायें हर व्यक्ति को प्रचुर परिणाम में दी हैं। इनका सदुपयोग ही उस बुद्धिमत्ता का परिचायक है जिसे शास्त्रकारों ने ऋतम्भरा प्रज्ञा या ब्रह्मविद्या गायत्री कहा है। मानवी निर्माण की आवश्यकता नितान्त स्वल्प है। उपार्जन की क्षमता असीम है। ऐसी दशा में किसी के अभाव ग्रस्त या पिछड़े रहने का कोई कारण नहीं। दरिद्रता और दुर्गति तो आंतरिक पिछड़ेपन की ही प्रतिक्रिया है।

साधना द्वारा अपने दृष्टिकोण, स्वभाव और व्यवहार में सुधार किया जाता है। मनःस्थिति में परिवर्तन आते ही परिस्थिति बदलने लगती है। आंख की पुतली ही दृश्य जगत का परिचय कराती है। कान की झिल्ली में भरी सामर्थ्य से ही संसार में संव्याप्त शब्द सम्पदा से लाभान्वित होने का अवसर मिलता है। अपना मस्तिष्क ही इस विश्व वसुधा में बिखरे हुए वैभव को पहचानने और चुनने का सौभाग्य प्रदान करता है। इन्द्रिय शक्ति की प्रखरता से ही अनेकानेक रसास्वादनों का सुख मिलता है। अपने आंख, कान, मस्तिष्क एवं इन्द्रिय तन्तु यदि विकृत हो जाये तो इस संसार में निराशा और निस्तब्धता के अतिरिक्त और कुछ भी शेष नहीं बचता है। आत्मसत्ता का स्तर ही संसार के पदार्थों का प्राणियों को उपयोगी अनुपयोगी बनाता रहता है। समस्याओं की उत्पत्ति भी भीतर से ही होती है और उनका समाधान भी अपनी ही अनुपयुक्ताओं के समाधान होने पर संभव होता है।

विष्ठाचारियों की शिष्टाचार भेंट

व्यंग्यलोक

आज का दौर विष्ठाचारियों की शिष्टाचार भेंटों का दौर है। और मैं विष्ठाचार भेंट स्पेशलिस्ट हूं। इसलिए विष्ठाचारियों से शिष्टाचार भेंट करने के मौके तलाशता तराशता रहता हूं। विष्ठाचार की इसी शिष्टाचार भेंट की कड़ी में कल मेरी अपने इलाके के मशहूर दुनियादारी में फंसों को उल्लू बनाने वाले बाबा सुरूर खान से विष्ठाचार भेंट हुई। अबके वजह प्याज था। विष्ठाचार ही विष्ठाचार में विष्ठाचार भेंट के दौरान सीना चौड़ा कर उन्होंने बताया कि वे अपनी चिल्म के बूते हारे हुए नेता को जीता सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते पर अल्पमत वाले नेता को कुर्सी पर बिठवा उससे भेड़ों का रेवड़ हंकवा सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते जेल में बंद नेता को भी चुनाव जितवा सकते हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान पूरे आत्मविश्वास से उन्होंने बताया कि वे लोकतंत्र के तांत्रिकों की शक्तियों को अपनी खुली आंखों से अंधों को भी दिखा सकते हैं। सबके प्रधानमंत्री भले ही सबके प्रधानमंत्री न हों, पर वे पूरे लोकतंत्र के बेताज बादशाह हैं। वे सभी चिल्मों के सम्राट हैं। वे हर टूटी नाव के घाट हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपनी चिल्म द्वारा पलक झपकते देश की बेरोजगारी को हवा करने का इल्म रखते हैं। पर वे नहीं चाहते कि वे देश से बेरोजगारी खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपनी चिल्म से देश की बेरोजगारी खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया वे अपनी चिल्म के द्वारा पलक झपकते ही देश के धार्मिक उन्मांद को खत्म करने का इल्म रखते हैं। पर वे चाहते हुए भी नहीं चाहते कि वे देश से धार्मिक उन्मांद खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपने इल्म से देश से धार्मिक उन्मांद को खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपने मंत्र तंत्र शक्तियों द्वारा पलक झपकते ही शर्तिया देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने की चिल्म रखते हैं। पर वे चाह कर भी यह नहीं कर सकते। अगर वे ऐसा करेंगे तो तथाकथित ईमानदारों का क्या होगा? अगर वे अपनी चिल्म से देश की भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? फिर कुछ देर तक इधर उधर देखने के बाद वे बोले- सच कहूं तो मैं अपनी चिल्म के माध्यम से अबके विश्व कप अपने देश के नाम करवा सकता था। पर यह सब इसलिए नहीं किया कि सुट्टाबाजों का क्या होता? अंत में उन्होंने मुझे जगाते हुए बताया कि सभी किस्म के नेताओं से निराश उनसे एक बार जरूर आकर मिलें। उनके पास हर किस्म के नेताओं के आश्वासनों से मुक्ति की चिल्म भी है।

अशोक गौतम

इसलिए जंग टलती ही रहे तो बेहतर है...

युद्ध और साहित्य

भारत-पाकिस्तान के बीच आशंकित जंग एक हफ्ते के भीतर ही खत्म हो गई यानी दोनो देशों ने भले किसी तीसरे देश के दबाव में सीज फायर का ऐलान कर दिया हो, लेकिन अब इसे व्यापक मानवीय भावनाओं की दृष्टि से देखें तो अच्छा ही है। लेकिन ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या है, जो इस सीज फायर से तिल मिला कर रह गये हैं। ये वो लोग हैं जो किसी भी भावना के चलते चाहते थे कि पूरी ताकत से जंग हो और आरपार का नतीजा हो। निःसंदेह इसमें ऐसे परेशान लोगों का गुस्सा भी शामिल है, जो दशकों से बार-बार पाकिस्तान को दी गई चेतावनियों के बाद भी कह रहे हैं कि पाकिस्तान कभी भी नहीं सुधरता, इसलिए इन लोगों का गुस्सा और जंग के लिए इनमें तीव्रता समझी जा सकती है। फिर भी साहित्य की नजर से जंग कभी भी अच्छी चीज नहीं होती। इसलिए साहिर लुधियानवी ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुई जंग में लिखा था- जंग टलती ही रहे तो बेहतर है...। लेकिन साहित्य का जंग के साथ बड़ा लुकाछिपी का और विरोधाभासी रिश्ता है। मध्यकाल में जब आमने सामने तलवारों, तीर, कमानों के जरिये युद्ध हुआ करते थे, तब युद्ध में शामिल होने वाले कई महान लड़ाकू राजा अपने कवियों को भी साथ ले जाते थे और माना जाता है कि जब राजा युद्ध लड़ते थे तो ये कवि अपनी कविता के कौशल से उनमें युद्ध का हौसला बढ़ाया करते थे। भारतीय सिख हिंदू राजा शिवाजी महाराज के बारे में कहा जाता है कि वे युद्धभूमि में दुश्मन के विरूद्ध जंग में उतरते थे, तो उनके प्रसिद्ध कवि भूषण उनका अपनी अलंकारिक कविताओं के जरिये हौसला बढ़ाया करते थे। हालांकि यह बात काफी विरोधाभासी है, क्योंकि यह भी कहा जाता है कि शिवाजी महाराज गोरिल्ला युद्ध की तकनीक अपनाते थे यानी वो दुश्मन पर अचानक कहर की तरह टूट पड़ते थे। ऐसी स्थितियों में भला उनके सामने हौसला बढ़ाने के लिए किसी कविता का मौजूद होना कितनी मुश्किल बात लगती है। हो सकता है ये बाद में शिवाजी महाराज के यशोगान के लिए रची गई कहानियां हों। पर यह तो तय है कि एक दौर में कविता के जरिये युद्ध का माहौल न सिर्फ बनाया जाता था बल्कि सैनिकों के अंदर इस माहौल की इतनी ऊर्जा भर दी जाती थी कि वे युद्ध करने पर अमादा हो जाते थे।

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर ने तो 1962 में जब भारत-चीन से हार गया, तो वे इतने बौखला गये कि उन्होंने वीररस की ऐसी कविताएं रची, जो उनकी बाकी सौंदर्य और संवेदना से भरी कविताओं से बिल्कुल मेल ही नहीं खातीं। उन्होंने 1962 भारत की पराजय के बाद देशवासियों को इस कदर झकझोरा कि लोगों को खून पीने वाले वीरों में तब्दील होने तक के लिए आह्वान किया। उसी दौरान वो 'परशुराम की प्रतीक्षा' नामक अपना खंडकाव्य लिख रहे थे, जिसमें पौराणिक वर्णन के बीच उन्होंने 1962 की चीन के विरूद्ध भारत की पराजय का ऐसा तानाबाना बुना कि जिसे पढ़कर हर भारतीय का खून खौलने लगा और वह चीन के विरूद्ध युद्ध में बदला लेने के लिए भावनाओं से भर गया।

अगर हम महान भारत के राजा पृथ्वीराज चौहान की युद्ध कौशल के बारे में सोचें तो उसके पहले हमारी जहन में उनके वीररस के प्रसिद्ध कवि चंदबरदाई का गान हमारे जहन में आता है, जिसके कविता कौशल आंख से अंधे हो चुके पृथ्वीराज ने मोहम्मद गोरी का सिर तीर से उड़ा दिया था। कविता की ये सारी ताकत युद्ध को ग्लोलीफाई करने की है। लेकिन कविता सिर्फ युद्ध का महिमामंडल ही नहीं करती, 19वीं और 20वीं शताब्दी की कविता तो खास तौर पर युद्ध को खूब आईना दिखाया है। लोर्का, बर्तोल्त ब्रेक, साहिर लुधियानवी और फैज अहमद फैज जैसे कवियों ने तो बार बार कविता के आईने में जंग को आईना दिखाया है। 20वीं सदी के क्रांतिकारी कवियों में पाश जैसे कवि ने भी कविता के आईने में जंग को खूब लताड़ा है। इससे यह बात साफ होती है कि जैसे जैसे इंसान की कविता को लेकर समझ बढ़ी है और युद्ध को लेकर यह समझ बनी है कि वह किसी भी कीमत में इंसान के लिए हितकर नहीं है, वैसे वैसे कविता में युद्ध का महिमामंडल नहीं किया गया बल्कि उसमें जंग की आलोचना ही की गई है।

क्योंकि नागरिक समाज की चेतना अंततः इसी निष्कर्ष पर पहुंचती है कि युद्ध टलता ही रहे तो बेहतर है। इसलिए चंद लोगों की इच्छा भले अधूरी रह गई हो कि हमने पूरी ताकत होने के बावजूद पाकिस्तान को मटियामेट करके उसे सही से सबक क्यों नहीं सिखाया? मगर यह सही है कि ज्यादातर लोगों ने खासकर सरहद में बसे लोगों ने पाकिस्तान के बीच सीज फायर से राहत महसूस की है। **नरेंद्र शर्मा.**

आप की बात

आर्थिक प्रगति का दौर

भारत आर्थिक प्रगति के उस मुकाम पर है जहां से वह एक-दो दशक में ही अमरीका और चीन के बराबर आकर खड़ा हो जायेगा। ऐसे में चाहे अमरीका हो या चीन। सभी भारत से जलते हैं और इसलिए यह नहीं चाहते हैं कि भारत आर्थिक प्रगति कर उनकी बराबरी कर ले। क्योंकि भारत चार ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले एक दशक में इसका आकार 15 ट्रिलियन तक पहुंच जायेगा। ऐसे में दुनिया का कोई भी देश भारत की अनदेखी करने की हिमाकत नहीं करेगा। इसलिए पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझने के बजाय आतंकियों का सफाया कर निकल आना देशहित में है। देश में आर्थिक प्रगति से लोगों की समृद्धि में इजाफा हो रहा है और यह बहुत उत्साह का विषय है। रोजगार की प्रवृत्ति में व्यापक बदलाव आया है, सेवा क्षेत्र के विस्तार, स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी आधारित विकास के कारण कुछ क्षेत्रों और लोगों की आर्थिक समृद्धि तेजी से बढ़ी लेकिन बहुत से लोग और सेक्टर ऐसे भी रहे जो कोरोना के पहले वाली चमक दुबारा हासिल नहीं कर सके।

इस कारण आर्थिक प्रगति तो हुई लेकिन संसाधनों का वितरण बहुत ही असमतल हुआ, जिसके कारण देश में आय असमानता जैसी स्थिति बढ़ती गयी। तेज प्रगति के करण 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86,647 रुपये सालाना थी, वो 2022-23 में बढ़कर लगभग दुगुनी 1,72,000 हो जाने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति आय जीडीपी से जनसंख्या को भाग देकर निकाला जाता है।

इस तरह पर कैपिटा इन्कम का अर्थ यह है कि देश में प्रति व्यक्ति औसत आय 1,72,000 रुपये है। मोदी सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रति व्यक्ति आय डबल होने का मतलब है कि बीते आठ वर्षों के दौरान कोरोना महामारी और इसके कारण अर्थव्यवस्था में आयी तेज गिरावट के बावजूद अगर चालू कीमतों पर प्रति आय दुगुनी हो गयी है और स्थिर कीमतों पर भी इसमें करीब 35 फीसद की वृद्धि हुई है, तो इससे स्पष्ट है कि विकास हुआ है और महामारी के बावजूद विकास हुआ है, लेकिन संसाधनों के असमान वितरण के कारण शायद इसका लाभ सबको नहीं मिला। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार जहां एक तरफ आर्थिक प्रगति को उच्चतम दर तक ले जाने का प्रयास करे वहीं प्रभावी करारोपण और व्यापक सोशल सिक्योरिटी नेटवर्क के जरिए उन लोगों को मदद पहुंचाने का काम करे जो प्रगति की दौड़ में पीछे छूट गये हैं। आर्थिक प्रगति का कल्याणकारी स्वरूप तभी उभर कर सामने आयेगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रगति के लाभों का प्रवाह हो। अगर आर्थिक प्रगति कुछ हाथों में केन्द्रित होकर रह जायेगी, राष्ट्रीय संसाधनों का वितरण बहुत ही असमान होगा, तो ऐसी प्रगति बहुत काम की नहीं है। दरअसल आर्थिक असमानता एक बड़ी चुनौती है और इसे खत्म कर ही भारत के महाशक्ति बनने के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है।

सत्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.

देश के खिलाफ साजिश

बांग्लादेश में भारत विरोधी अभियान चीन व पाक की नयी साजिश हो सकती है। अभी मालदीव में राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी मुहिम चल रही थी। इसके पीछे चीन था। अब ऐसी हरकतें बांग्लादेश में भी शुरू हो गयी हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना बहुत मेच्योर नेता थीं। उन्होंने सभी वर्गों को साथ लेकर बांग्लादेश को आगे बढ़ाया। लेकिन नागरिकों की खुशी और प्रगतिशील बांग्लादेश कट्टरपंथियों को रास नहीं आया। हसीना ने बांग्लादेश में 'इंडिया आउट' को साजिश बताया था। बीते डेढ़ दशक से हाशिए पर खड़े बांग्लादेश के विपक्ष ने और उसकी नेता बेगम खालिदा जिया ने अब भारत विरोध को सियासी ताकत बढ़ाने का हथियार बना लिया है। युनूस एक अलग ही आइटम है। ऐसे में यहां भी भारत विरोधी भावनाएं प्रबल हो रही हैं। इस पर गंभीरता से नजर रखने की जरूरत है।

प्रमोद कुमार द्विवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

किसान कर सकते है विभिन्न प्रकार की खेतीः उद्यान अधिकारी

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन(एमआईडीएच) का संचालन किया जायेगा। एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम, मशरूम उत्पादन, औषधीय एवं सगन्ध पौध रोपण कार्यक्रम, एकीकृत कीट प्रबन्धन एवं जैविक खेती कार्यक्रम, फसल तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन कार्यक्रम, बागवानी में मशीनीकरण कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य प्रोजेक्ट आधारित कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं।पंजीकरण हेतु किसान भाई, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर पंजीकरण स्वयं, जनसेवा केन्द्र व कार्यालय से कर सकते है।कृषकों का चयन ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल वरीयता के आधार पर किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम में माह अप्रैल, 2025 से पंजीकरण प्रारम्भ है।

दो कटाव निरोधक परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह-पतरहिया, बोटनपुरवा, बगियापुरवा एवं भगईदासपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम, बहराइच जे.पी.

● संचालित कार्यों को 5 जून तक पूर्ण करने के दिये निर्देश

वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 445 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है।श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों के सामने 800.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग के द्वारा 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 985.00 मी. लम्बाई में 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें से 350.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है।निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी द्वारा स्लोप पिचिंग की लम्बाई की जांच करायी गयी, जो कि सही पायी गयी। डीएम ने अधि.अभि. श्री वर्मा को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में कार्य को 05 जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जाय।इसके उपरान्त डीएम ने सरयू नदी के बायें तट पर स्थित ग्राम समूह- सरैया, महौली शेर खाँ, भौरहवा, तकिया, गुरहवा, मुन्नीपुरवा की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक कार्य की परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधि.अभि. श्री वर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत रू. 417.30 लाख तथा कार्य आरम्भ होने की तिथि 05 अप्रैल है।परियोजना के अन्तर्गत 910.00 मी. लम्बाई में आर.बी.एम. भरे हुये जियो-बैग से 02 लेयर में स्लोप पिचिंग एवं 03 पंक्ति में परक्यूपाइन लगाकर उसके अन्दर कटाव निरोधक सामग्री के भरने का कार्य प्रस्तावित है, जिसमें 490.00 मी. कार्य पूर्ण हो चुका है।लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

डीएम ने अधि.अभि. बाढ़ खण्ड श्री वर्मा को निर्देशित किया कि कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्य को परक्यूपाइन लगाने सहित समस्त कार्य को 05 जून 2025 तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये।डीएम ने निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार कार्य स्थल पर मैनपावर व संसाधनों को बढ़ाकर प्रत्येक दशा में कटाव निरोधक कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें। उन्होंने यह कहा कि परियोजना अन्तर्गत कटाव को लेकर संवेदनशील स्थानों पर जियो ट्यूब के साथ निरोधक कार्य कराएं।

डीएम ने बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समयसीमा को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए निरन्तर पर्यवेक्षण कर कार्य पूर्ण करायें ताकि आमजन को कटान से सुरक्षा मिल सके। परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सम्बन्धित ग्रामों के मौजूद ग्रामवासियों से गत बाढ़ के दौरान होने वाली क्षति के मुआवजे के भुगतान, आवासीय व पेंशन योजनाओं, खाद्यान्न वितरण, स्वच्छ शौचालय, बच्चों की शिक्षा-दीक्षा तथा पंचायत भवन के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मौके से ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि पंचायत सचिवालय नियमित रूप से खुले रहें तथा ग्राम पंचायत अधिकारी वहां पर बैठ कर ग्रामवासियों को अनुमन्य सेवाएं प्रदान करें।इस अवसर पर बाढ़ खण्ड के सहायक अभियन्ता विशाल व अवर अभि. आशुतोष शर्मा भी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने चौकी इंचार्ज की अभद्रता को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

बिजनौर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बिजनौर की एक बैठक जिलाध्यक्ष सत्यकाम विश्नोई की अध्यक्षता और विनीत राजपूत प्रदेश सह कोषाध्यक्ष के संचालन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने थाना नूरपूर में तैनात कस्बा प्रभारी कुलदीप सिंह की कार्यप्रणाली की घोर निंदा की प्रदेश महामंत्री ने कहा की व्यापारी समाज सदेव शासन और प्रशासन को सहयोग करता रहता है। दूसरी और कस्बा इंचार्ज नूरपुर कुलदीप सिंह व्यापरियों से तरह, तरह की मांग करके अवैध वसूली करने का प्रयास करके उत्तर प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जनपद प्रशासन की ईमानदारी छवि को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे है। प्रदेश महामंत्री ने दरोगा कुलदीप सिंह के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की बैठक के पश्चात संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के माध्यम से भेजा है। ज्ञापन देने वाले में तस्लीम अहमद प्रदेश प्रभारी युवा, सरदार रविन्द्र सिंह नगर अध्यक्ष नूरपुर, संदीप जोशी महामंत्री, मुकुल गुप्ता युवा अध्यक्ष नूरपुर, प्रशांत गुप्ता मोनू जिला महामंत्री आदि उपस्थित रहे।

चेकिंग में 11 बड़े वाहनों का चालान, 4 निरुद्ध

बांदा। डीएम व एसपी के निर्देशों के चलते एआरटीओ प्रशासन शंकरजी सिंह, सीओ यातायात के के त्रिपाठी, पीटीओ रामसुमेर यादव तथा यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के तहत बड़े वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। तहसील नरैनी में परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों, बसों, दो पहिया वाहनों पर हेलमेट न लगाने, तीन सवारी बैठाने, मोबाइल इयरफोन पर बात करने और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग न करने के साथ ही काली फिल्म चढ़े होने आदि यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने को लेकर सघन अभियान चलाया गया। पीटीओ रामसुमेर यादव ने 11 बड़े वाहनों का चालान कर 4 वाहनों को कोतवाली नरैनी में निरूद्ध किया। बीते दिनों जिलाधिकारी जे0 रीभा ने यातायात सुरक्षा को लेकर सभी विभागों के साथ बैठक की थी और निर्देश दिए थे कि जिले में कोई भी वाहन अनधिकृत रूप से नही चलने चाहिए। इसी निर्देश के चलते प्रशासन अलग-अलग स्थानों पर अभियान चला रहा है। एआरटीओ ने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। परिवहन, यातायात, पुलिस विभाग ने वाहन चालकों से अपील की, कि यातायात नियमों का पालन करें। उचित दस्तावेज, फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन के बगैर वाहनों का संचालन कदापि न करें।

अंडरपास निर्माण को लेकर सांसद के नेतृत्व में ग्रामीण दिल्ली जाकर मंत्री से मिले

बिजनौर। मेरठ-पौड़ी हाईवे पर हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास निर्माण कराने की मांग को लेकर कई गांव के लोग दिल्ली पहुंचे और बिजनौर सांसद चंदन चैहान के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग हर्ष मल्होत्रा से मिले। मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस ग्रामीण दीपक कुमार, सुशील चैधरी, राजेश मंडल, गोविन्द, अमृत, बाबू अधिकारी, पंकज ढाली ने राज्यमंत्री को अवगत कराया कि मेरठ पौड़ी हाईवे पर हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धर्मनगरी, हेमराज कालोनी, नवलपुर, चांदपुर नौआबाद, खेड़की, चांदपुर फेरू समेत कई अन्य गांव के लोग पिछले लगभग एक माह से से धरने पर बैठे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। उनका कहना था कि यदि हाईवे पर हेमराज कालोनी के सामने अंडरपास निर्माण नहीं हुआ तो इस मार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ जायेगी इस लिए जनहित में अंडर पास निर्माण किया जाए।

नाला सफाई, योजनाओं का निरीक्षण

जिला संवाददाता

बांदा। शासन के निदेर्शों के चलते डॉ असलम अंसारी अपर निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय ने आगामी बरसात को देखते हुए मंडल के नगरीय निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति, नाला, नालियों की सफाई व विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होने गुरूवार को नगर पालिका परिषद बांदा के वार्ड 28 अलीगंज उत्तरी सट्टन चौराहा और नरैनी रोड स्थित निम्नी नाला में मशीनों से किए जा रहे नाला सफाई अभियान को महाप्रबंधक जल संस्थान धर्मेन्द्र कुमार सत्संगी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचंद्र के साथ प्रातः 8:30 बजे स्थानीय निरीक्षण किया और निकाली जा रही सिल्क को सीधे कचरा वाहन से सुरक्षित स्थान पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके बाद अपर निदेशक ने 10 बजे से नगर पालिका परिषद बांदा, अतर्रा, नगर पंचायत बबेरू, मटौंध, बिसंडा, नरैनी, तिंदवारी के अलावा जनपद चित्रकूट में नगर पालिका परिषद चित्रकूट, नगर पंचायत राजापुर, मऊ व मानिकपुर के अधिशाषी अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होने निर्देश दिए कि सभी अधिशाषी अधिकारी शासन के निदेर्शों के तहत आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व 20 मई तक जिले के 46 बड़े नाले, 104 मझोले नाले, 68 छोटे नाले एवं चित्रकूट के 36 बड़े नाले, 33 मझोले एवं 46 छोटे नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि नगर में कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में निकायों में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डिप्टी कलेक्टर, अधिशाषी अधिकारी इरफान उल्ला खां, उप जिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी के साथ ही नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन अभिषेक खरे, सफाई एवं खाद्य निरीक्षण देवेन्द्र कुमार, हेमंत प्रसाद, वरिष्ठ लिपिक राघवेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं नरैनी शुभम द्विवेदी मौजूद रहे।

मोटरसाइकिल चोरी का सरगना गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद

बांदा। मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को बबेरू पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते बांदा और आस-पास के जिलों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का बबेरू पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। बीती 15 मई की रात को बबेरू पुलिस गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अतर्रा रोड कस्बा बबेरू में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। कड़ाई से पूंछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने तीन अन्य साथियों के साथ गिरवां थाना क्षेत्र से चोरी की थी। उसने बताया कि साथियों के साथ और भी मोटरसाइकिल बांदा शहर, चित्रकूट व सतना से चोरी की हैं। जिनमें एक मेरे घर पर, बाकी साथी के घर पर रखी है।

पुलिस ने आरोपी अरविंद कुशवाहा पुत्र रामसुमेर निवासी पिपरी खिरवा थाना बिसंडा की निशानदेही पर 5 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें एक मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से में रिक्शा ट्रॉली लगी हुई है। पुलिस घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। फरार आरोपियों में विवेक कुमार पुत्र देव प्रसाद निवासी कस्बा बबेरू, पंकज पुत्र छोटे वर्मा निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा बबेरू व संतलाल उर्फ निराला पुत्र शिवपूजन वर्मा, निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा व थाना बबेरू हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कस्बा चैकी प्रभारी जयचंद सिंह, उप निरीक्षक सैफ अहमद अंसारी, उप निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, देवीदीन गौतम, हेड कां0 रजनीश पाण्डेय, कां0 नरेश अहिरवार, स्पेन्द्र व सूर्यांशु रहे।

डीएम ने विद्युत सब स्टेशन का किया निरीक्षण

बांदा। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन विद्युत सब स्टेशन खैराडा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिंगवाही का निरीक्षण किया। उन्होने विद्युत विभाग के निमार्णाधीन विद्युत सब स्टेशन खैराडा के अधिकारियों को ट्रांसमिशन के तहत इलेक्ट्रिक कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कराया जाए। डीएम ने इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने बच्चियों के क्लास रूम, छात्रावास और भोजनालय का जायजा लिया। शिक्षकों को विद्यालय में इंटरनेट व्यवस्था को सही कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिंगवाही के निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन अकेडमिक ब्लाक एवं छात्रावास निर्माण कार्य को देखा। उन्होने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानक के अनुरूप समय सीमा में काम पूरा किया जाए। काम ठीक न मिलने पर अधिकारी एवं ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अग्निशमन केन्द्र का निरीक्षण किया और मैनपावर कम मिलने पर मैन पावर बढ़ाए जाने तथा बाउंड्री वाल का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

निर्माणाधीन बांधों का डीएम ने किया निरीक्षण

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज औचक रूप से रावली बैराज रोड पर बनने वाले निर्माण अधिनियम बांधों का निरीक्षण किया गया तदुपरांत उनके द्वारा कनाडा डीसी आश्रम में संचालित निर्माण कार्यों को भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सिंचाई खंड 5 के अधिशासी अभियंता बृजेश मौर्य, अफजलगढ़ सिंचाई खंड अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार, तहसीलदार सदर अमरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निमार्णाधीन बंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड- 5 को निर्देशित किया गया कि माह मई के अंत तक सभी बंधों के निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि किसी भी स्तर पर गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण कटाव का अंदेशा न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, सभी कार्य पूर्ण मानक के आधार पर संपन्न कराना सुनिश्चित कराएं। तदुपरांत जिलाधिकारी द्वारा कण्व ऋषि आश्रम में संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक माह पूर्व उनके द्वारा किए गए निरीक्षण में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारी को शो काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इसी माह के अंदर डॉरमेट्री, इंटरलॉकिंग एवं शौचालय निर्माण का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रमण कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा शीश महल स्थित प्रोजेक्ट आउटलेट का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को संभावित बाढ़ के नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

बहराइच 15 मई। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शासकीय कार्यहित जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह को तहसील कैसरगंज, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज प्रकाश सिंह को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में उप जिलाधिरकारी के पद तैनात किया गया।

ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस को तहसील महसी में ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। जबकि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय को जिला मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है।

प्रेरणा विदुर ब्रांड आउटलेट का किया उद्घाटन

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एंव जिलाधिकारी जसजीत जसजीत कौर द्वारा गुरुवार की सुबह विकास भवन परिसर स्थित प्रेरणा विदुर ब्रांड आउटलेट का दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, उपयुक्त एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं अन्य विभागीय अधिकारी, होटल, रेस्टोरेंट, मेडिकल एसोसिएशन, विभिन्न व्यापार संगठन, किराना स्टोर स्वामियों सहित भारी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा विदुर उत्पादों का प्रयोग करने वाले होटल एवं रेस्टोरेंट स्वामियों एवं मेडिकल स्टोर संगठन के अध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विदुर ब्रांड विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित किए जाते हैं जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने में सफलता के नए आयाम तय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक उत्पाद तैयार किए जाते हैं जिनका वार्षिक टर्नओवर लगभग एक करोड रुपए है। उन्होंने यह भी बताया कि विदुर ब्रांड उत्पादों को के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए 29 मोबाइल वैन संचालित हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा ही ई-स्कूटर एवं ई-रिक्शा उत्पादित की जा रही हे तथा विदुर ब्रांड के सभी उत्पादों के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग एवं क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने जिले के व्यापारी वर्ग को एवं जन सामान्य का आह्वान किया कि वह अपनी घरेलू सामग्री की आपूर्ति के लिए राष्ट्रीय मनको से परिपूर्ण हाइजीनिक उत्पादों का प्रयोग कर विदुर ब्रांड मिशन की सफलता में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा द्वारा इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से विदुर ब्रांड के उत्पादों, मानकों एवं मार्केटिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड महिलाओं पर आर्थिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता महिला ग्रुप की 23 हजार महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो रहा है जो विदुर ब्रांड उत्पादों की मानकों की सफलता का प्रमाण है।

सेंट मेरी स्कूल में स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर

बांदा। सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ के तत्वावधान में गुरूवार को स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। डॉ हिमांशु सिंह मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, डॉ नम्रा सिराज डीडीओ, डॉ मोहम्मद मशजूद नेत्र रोग विशेषज्ञ, मोहम्मद आकिब फारूखी एमडी ने बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में अनेकों प्रकार की जानकारियां दीं। आंखों, मस्तिष्क को और पूरे शरीर को किस प्रकार से स्वस्थ्य रखा जाता है इस बारे में आवश्यक टिप्स दिए। पढ़ाई के समय कितनी रोशनी में पढ़ना है नेत्र विशेषज्ञ ने बताया और आंखों से संबंधित जांचों के लिए जानकारी दी। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों की जांचें कीं और स्वास्थ्य संबंधी बातों को ध्यान में रखने के लिए प्रेरित किया। सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था बीते 8 वर्षों से जरूरतमंदों को रक्तदान करने का कार्य करती है। संस्था ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें सेंट मेरी स्कूल के शिक्षकों ने रक्तदान कर मानवता का कार्य किया। इस दौरान शिविर में संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया सुनील सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य आशिफ अंशारी, ब्लड बैंक से पीआरओ प्रमोद द्विवेदी, प्रमोद यादव, ब्लड बैंक स्टॉफ, शिक्षक और स्टॉफ मौजूद रहा।

जनता लघु माध्यमिक विद्यालय व प्रा.वि. बितनिया का निरीक्षण

व्यवस्थाएं दुरुस्त न मिलने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के स्थानान्तरण के दिये निर्देश

बहराइच । परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत 01 परिसर में संचालित जनता लघु माध्यमिक विद्यालय बरूआ बितनिया व प्राथमिक विद्यालय बितनिया का औचक निरीक्षण किया। जनता लघु माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका आशा वर्मा से छात्र-छात्राओं का पंजीकरण एवं उपस्थिति तथा पठन-पाठन कार्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्राथमिक विद्यालय बितनिया के निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षा की गुणवत्ता को परखने के लिए कक्षा 01 से 03 तक संचालित क्लासरूम में जाकर बच्चों की कापियों का अवलोकन करने पर पाया कि काफी दिनों से कापियां चेक नहीं हुई तथा बच्चों की पुस्तकें भी व्यवस्थित नहीं हैं। मध्यान्ह भोजन के बारे में बताया गया सब्जी रोटी तैयार की जा रही है जबकि मेन्यू के अनुसार आज बच्चों को दाल रोटी मिलनी चाहिए थी। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विगत 08 मई को खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किये गये निरीक्षण में निर्देश देने के बावजूद बोर्ड को अद्यतन नहीं किया गया है और अभी भी पूर्वाधिकारियों का विवरण व अन्य सूचनाएं दर्ज हैं। डीएम ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे पर्यवेक्षण कार्य में शिथिलता मानते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्थानान्तरण करने के निर्देश दिये।

विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, सहायक अध्यापक राज कुमार व शिक्षा मित्र उपस्थित पाये गये। प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि पंजीकृत 176 बच्चों के सापेक्ष 85 उपस्थित हैं। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों का गुणवत्तापरक शिक्षा दें तथा बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाया जाय।

केंद्र सरकार अर्द्धसैनिक बलों की पुरानी पेंशन अविलंब बहाल करें: प्रदेश उपाध्यक्ष

बिजनौर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 01 जनवरी 2004 को केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू किया गया। चंद्रहास सिंह ने कहा कि केन्द्रीय सशस्त्र बल के 10 लाख से अधिक सैनिकों को भी संवैधानिक पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित किया गया। जों केन्द्र सरकार पूर्णत असंवैधानिक है निर्णय है। सशस्त्र बल के सभी सैनिक प्रत्येक परिस्थिति में आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते आए है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने 11 जनवरी 2023 को सभी अर्धसैनिक बलों को सशस्त्र बल मानते हुए पुरानी पेंशन देने का एतिहासिक आदेश दिया। जिसके खिलाफ केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई जो केन्द्र सरकार ने गैरजुम्मेदारन निर्णय लिया। सशस्त्र बल के सभी सैनिक देश की सरहदों को सुरक्षित रखते हैं उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा से केंद्र सरकार का बचाना पूर्णतः असंवैधानिक है। केंद्र सरकार को केंद्रीय सशस्त्र बल की सभी सैनिकों को उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा देने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को अविलंब बहाल करना चाहिए।

संक्षेप

यामाहा के टू-व्हीलर्स अब मिलेंगे 10 साल की टोटल वारंटी

नई दिल्ली। इंडिया यामाहा मोटर प्रा. लि. (आईवायएम) ने भारत में अपने 40 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आज देश में बनी अपनी सभी मोटरसाइकिलों और स्कूटर्स पर 10 साल की टोटल वारंटी शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल यामाहा की प्रीमियम ब्रैंड रणनीति का एक अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, दीर्घकालिक भरोसा और पूरी मानसिक शांति देना है। नई टोटल वारंटी में 2 साल की स्टैंडर्ड वारंटी और 8 साल की एक्स्टेंडेड वारंटी शामिल है। इसमें इंजन, इलेक्ट्रिकल पार्ट्स और फ्यूल इंजेक्शन (एफआई) सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण चीजें कवर की जाएंगी। इसके तहत यामाहा की हाइब्रिड स्कूटर्स रेंज मैक्सी-स्पोर्ट्स ऐरोक्स 155 Version एस पर 1,00,000 किलोमीटर तक का कवरेज मिलेगा, जबकि भारत में बनी मोटरसाइकिल रेंज (एफजेड सीरीज, आर15) को 1,25,000 किलोमीटर तक कवर किया जाएगा। कंपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए सीमित समय के लिए सभी नए ग्राहकों को यह टोटल वारंटी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के दे रही है।

सही पोषक तत्व से भरपूर नाश्ता रखेगा स्वस्थ

बंगलुरू। भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। ये स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है।

कुरकुरे ने पेश किया नया कैंपेन

बंगलुरू। कुरकुरे ने अपने ग्राहकों के लिये अधिक वैल्यू की पेशकश करते हुये ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को हर पैक में 65 प्रतिशत अधिक प्रोडक्ट मिलेगा। इसके साथ ही कम्पनी ने इस पेशकश को और भी चटपटा बनाते हुए दो नई कैंपेन भी जारी की हैं जो मौज-मस्ती और बिंदासपन को दर्शाती हैं, और इनमें यूपी में ग्राहकों के व्यवहार की बानगी दर्शायी गयी है। सर्वाधिक गतिशील और अधिक संभावना वाले मार्केट्स में से है और जब भी उपभोक्ता हमें कुछ कहते हैं, तो हम उनकी बात ध्यान से सुनते हैं। कुरकुरे हमेशा से फ्लेवर से भरपूर और दिलचस्प किस्सागोई से जुड़ा रहा है, और इस कैम्पेन के जरिए हम उपभोक्ताओं की पसंद के मुताबिक दोहरी पेशकश कर रहे हैं।

187 स्टार्टअप को आयकर छूट लाभ देने की मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने 187 स्टार्टअप कंपनियों को आयकर छूट की मंजूरी दी है। कर लाभ से पात्र स्टार्टअप को अपने गठन की तारीख से 10 साल की अवधि के भीतर किसी भी लगातार तीन वर्षों के लिए मुनाफे पर 100 प्रतिशत आयकर कटौती की अनुमति मिलती है। आयकर लाभ योजना उभरते व्यवसायों को उनके प्रारंभिक वर्षों में सहायता प्रदान करने, नवाचार, रोजगार एवं धन सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने आयकर अधिनियम की संशोधित धारा 80-आईएसी के तहत 187 स्टार्टअप को आयकर छूट के लिए मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया, इस संबंध में निर्णय अंतर-मंत्रालयी बोर्ड (आईएमबी) की बैठक के दौरान लिया गया। इसके साथ ही योजना की शुरुआत से अबतक 3,700 से अधिक स्टार्टअप को छूट दी जा चुकी है।

देश का वस्तु निर्यात बढ़कर 38.49 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। भारत का निर्यात अप्रैल में 9.03 प्रतिशत बढ़कर 38.49 अरब डॉलर रहा। वहीं व्यापार घाटा 26.42 अरब डॉलर रहा। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में आयात सालाना आधार पर 19.12 प्रतिशत बढ़कर 64.91 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत निर्यात की इस गति को बनाये रखेगा।

सेंसेक्स में 1200 अंकों की उछाल

मुंबई। चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी सात महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया। बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों की पूंजी नौ लाख करोड़ रुपये बढ़ी।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे। सूचकांक कारोबार के पहले चरण में सीमित दायरे में रहा। लेकिन दोपहर कारोबार में बैंक, वाहन, आईटी तथा तेल एवं गैस शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स एक समय 1387.58 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट और भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के बारे में अमेरिका से सकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में जोरदार तेजी आई और यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। वाहन और रियल एस्टेट जैसे ब्याज दर-से जुड़े क्षेत्रों ने तेजी की अगुवाई की। उद्योग के सकारात्मक पूर्वानुमान से भी इसे समर्थन मिला। निवेशकों का ध्यान अब फेडरल रिजर्व के प्रमुख के आगामी संबोधन पर है। इससे विशेष रूप से अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों में हाल ही में आई नरमी के बीच भविष्य की नीति रूपरेखा को लेकर चीजें और स्पष्ट होने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क हटाने की पेशकश की है। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एकमात्र इंडसइंड बैंक में गिरावट आई। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुरुआती कारोबार में मानक सूचकांकों में तेजी से उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन यूरोपीय और अन्य एशियाई बाजारों में नरमी के बावजूद चौतरफा लिवाली के समर्थन से इसने जल्दी ही अपनी खोई हुई गति हासिल कर ली और इसके बाद इसमें तेज बढ़त दर्ज की गयी।

रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 प्रति डॉलर पर

मुंबई। आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी कोषों की निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपये में गिरावट आई। हालांकि, घरेलू बाजार में तेजी आने तथा कच्चे तेल की कीमत में कल रात आई गिरावट ने रुपये के नुकसान पर कुछ अंकुश लगा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.53 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 85.48 के उच्च एवं 85.73 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। सत्र के अंत में रुपया 85.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपये की आरंभिक तेजी काफी हद तक लुप्त हो गयी और कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.32 पर बंद हुआ जो अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की तेजी है। हमें उम्मीद है कि सकारात्मक घरेलू बाजारों और वैश्विक बाजारों में जोखिम वाली परिसंपत्तियों की मांग बढ़ने के बीच रुपया सकारात्मक पूर्वाग्रह के साथ कारोबार करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव कम होने और अमेरिका और चीन के बीच व्यापार शुल्क तनाव कम होने से भी रुपये को समर्थन मिल सकता है। व्यापारी पीपीआई, खुदरा बिक्री, एम्पायर स्टेट मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स, औद्योगिक उत्पादन और अमेरिका से साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 85.20 से 85.90 के बीच कारोबार करने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.75 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक की बढ़त के साथ 82,530.74 अंक पर जबकि निफ्टी 395.20 अंक चढ़कर 25,530.74 अंक पर बंद हुआ।

पंजाब सरकार धान पराली आधारित बॉयलर लगाने के लिए उद्योग को सब्सिडी देगी

चंडीगढ़। पंजाब सरकार धान की पराली आधारित बॉयलर लगाने के लिए उद्योगों को पूंजीगत सब्सिडी देगी। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने बृहस्पतिवार को यहां यह जानकारी दी।

उद्योग और वाणिज्य मंत्री सोंद ने कहा कि राज्य सरकार ने बॉयलर में ईंधन के रूप में धान पराली का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन देने के लिए पूंजीगत सब्सिडी के रूप में 60 करोड़ रुपये धनराशि का निर्धारण किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल उद्योगों में ईंधन के रूप में धान के अवशेषों के उपयोग को बढ़ावा देगा और धान की पराली के प्रबंधन में मदद करेगा, बल्कि धान उत्पादकों की आय में भी वृद्धि करेगा। सोंद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि हमने उद्योगों से अपने बॉयलर में धान की पराली का उपयोग करने के लिए कहा है। इस कदम से बॉयलर चलाने के लिए ईंधन के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले कोयले पर उद्योगों की निर्भरता को कम करने में भी मदद मिलेगी। योजना का ब्योरा देते हुए सोंद ने कहा कि राज्य सरकार आठ टन क्षमता वाले धान पराली पर आधारित नए बॉयलर की स्थापना के लिए एक करोड़ रुपये की पूंजी सब्सिडी और 16 टन क्षमता वाले बॉयलर के लिए दो करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। मौजूदा बॉयलर को आठ टन क्षमता वाले धान पराली पर आधारित बॉयलर में बदलने के लिए 50 लाख रुपये और 16 टन क्षमता वाले बॉयलर के लिए एक करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।

सोना 1800 रुपये गिरकर 95050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 95,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बुधवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,850 रुपये और 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। निवेशकों के सुरक्षित-संपत्तियों से दूर जाने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है। अमेरिका और चीन के बीच 90 दिन के लिए शुल्क कम करने पर सहमति बनने से बड़े पैमाने पर व्यापार युद्ध की आशंकाओं को कम कर दिया है। चांदी की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही, जो 1,000 रुपये घटकर 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले बाजार सत्र में चांदी 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 16.81 डॉलर या 0.53 प्रतिशत गिरकर 3,160.71 डॉलर प्रति औंस रह गया।

भारत में कच्चे तेल की मांग 2025 में चीन की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ेगी

नयी दिल्ली। तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक ने अपने नवीनतम वैश्विक परिदृश्य में कहा है कि भारत की कच्चे तेल की मांग वर्ष 2025 और 2026 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है और यह चीन की मांग की तुलना में दोगुनी होगी।

भारत की तेल मांग वर्ष 2024 में 55.5 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से बढ़कर वर्ष 2025 में 57.4 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है, जो कि 3.39 प्रतिशत की वृद्धि है। इसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से मदद मिलेगी। अनुमान है कि 2026 में यह 4.28 प्रतिशत की दर से बढ़कर 59.9 लाख बीपीडी हो जाएगी। मांग में यह वृद्धि 2025 में चीन की तेल मांग में 1.5 प्रतिशत और 2026 में 1.25 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि से अधिक है। लेकिन निरपेक्ष रूप से, अमेरिका 2025 में 2.05 करोड़ बीपीडी की मांग के साथ सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता बना रहेगा, उसके बाद चीन (2025 में 1.69 करोड़ बीपीडी और 2026 में 1.71 करोड़ बीपीडी) का स्थान होगा। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। अमेरिका में 2025 में 0.09 प्रतिशत और 2026 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। ओपेक को उम्मीद है कि 2025 और 2026 दोनों में वैश्विक तेल मांग में 13 लाख बीपीडी की वृद्धि होगी।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 3,48,847 इकाई पर

नयी दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 इकाई हो गई। उद्योग निकाय संगठन सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अप्रैल 2024 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,35,629 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहन खंड ने अप्रैल 2025 में 3.49 लाख इकाइयों की अपनी अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 3.9 प्रतिशत अधिक है। सियाम की ओर से जारी बयान के अनुसार, अप्रैल में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 14,58,784 इकाई रह गई। अप्रैल 2024 में बाइक, स्कूटर और मोपेड की थोक बिक्री 17,51,393 इकाई रही थी। स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 5,48,370 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 की 5,81,277 इकाई से छह प्रतिशत कम है। मोटरसाइकिल की बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत घटकर 8,71,666 इकाई रह गई। मोपेड की थोक बिक्री 38,748 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 41,924 इकाई की तुलना में आठ प्रतिशत कम है।

मेनन ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग ने अप्रैल 2025 से दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स (ओबीडी) दो विनियमन के दूसरे चरण की नई नियामक व्यवस्था को सुचारू रूप से अपना लिया है। इसके अलावा इस महीने से समूचे देश में ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन भी पेश कर दिए गए। ई-20 अनुरूप पेट्रोल वाहन ऐसे पेट्रोल वाहन होते हैं जो ई-20 ईंधन (20 प्रतिशत एथनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण) का इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने किसानों से धान बुवाई के लिए डीएसआर तकनीक अपनाने को कहा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को धान उत्पादकों से धान की बुवाई के लिए चावल की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह भूजल के अधिक क्षरण को रोकने में मदद करेगा।

यहां जारी बयान में मान ने कहा कि उनके कार्यभार संभालने के बाद उनकी सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रयास के तहत ही राज्य सरकार ने धान की खेती की डीएसआर तकनीक को प्रोत्साहित किया है, जिसके तहत बृहस्पतिवार को इस योजना के तहत बुवाई शुरू कर दी गई है। मान ने कहा कि उनकी सरकार ने इस खरीफ सीजन के दौरान पांच लाख एकड़ भूमि को डीएसआर तकनीक के तहत लाने का लक्ष्य रखा है। किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एक ओर जहां टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना है, वहीं दूसरी ओर भूजल का संरक्षण करना है। मान ने कहा कि राज्य सरकार डीएसआर अपनाने के लिए प्रत्येक किसान को 1,500 रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में इस उद्देश्य के लिए 40 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन भी रखा है। उन्होंने कहा कि इसमें इच्छुक किसान 10 मई से 30 जून तक ऑनलाइन पोर्टल पर डीएसआर योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से राज्य में 15-20 प्रतिशत भूजल की बचत होगी, साथ ही कृषि पर अतिरिक्त खर्च भी कम होगा।

पेज एक का शेष

सुप्रीम कोर्ट

की अपेक्षा की जाती है। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने याचिका की तत्काल सुनवाई के लिए पीठ के समक्ष मामले का विशेष उल्लेख किया और कहा कि उच्च न्यायालय ने इसका स्वतः संज्ञान लिया है और प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। बाद में, एक अन्य वकील ने पीठ के समक्ष एक अलग याचिका का उल्लेख किया, जिसमें कर्नल कुरैशी के खिलाफ टिप्पणी के लिए शाह के खिलाफ कार्वाई किये जाने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा, हम इस तरह के प्रचार पाने वाले मुकदमे नहीं चाहते। कोई भी अखबार पढ़ता है और ऐसी याचिकाएं दायर करता है। पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले का संज्ञान ले लिया है। मखीजा ने कहा कि याचिकाकर्ता, राज्य के आदिवासी मामलों के मंत्री ने खेद व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा, यह ऐसा बयान था जिसका गलत मतलब निकाला गया और इसे मैं साबित कर सकती हूं। उनका (शाह का) कभी भी वह मतलब नहीं था जो मीडिया द्वारा निकाला एवं बताया जा रहा है। पीठ ने कहा, अब प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता प्राथमिकी पर रोक लगाने का अनुरोध कर रहे हैं, क्योंकि उच्च न्यायालय ने उनका पक्ष नहीं सुना है। मखीजा ने कहा कि उनके मुवक्किल बस यही अनुरोध कर रहे हैं कि जब तक उनका पक्ष नहीं सुना जाता तब तक कोई कार्वाई न की जाए। पीठ ने प्रश्न किया कि याचिकाकर्ता ने राहत के लिए उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। पीठ ने कहा, केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति मंत्री है, क्या हमें इस पर विचार करना चाहिए। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करें। ब मखीजा ने उच्चतम न्यायालय से उच्च न्यायालय के आदेश को देखने का आग्रह किया तो पीठ ने कहा, हम इसे कल देखेंगे।

पाकिस्तान में

जायेगा। उन्होंने कहा, लेकिन पाकिस्तान ने भारत को धोखा दिया और अब भी दे रहा है। अब उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। और अगर आतंकवाद जारी रहा तो यह कीमत बढ़ती जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट रूप से पुनः रेखांकित किया है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्वाई माना जाएगा। पाकिस्तान में छिपे आतंकी और उनके आका अब भारतीय बलों के निशाने पर हैं। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते और अगर वार्ता होगी तो वह आतंकवाद और पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) पर होगी। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पाकिस्तान में छिपे आतंकवादी संगठनों और उनके आकाओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वे कहीं भी खुद को सुरक्षित न समझें।

उन्होंने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मिले कर्ज का जिक्र करते हुए कहा, रही बात पाकिस्तान की, तो वह देश तो मांगते-मांगते अपनी जहालत से एक ऐसी हालत में आ गया है, कि उसके बारे में यह भी कहा जा सकता है, कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू होती है। अभी आपने सुना ही होगा, कि कैसे वह फिर एक बार आईएमएफ के पास कर्ज मांगने गया। वहीं, दूसरी तरफ हमारा देश है कि हम, आज उन देशों की श्रेणी में आते हैं, जो आईएमएफ को निधि देते हैं ताकि आईएमएफ गरीब देशों को कर्ज दे सके। रक्षा बलों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री के तौर पर मुझे आप सभी को बहुत करीब से जानने का मौका मिला है। मैं आपके साहस और वीरता को जानता हूं और साथ ही पहलगाम जैसी घटनाओं के प्रति आपके गुस्से को भी जानता हूं। मैं जानता हूं कि पहलगाम की घटना के बाद आपके अंदर गुस्सा था, पूरे देश के अंदर गुस्सा था। उन्होंने कहा, और मुझे इस बात की भी खुशी है कि आपने अपने गुस्से को सही दिशा दी और बहुत साहस और बुद्धिमत्ता के साथ आपने पहलगाम का बदला लिया।

यूपी में

को माफ किये जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गयी है। पशुधन व दुग्ध विकास विभाग के प्रस्तावों पर भी मुहर लगी है। इसमें उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन को मंजूरी मिली है। इस प्रस्ताव से प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। औद्योगिक विकास विभाग का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया। बैठक में मेसर्स आरसीसीपीएल प्रा. लि. रायबरेली इकाई को 1 अगस्त 14 से 30 सितम्बर 21 की अवधि तक विभिन्न अनुमन्य सुविधाओं के लिए 693,18,31,944 का वितरण कर दिया गया है। जेके सीमेंट प्रयागराज 450.92 करोड़, मून बेवरेज लिमिटेड हापुड़ 469.61 करोड़, सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर 403.88 करोड़, ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड लखीमपुर 399.74 करोड़, चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी दी गयी है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभाओं के बैठकों आदि में होने वाले व्ययों के फंड को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी दी गयी है। योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने इसे पंचायत उत्सव भवन का नाम दिया है। प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में इन उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान है।

मणिपुर के चंदेल

मिली, जिसके आधार पर स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स ने 14 मई को अभियान शुरू किया। पोस्ट में कहा गया है, अभियान के दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने सैनिकों पर गोली चलाई, जिसके बाद जवानों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं। इस दौरान मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए और भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया गया।

यूपी में हादसों

योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को घायलों का तत्काल इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राजधानी से सटे हरदोई जिले में पूर्वाह्न करीब पौने 10 बजे हरदौल मऊ गांव के पास एक ऑटोरिक्शा और डंपर की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बांगरमऊ से संडीला जा रहे इस ऑटोरिक्शा में नौ यात्री सवार थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान रंजीत राठौर (25), अंकित कुमार (20), अरविंद (20), फूलजहां (24), निसार (40) और बिटाना (25) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल सिराज (26), अयाज (दो) और जुगनू (सात) को संडीला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां से उन्हें लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। अयाज की हालत गंभीर बतायी जाती है। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन का कहना है कि डंपर चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, बलरामपुर जिले में बलरामपुर-तुलसीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात एक भीषण टक्कर में शादी से लौट रहे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई।

भारत में

बनाएं। ट्रंप ने कहा, मैंने उनसे (कुक) कहा कि मेरे मित्र, मैं आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार कर रहा हूं। आप 500 अरब डॉलर लेकर आ रहे हैं, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि आप भारत में विनिर्माण कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में विनिर्माण करें। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में विनिर्माण कर सकते हैं। इसी वर्ष एप्पल ने अगले चार साल में अमेरिका में 500 अरब डॉलर खर्च करने का वादा किया था। कुक के साथ विचार-विमर्श के परिणामस्वरूप ट्रंप ने कहा कि एप्पल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगी। उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। इस संबंध में एप्पल को ई-मेल के जरिये भेजे गये सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने ट्रंप के बयान पर एप्पल से बात की है। सूत्र ने कहा एप्पल ने आश्वस्त किया है कि भारत में उसकी निवेश योजनाएं बरकरार हैं और भारत उसके उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र होगा। सस्ते कुशल श्रम और सटीक इंजीनियरिंग उत्पाद आपूर्ति शृंखलाओं की उपलब्धता ने एप्पल को आईफोन के विनिर्माण के लिए चीन और भारत की ओर आकर्षित किया है। इसकी तुलना में अमेरिकी श्रम और विनिर्माण महंगा है। ट्रंप ने सुझाव दिया कि एप्पल भारतीय बाजार के लिए भारत में अपने उत्पाद बना सकती है। लेकिन अमेरिका में बेचे जा रहे मेड इन इंडिया (भारत में विनिर्मित) आईफोन को रोकना होगा। उन्होंने कहा, आप चाहें तो भारत में विनिर्माण कर सकते हैं, ताकि भारत का ख्याल रखा जा सके। कुक ने पहले कहा था कि एप्पल जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकांश आईफोन भारत से खरीदेगा, जबकि शुल्क पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए अधिकांश उपकरण बनाएगा। भारत में बने आईफोन को ताइवान की अनुबंध पर विनिर्माण करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन के तमिलनाडु स्थित कारखाने में असेंबल किया जाता है। भारत में पेगाट्रॉन कॉर्प का संचालन करने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स दूसरी प्रमुख विनिर्माता है। टाटा और फॉक्सकॉन आईफोन उत्पादन बढ़ाने के लिए नए संयंत्र बना रहे हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं।

भारत में तुर्किये

इनोनू विश्वविद्यालय के साथ किए गए अकादमिक समझौते को निलंबित कर दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में लिखा है, राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्किये के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। तुर्किये के मालट्या में स्थित इनोनू विश्वविद्यालय ने क्रॉस-कल्चरल रिसर्च और छात्र सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत जेएनयू के साथ अकादमिक साझेदारी की थी। जेएनयू ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय की ओर से यह भी कहा गया कि 'जेएनयू राष्ट्र के साथ खड़ा है।

सेवा, संस्कृति

मंगल दलों को डिजिटल मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य स्तर पर एक पोर्टल विकसित किया जाएगा, जिससे सभी युवक एवं महिला मंगल दल आपस में जुड़ सकें और एक-दूसरे के कार्यों से प्रेरणा ले सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मंगल दलों को स्वरोजगार के लिए भी प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में 50,000 से 3.5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य सरकार द्वारा जनहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री युवा मंगल दल स्वावलंबन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण खेलकूद एवं स्वास्थ्य संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना और पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्थानीय मेले-पर्वों के आयोजन के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर लोक संस्कृति के संवर्धन को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे मंगल दलों के सदस्यों ने कई अहम सुझाव भी दिए। उत्तरकाशी के आजाद डिमरी ने प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग की, जबकि बागेश्वर की खुष्टि कोरंगा ने ब्लॉक और जनपद स्तर की बैठकों में मंगल दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। चम्पावत की मोनिका ने सूचना के आदान-प्रदान के लिए पोर्टल की आवश्यकता जताई।

संक्षेप

झेंग किंवेन इटालियन ओपन सेमीफाइनल में

रोम। चीन की ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6 . 4, 6 . 3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। बाईस वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी। पुरूष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6 . 4, 6 . 4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7 . 6, 6 . 4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6 . 4, 7 . 6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नये पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफे में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं।

राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल दो व तीन को

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्तिवार को घोषणा की कि शॉटगन स्पर्धाओं (ट्रैप और स्कीट) के लिए चयन ट्रायल दो और तीन क्रमशः नयी दिल्ली और भोपाल में 21 मई से एक जून तक आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल इस साल के अंत में होने वाले दो आईएसएसएफ विश्व कप (इटली और यूनान), 16वीं एशियाई चैंपियनशिप (कजाकिस्तान), आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (भारत - सितंबर) और तीसरे एशियाई युवा खेलों (बहरीन - अक्टूबर) सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के लिए भारतीय टीम के चयन में मदद के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय चयन ट्रायल दो यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 21 से 26 मई तक आयोजित किया जाएगा जिसमें स्कीट क्वालीफिकेशन पहले दिन और फाइनल दो दिन बाद होंगे। ट्रैप स्पर्धा के ट्रायल 24 से 26 मई तक होंगे। राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन का आयोजन एक से आठ जून तक भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में किया जाएगा।

आकर्षि थाईलैंड में भारतीय चुनौती खत्म

बैंकॉक। एलीट अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों में भारत का खराब प्रदर्शन जारी रहा और थाईलैंड ओपन सुपर 500 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब दुनिया की दसवें नंबर की महिला जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद समेत सभी भारतीय खिलाड़ी बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री को जापान की रूइ हिरोकामी और सायाका होबारा ने दूसरे दौर में 22 . 20, 21 . 14 से हराया। पुरूष एकल में लक्ष्य सेन पहले दौर में बाहर हो गए थे। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबु धाबी मास्टर्स 2023 विजेता 17 वर्ष की उन्नति हुड्डा को थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 39 मिनट में 21 . 14, 21 . 11 से हराया। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रेचानोक इंतानोन ने 21 . 12, 21. 16 से हराया। वहीं आकर्षि कश्यप को सुपनिदा केटथोंग ने 34 मिनट के भीतर 21 . 9, 21 . 14 से हराया। पुरूष एकल में तरूण मन्नेपल्ली को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने 21 . 14, 21 . 16 से मात दी। भारत का कोई खिलाड़ी इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सका है।

अटल बिहारी बाजपेयी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 16 से

लखनऊ। पांचवीं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में उत्तर प्रदेश के 40 जिलों के खिलाड़ी दांव पर लगे 148 स्वर्ण पदकों के लिए चुनौती पेश करने उतरेंगे। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन 16 से 18 मई 2025 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है।

टी-20 : इंग्लैंड दौरे में शेफाली की वापसी

प्रतिका ने इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने नौ पारियों में 500 वनडे रन बनाये

एजेंसी

नयी दिल्ली। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की बृहस्तिवार 28 जून से ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई, उन्हें सात महीने के अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। शेफाली खराब फॉर्म के कारण अक्टूबर 2024 से भारतीय टीम से बाहर थीं। पर उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में जगह नहीं मिली जिसकी घोषणा भी बृहस्पतिवार को ही की गई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के

भारत (सीनियर महिला) के 2025 इंग्लैंड दौरे का कार्यक्रम

पहला टी20	28 जून
दूसरा टी20	1 जुलाई
तीसरा टी20	4 जुलाई
चौथा टी20	9 जुलाई
पांचवां टी20	12 जुलाई
पहला वनडे	16 जुलाई
दूसरा वनडे	9 जुलाई
तीसरा वनडे	22 जुलाई

मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें उन्होंने 152 के स्ट्राइक-रेट से नौ मैच में 304 रन बनाए। वह डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ियों में नैट-साइवर ब्रंट, एलिस पेरी और हेली मैथ्यूज के बाद चौथे स्थान पर रही थीं और भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं।

वापसी करने वाली एक अन्य खिलाड़ी विकेटकीपर यास्तिका भाटिया हैं जो महिला बिग बैश लीग के दौरान कलाई की चोट के कारण पिछले नवंबर से बाहर थीं। वह वनडे टीम का भी हिस्सा हैं। यास्तिका के अलावा दोनों टीमों में अन्य विकेटकीपर ज्चा घोष हैं। भारत ने जहां 15 सदस्यीय टी20 टीम की घोषणा की है, वहीं वनडे टीम में 16 खिलाड़ी हैं और दोनों टीमों की अगुआई हरमनप्रीत कौर करेंगी तथा उप कप्तान स्मृति मंधाना होंगी।

हाल में श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में महिला वनडे में सबसे तेज 500 रन बनाकर इतिहास रचने वाली युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को 50 ओवर की टीम में शामिल किया गया है। प्रतिका ने इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने नौ पारियों में 500 वनडे रन बनाए थे जबकि भारतीय खिलाड़ी ने आठ मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। इंग्लैंड का दौरा पांच टी20 मैच के साथ शुरू होगा और उसके बाद 15 जुलाई से साउथम्प्टन, लंदन और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी में विजेता को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

दुबई। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के विजेताओं को पिछले चरण में दी गई पुरस्कार राशि से अधिक राशि मिलेगी जो अब बढ़कर 36 लाख डॉलर हो गई है। यह राशि पिछले चरण में दी गई पुरस्कार राशि से दोगुनी से भी ज्यादा है। ऑस्ट्रेलिया को 2023 में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के लिए 16 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। अब 2025 फाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लार्ड्स पर 11 जून से खेला जाएगा। फाइनल में हारने वाली टीम को 21 लाख डॉलर मिलेंगे जबकि पिछले दो चरणों के उपविजेता को 800,000 डॉलर मिले थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है क्योंकि यह नौ टीम की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू श्रृंखला जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत में बनाये जा सकते हैं ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर

नयी दिल्ली। कारपोरेट भागीदारी से देश में ओलंपिक केंद्रों की स्थापना की खेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में भारतीय क्रिकेट बोर्ड भी दो से तीन ओलंपिक खेलों का जिम्मा उठाने को तैयार है और इस योजना पर इस साल काम शुरू हो जायेगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बृहस्पतिवार को हुई बैठक में बीसीसीआई ने यह प्रस्ताव रखा। बैठक में कारपोरेट जगत के 58 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया , ओलंपिक खेलों के विकास के लिये कारपोरेट जगत की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये हुई अहम बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलंपिक केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया।

खेलो इंडिया बीच गेम्स दीयू में 19 से 24 तक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन दीयू में 19 से 24 मई के बीच किया जायेगा जिसमें 36 प्रदेशों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। पहली बार खेलो इंडिया की खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास योजना के तहत इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मीडिया को बताया कि बीच गेम्स की लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढाने के लिये खेलो इंडिया योजना के तहत इनका आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा इसमें छह प्रतिस्पर्धी खेल बीच फुटबॉल , बीच वॉलीबॉल, बीच सेपक टेकरॉ, बीच कबड्डी, पेंसाक सिलाट और ओपन वॉटर तैराकी को शामिल किया गया है। इसके अलावा दो नुमाइशी खेल मलखम्ब और रस्साकशी भी होंगे। इसमें ओपन आयुवर्ग में स्पर्धायें होंगी जिनके लिये खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या अन्य उपयुक्त स्पर्धाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर खेलों की तकनीकी संचालन समिति द्वारा या मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

पिछली बार जनवरी 2024 में दीयू में बीच खेल आयोजित किये गए थे जिसमें 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 1127 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस बार खेलों का शुभंकर पर्ल डॉल्फिन है और इसकी टैगलाइन खेल के सितारे , दीयू के किनारे दी गई है।

डायमंड लीग : दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा, जेना भी दौड़ में

दोहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैम्पियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा।

ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87 . 54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76 . 31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88 . 38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86 . 62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैम्पियन चेक गणराज्य के जान जेलेंजी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा , कतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं। मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिये शब्द नहीं हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89 . 94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेंजी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98 . 48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारूल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे। चोपड़ा, पीटर्स, येगो, डीन और जेना को 24 मई को बेंगलुरू में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलना था लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। चोपड़ा इसके बाद पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंकी स्मृति टूर्नामेंट खेलेंगे। वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

अरशद नदीम पर नीरज चोपड़ा ने कहा, हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे

दोहा। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर अपशब्दों का सामना करना पड़ा था क्योंकि इस स्टार एथलीट ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि यह अब स्थगित हो चुकी है।

गुजरात को प्ले-ऑफ में खलेगी बटलर की कमी

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड के टी20 स्टार खिलाड़ी जोस बटलर गुजरात टाइटन्स के आखिरी तीन लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) प्ले-ऑफ उनके देश की 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान ही होंगे।

गुजरात टाइटन्स 11 मैच में 16 अंक के साथ लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमों में शामिल रहेगी क्योंकि उसके दिल्ली कैपिटल्स (18 मई), लखनऊ सुपर जायंट्स (22 मई) और चेन्नई सुपर किंग्स (25 मई) के खिलाफ तीन मैच बचे हैं। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के कुसल मेंडिस प्ले-ऑफ चरण के दौरान बटलर की जगह लेंगे। इंग्लैंड के अन्य मुख्य खिलाड़ियों में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मोईन अली के अलावा जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), सैम करन और जेमी ओवरटन (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) भी वापस नहीं आ रहे हैं। हालांकि लियाम लिविंगस्टोन ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ टूर्नामेंट के बचे हुए हिस्से के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हो रहे हैं। पता चला है कि मोईन अली चोट से जूझ रहे हैं। बुधवार को पीटीआई ने बताया था बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का आईपीएल में खेलना संदिग्ध बना हुआ है जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें जेक फ्रेजर मैकगुर्क के जगह शामिल किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर को अभी तक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड

केकेआर के लिए नहीं लौटेंगे मोईन अली

(बीसीबी) से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिला है और वह इस समय 17 से 30 मई के बीच संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलने के लिए यूएई में हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता का उल्लघंन नहीं किया जा सकता है जिससे यह देखना दिलचस्प होगा कि बीसीबी मुस्तफिजुर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अनुपस्थिति को मंजूरी देता है या नहीं। हालांकि अब भी कुछ समय बचा है और दिल्ली कैपिटल्स को उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मदद से एक निश्चित समझौते पर पहुंचा जा सकता है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसेन पंजाब किंग्स टीम में फिर से शामिल होंगे। पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारी के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले बचे हुए लीग मैच में ही खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के सभी खिलाड़ियों को उनके क्रिकेट बोर्ड ने फाइनल की पूर्व तारीख के एक दिन बाद 26 मई तक वापस रिपोर्ट करने के लिए कहा था। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के निलंबित करने बाद 17 मई से फिर शुरू किया गया है जिससे अब आईपीएल फाइनल तीन जून को होगा।

डब्ल्यूटीसी में खेलने वाले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटरों को 26 मई तक रिलीज करें फ्रेंचाइजी : बीसीसीआई

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी को निर्देश दिया कि वे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में खेलने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को 26 मई तक रिलीज कर दें जिससे ये क्रिकेटर आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। टीमों को भेजे गए परामर्श में बीसीसीआई ने यह भी बताया कि वेस्टइंडीज के खिलाड़ी आईपीएल के बचे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

रोहित व कोहली के संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं : मांजरेकर

नयी दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि फैब फोर के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

मांजरेकर ने फैब फोर (सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा भारत के लिये खेलने को बेताब हैं और ऐसे हजारों युवा हैं। भारतीय टीम के लिये खेलने तक का सफर आसान नहीं है और यहां तक पहुंचने वाले वाकई प्रतिभाशाली होंगे। मांजरेकर ने कहा इसमें समय लगेगा लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। फैब फोर के जाने के बाद क्या हुआ था। हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नये सितारे आयेंगे और नये गेंदबाज भी। भारत दुनिया की आला टीमों में बना रहेगा। उन्होंने कहा मौजूदा भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम का हिस्सा थे लेकिन हम अपनी धरती पर न्यूजीलैंड से 3 . 0 से हारे और आस्ट्रेलिया में बुरी तरह हारे। इस टीम के साथ हमारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है।

शतरंज चैंपियनशिप में निहाल दूसरे स्थान पर

अल ऐन (संयुक्त अरब अमीरात)। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने बृहस्पतिवार को एशियाई व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप में अंतिम दौर में ईरान के बर्दिया दानेश्वर को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। निहाल ने दानेश्वर के बराबरी सात अंक हासिल किए, लेकिन ईरानी खिलाड़ी ने बेहतर टाईब्रेकर के साथ भारतीय खिलाड़ी से आगे रहकर खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत के बाद शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक जीतने साथ इस साल के अंत में नयी दिल्ली में होने वाले विश्व शतरंज कप में भी अपना स्थान भी पक्का किया। भारतीय प्रशंसकों के लिए एक और अच्छी खबर यह रही कि एल आर श्रीहरि ने अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 86वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्हें ग्रैंडमास्टर बनने में एक साल से थोड़ा अधिक समय लगा। श्रीहरि हमवतन जीएम पी इनियान के खिलाफ अंतिम दौर में हार गए। जी बी हर्षवर्धन ने भी जीएम नॉर्म हासिल किया और छह अंक के साथ टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रहे। एस एल नारायणन ने रूस के इवान जेमल्यान्स्की के साथ ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ विश्व कप में जगह बनाई। महिला वर्ग में वंतिका अग्रवाल मंगोलिया की मुंगुनजुल बैट-एर्डीन को हराने के बावजूद पोडियम फिनिश से चूक गईं।

सैफ अंडर-19 भारत की नजरें लय जारी रखने पर

एजेंसी

यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)। भारतीय अंडर-19 फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां होने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में मालदीव के खिलाफ जीत की लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नेपाल और बांग्लादेश भी इसी दिन पहले सेमीफाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। भारत ने ग्रुप बी के अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों श्रीलंका (8-0) और नेपाल (4-0) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया और मालदीव से भिड़ने के लिए तैयार है जो ग्रुप ए में जीत दर्ज किए बिना भी अजेय रहा।

मालदीव ने ग्रुप ए में बांग्लादेश और भूटान के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके बावजूद मालदीव ने दोनों मुकाबलों में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शानदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा, मालदीव ने अपने दोनों मैचों में शानदार जज्बा दिखाया है और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ड्रॉ खेला। जिससे पता चलता है कि वे आसानी से हार नहीं मानते। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान अपनी ताकत के अनुसार खेलने पर लगा होगा। नॉकआउट मैचों में दूसरा मौका नहीं मिलता। इसमें आर या पार होता है। लेकिन अगर इतिहास देखें तो सैफ पुरुष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में

मालदीव के खिलाफ भारत का जीत का रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम ने उसके खिलाफ पिछले सभी नौ मुकाबलों में जीत हासिल की है जिसमें सबसे ताजा जीत पिछले साल सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में 3-0 से मिली है।

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए साउदी को विशेषज्ञ सलाहकार नियुक्त किया

लंदन। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे जो अगले बृहस्तिवार से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट होगा। छत्तीस वर्षीय साउदी ने 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट, 161 वनडे मैच में 221 विकेट और 126 टी20 मैच में 164 विकेट हासिल किए हैं। ईसीबी ने एक बयान में कहा दुनिया भर में विभिन्न परिस्थितियों और सभी प्रारूपों में खेलने के अपने विशाल अनुभव के साथ वह खिलाड़ियों को अहम जानकारी प्रदान करेंगे।

शांति प्रयासों को लेकर गंभीर नहीं है रूस

शांति वार्ता के लिए तुर्किये पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, पुतिन अनुपस्थित

इस्तांबुल। रूस का एक प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तुर्किये के शहर इस्तांबुल पहुंच गया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वहीं राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के नेतृत्व में यूक्रेन का एक प्रतिनिधिमंडल भी तुर्किये की राजधानी अंकारा पहुंच चुका है, जिसमें कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हैं। इस बयान के बाद पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने रूस की आलोचना की और कहा कि वह शांति प्रयासों को लेकर गंभीर नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन के करीबी व्लादिमीर मेदिंस्की रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे, जिसमें तीन अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे।

पुतिन ने वार्ता के लिए चार अधिकारियों को विशेषज्ञों के तौर नियुक्त किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पुतिन को तुर्किये में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती दी थी। जेलेंस्की ने कहा था कि वह तुर्किये की राजधानी अंकारा पहुंचकर तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन से मुलाकात करेंगे और पुतिन का इंतजार करेंगे। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव, विदेश मंत्री एंड्री सीबिहा और यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री येरमक शामिल हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने तुर्किये में अलग से हो रही उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक में कहा, अब, तीन साल की भारी पीड़ा के बाद, अंततः एक अवसर आया है। इस्तांबुल में होने वाली वार्ता से एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोल्याक ने कहा कि जेलेंस्की केवल पुतिन के साथ ही वार्ता की मेज पर बैठेंगे। यूक्रेन के अधिकारी के अनुसार, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल रूस के प्रतिनिधिमंडल से कब और कहां मिलेगा, इस बारे में विवरण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन जेलेंस्की और अर्दोआन की मुलाकात के बाद यह स्पष्ट होने की उम्मीद है। यूरोपीय देश फिनलैंड की विदेश मंत्री एलिना वाल्टोनेन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सम्मेलन के लिए तुर्किये के ही शहर अंताल्या में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस गंभीर शांति प्रक्रिया में शामिल होने का इच्छुक नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास एक कुर्सी खाली है, जो व्लादिमीर पुतिन की कुर्सी है। इसलिए अब मुझे लगता है कि पूरी दुनिया को एहसास हो गया है कि केवल एक ही पक्ष है जो गंभीर शांति वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है, और वह निश्चित रूप से रूस है। तुर्किये में मौजूद फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां नोएल बैरेट ने भी वाल्टोनेन की बात का समर्थन करते हुए कहा, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के सामने एक खाली कुर्सी है, जिस पर व्लादिमीर पुतिन को बैठना चाहिए था। व्लादिमीर पुतिन अपने कदम पीछे खींच रहे हैं और सभी साक्ष्यों से पता चलता है कि वह इन शांति वार्ताओं में शामिल नहीं होना चाहते।

पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेंगे: जयशंकर



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ भारत का संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेगा और इस संबंध में कई वर्षों से राष्ट्रीय सहमति बनी हुई है और इसमें कतई कोई बदलाव नहीं होगा।

जयशंकर ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले के दोषियों को जवाबदेह ठहराने की जरूरत पर बल दिया था और सात मई की सुबह हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन्हें जवाबदेह ठहराया। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह-सात मई की रात को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए थे, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। पाकिस्तान की कार्रवाई का भारतीय पक्ष द्वारा कड़ा जवाब दिया गया था। दोनों पक्षों ने 10 मई को अपराह्न में सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद सैन्य कार्वाइयों को रोकने पर सहमति की घोषणा की थी। जयशंकर ने कहा कि मेरे लिए चीजें बिल्कुल स्पष्ट हैं। इसलिए, मैं इस मौके पर अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, हमारे संबंध, उनके साथ पूरी तरह से द्विपक्षीय रहेंगे। कई वर्षों से यह राष्ट्रीय सहमति है और इस सहमति में कोई बदलाव नहीं आया है कि पाकिस्तान के साथ संबंध द्विपक्षीय होंगे। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात बहुत स्पष्ट कर दी है कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल आतंकवाद पर ही होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसे सौंपे जाने की जरूरत है। उन्हें आतंकवादी बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा, वे जानते हैं कि क्या करना है। आतंकवाद पर क्या किया जाना है।

संक्षेप

बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है: भारत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस 2025 के मौके पर कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मतभेदों से ऊपर उठने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और अनिश्चितता के मौजूदा समय में मार्गदर्शक हो सकती हैं। हरीश ने वेसाक के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के सह-मेजबान थाईलैंड और श्रीलंका के स्थायी मिशनों को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे हमारे क्षेत्र के देशों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध मजबूत होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा मानवता की आध्यात्मिकता के प्रति समझ में बौद्ध धर्म के योगदान को स्वीकार करने के लिए वेसाक दिवस को मान्यता देती है। वेसाक को भारत में बुद्ध जयंती या बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है और यह वह दिन है जिस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। हरीश ने बुधवार को कहा कि बुद्ध का संयम बरतने का सिद्धांत आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के अनिश्चितता के समय में मार्गदर्शक हो सकती हैं। बुद्ध की शिक्षाएं सरल और गहन हैं, जो हमें अपने मतभेदों से ऊपर उठने तथा प्रेम और दया के सार्वभौमिक बंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक लड़ाई जारी रहेगी: राहुल गांधी

दरभंगा (बिहार)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है। हम इस संबंध में सरकार पर दबाव बनाएंगे... हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह हासिल नहीं हो जाता। गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, यह सरकार दलितों, अति पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना के लिए तेलंगाना मॉडल का पालन करे। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र को यह काम उसी तरह करना चाहिए जिस तरह तेलंगाना सरकार ने किया है। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों से बातचीत करने की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद गांधी परिसर में घुसने में कामयाब रहे और उन्होंने छात्रों से बातचीत की।

वन भूमि की स्थिति की हो जांच : कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को यह पता लगाने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का निर्देश दिया कि क्या कोई आरक्षित वन भूमि गैर-वानिकी उद्देश्यों के लिए किसी निजी पक्ष को आवंटित की गई है।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को ऐसी भूमि का कब्जा वापस लेने और उसे वन विभाग को सौंपने के लिए कदम उठाने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि अगर यह पाया जाता है कि भूमि का कब्जा वापस लेना व्यापक जनहित में नहीं होगा, तो राज्योंकेंद्र-शासित प्रदेशों की सरकारों को उक्त भूमि की कीमत उन व्यक्तियों/संस्थाओं से वसूलनी चाहिए, जिन्हें वह भूमि आवंटित की गई है तथा प्राप्त राशि का इस्तेमाल वनों के विकास के लिए करना चाहिए। पीठ ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र-शासित प्रदेशों के प्रशासकों को विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे सभी हस्तांतरण आज से एक साल के भीतर हो जाएं। उसने स्पष्ट किया कि ऐसी भूमि का इस्तेमाल केवल वनरोपण के लिए किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि हम सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और सभी केंद्र-शासित प्रदेशों के प्रशासकों को यह जांच करने के लिए विशेष जांच दल गठित करने का निर्देश देते हैं कि क्या राजस्व विभाग के स्वामित्व वाली आरक्षित वन भूमि को वानिकी उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किसी निजी व्यक्तिासंस्था को आवंटित किया गया है।

गाजा में हवाई हमले में पत्रकार, एक ही परिवार के 12 सदस्य समेत 54 की मौत

खान यूनिस। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस में बृहस्पतिवार तड़के हुए हवाई हमलों में 54 लोगों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस के कैमरामैन ने 10 हवाई हमलों की पुष्टि की और उसने बताया कि शवों को टुकड़ों में अस्पताल लाया गया। मृतकों में अल अराबी टीवी के पत्रकार हसन समूर और उनके परिवार के 11 अन्य सदस्य शामिल हैं।

यह लगातार दूसरा दिन था जब गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में जबरदस्त बमबारी हुई। इजराइली सेना की ओर से इन हमलों पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्य पूर्व की यात्रा पर हैं, हालांकि वह इजराइल नहीं जाएंगे। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में हमास को खत्म करने के लिए बल का प्रयोग तेज करने का संकल्प लिया है। अंतरराष्ट्रीय संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने इस योजना को नरसंहार जैसा बताया है। गाजा में अब तक करीब 53,000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है और करीब पांच लाख लोग भुखमरी के कगार पर हैं।

हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए लगभग 250 लोगों में से 58 लोगों को अभी भी बंधक बना रखा है, जिनमें से 23 के अब भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि इजराइली अधिकारियों ने उनमें से तीन की स्थिति के बारे में संदेह व्यक्त किया है।

कतर में ट्रंप ने किया भारत-पाक में तनाव खत्म करने में मदद का दावा

दोहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म करने में मदद की। कतर में अल-उदीद वायुसेना अड्डे पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि ...वैसे तो मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने ऐसा किया, लेकिन मैंने पिछले हफ्ते पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव खत्म करने में निश्चित रूप से मदद की, जो लगातार बढ़ता जा रहा था।

उन्होंने कहा कि अचानक आपको अलग तरह की मिसाइल (दोनों देशों में तनाव) नजर आती हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने इसे (तनाव को) खत्म करने में मदद की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे उम्मीद है कि जब मैं दो दिन बाद यहां से जाऊंगा तो मुझे यह सुनने को नहीं मिलेगा कि यह बरकरार है, हालांकि मुझे लगता है कि समाधान हो चुका है। पिछले शनिवार के बाद से यह छठी बार है, जब ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका की मध्यस्थता में भारत और पाकिस्तान संघर्ष-विराम के लिए राजी हुए। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ऑपरेशन सिंदूर चलाकर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले किए। भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी कार्रवाई की। दोनों देशों में 10 मई को सैन्य कार्वाई को तत्काल प्रभाव से पूर्ण रूप से रोकने की सहमति बनी। भारत सरकार के सूत्र लगातार कह रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति बनी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस कवायद में कोई तीसरा पक्ष शामिल नहीं था। कतर में अमेरिकी सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार के बारे में बात की। चलिए, युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान इससे बहुत खुश था, भारत भी इससे बहुत खुश था।

नाटो रक्षा व्यय बढ़ाने की अमेरिकी मांग पर कर रहा विचार

अंताल्या (तुर्किये)। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विदेश मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को अमेरिका की इस मांग पर चर्चा की कि अगले सात वर्षों में रक्षा व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत तक बढ़ाया जाए, क्योंकि अमेरिका यूरोप के बाहर सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। तुर्किये के अंताल्या में आयोजित वार्ता में नाटो महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि रूस और आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए अधिक निवेश और सैन्य उपकरणों की आवश्यकता है, साथ ही चीन से भी निपटने की जरूरत है, जो अमेरिका की चिंता का केंद्र बन गया है।

इंटरटेनमेंट...

दादासाहेब फाल्के पर फिल्म बनायेंगे आमिर व राजकुमार

मुंबई। दादासाहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है। उन्होंने भारत में फिल्मों की शुरूआत की थी। उनकी याद में सबसे बड़ा फिल्म पुरस्कार 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' रखा गया है। उनका जीवन और फिल्मों का सफर बहुत दिलचस्प रहा है। अब उनकी कहानी पर एक फिल्म बनने जा रही है। आमिर खान और राजकुमार हिरानी मिलकर दादा साहेब फाल्के की जिंदगी पर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाली है।

आमिर खान अपनी फिल्म 'तारे जमीन पर' की रिलीज के तुरंत बाद इस नई फिल्म में अपने किरदार की तैयारी शुरू कर देंगे। लॉस एंजिलिस के वीएफएक्स स्टूडियो ने फिल्म की कहानी के समय और माहौल को ध्यान में रखते हुए एडवांस अक डिजाइन पहले ही तैयार कर लिए हैं। इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर राजकुमार हिरानी, अभिजात जोशी और दो लेखक हिंदुकुश भारद्वाज और अविष्कार भारद्वाज पिछले चार साल से लगातार काम कर रहे हैं।

दादासाहेब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादासाहेब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं भी शेयर की हैं। इसके अलावा, यह फिल्म राजकुमार हिरानी और आमिर खान की जोड़ी का नया प्रोजेक्ट है, जिन्होंने '3 इडियट्स' और 'पीके' जैसी कल्ट क्लासिक्स और सबसे बड़ी हिट फिल्में दी हैं। ऐसे में यह प्रोजेक्ट भारतीय एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट करने की तैयारी में है। बता दें कि अब तक हिंदी सिनेमा में किसी ने भी दादा साहेब फाल्के और भारतीय सिनेमा की शुरूआत की कहानी को बड़े पर्दे पर नहीं दिखाया है।

फिल्म एसोसिएशन का पाक समर्थक तुर्की-अजरबैजान पर बड़ा फैसला

मुंबई। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के माहौल के बीच ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया है। एआईसीडब्ल्यूए का कहना है कि इन दोनों देशों का रवैया भारत के खिलाफ है। इसलिए अब उनसे जुड़ी किसी भी फिल्मी गतिविधि में भाग नहीं लिया जाएगा। इस फैसले को देशभक्ति और एकजुटता का प्रतीक बताया गया है। एआईसीडब्ल्यूए ने सरकार के हर कदम के साथ खड़े रहने की बात भी कही है। एआईसीडब्ल्यूए ने सरकार से इन देशों के सभी कलाकारों का वीजा रद्द करने की भी मांग की है। साथ ही भविष्य में वीजा न देने की अपील भी की है। इंडस्ट्री के लिए कड़ा संदेश एआईसीडब्ल्यूए ने बॉलीवुड और सभी क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्री से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी कलाकार या निमार्ता तुर्की और अजरबैजान में शूटिंग के लिए न जाए।

> न वहां शूटिंग हो और न वहां के कलाकारों को भारत का वीजा मिले

इन देशों से प्रायोजित किसी भी कार्यक्रम या इवेंट में हिस्सा न लें। तुर्की और अजरबैजान के कलाकारों या फाइनेंसर के साथ कोई भी प्रोजेक्ट न करें। सरकार से बड़ी मांग साथ ही एआईसीडब्ल्यूए ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मांग करते हुए कहा है कि तुर्की और अजरबैजान के सभी कलाकारों के वीजा तुरंत रद्द किए जाएं। आगे भी इन देशों के किसी भी फिल्मी शख्स को वीजा न दिया जाए।

टीनू आनंद के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत

मुंबई। शहंशाह, कालिया, चमत्कार जैसी सैकड़ों फिल्मों में नजर आ चुके सीनियर एक्टर टीनू आनंद के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। हाल ही में घर लौटते हुए कुत्तों के भौंकने से परेशान होकर टीनू आनंद ने कुत्तों को हॉकी स्टिक से मारने की बात कही थी।

साथ ही उन्होंने कहा था कि जो भी डॉक लवर्स हैं, वो आवारा कुत्तों को घर ले जाएं या फिर उनका एक्शन देंखें। सोशल मीडिया पर हाल ही में टीनू आनंद का एक मैसेज वायरल हो गया जिसमें लिखा गया था, मैं भयानक शूटिंग के बाद घर वापस आया हूं जहां मुझ पर एक डरावना कुत्ता भौंक रहा है और मुझे नहीं पता कि वो किसे काटने वाला है। चुनौती स्वीकार करिए, उनका सामना करने के लिए हॉकी स्टिक रखो।

> कुत्तों को हॉकी स्टिक से पीटने की बात कही थी

इरफान खान का वीडियो वॉयरल

मुंबई। भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच दिवंगत एक्टर इरफान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक पाकिस्तानी जर्नलिस्ट एक्टर से पाकिस्तान आने को लेकर सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। जवाब में इरफान कुछ ऐसा कहते हैं, जो इंटरनेट यूजर्स को खूब भा रहा है। वायरल वीडियो में पत्रकार इरफान से कहते हैं 'हैलो इरफान भाई।

मैं लाहौर से हूं। पाकिस्तान में आपकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। मैं चाहता हूं कि आप कभी पाकिस्तान आएं। यह बहुत खुशी की बात होगी। पत्रकार की बात काटते हुए इरफान कहते हैं, 'मैं आ तो जाउंगा, वापस आऊंगा की नहीं?' इरफान के इतना कहते ही पाकिस्तानी पत्रकार समेत वहां मौजूद ऑडियंस भी हंसने लगती है। इरफान के जवाब पर पाकिस्तानी पत्रकार कहते हैं कि आप बिल्कुल वापस आएंगे। इरफान के हाजिर जवाब अंदाज पर फैंस कमेंट कर रहे हैं। अवतार सिंह नाम के एक यूजर ने लिखा- ह्यगजब का जवाब, वरना अभी के हीरो के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकलता है। अनुदेश सिंह नामक के यूजर लिखते हैं इसलिए पान सिंह तोमर आज भी दिलों पर राज करते हैं। अमित शर्मा लिखते हैं।

इस वजह से मैं इस आदमी से प्यार करता हूं। पिछले साल द लल्लनटॉप के साथ एक इंटरव्यू में, अभिनेता शशांक अरोड़ा ने फिल्म 'द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स' के सेट से इरफान से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा बताया। इस फिल्म में इरफान ने मुख्य भूमिका निभाई थी, साथ में ईरानी अभिनेत्री गोलशिफेथ फरहानी और शशांक अरोड़ा भी थे। अरोड़ा ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान इरफान उनसे भारत-पाकिस्तान सीमा पर 'पतंग उड़ाने'के लिए साथ चलने को कहते थे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K